तापमान अधिकतम :31°C न्यूनतम: 21°C
सेंसेक्स 77,044.29
निफ्टी 23,437.20
सोना 97,500
चांदी 1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, गुरुवार 17 अप्रैल 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 95 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 5 विक्रमी सम्वत् 2082 18 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### चीन के 125 प्रतिशत के जवाब में ट्रम्प का 245 प्रतिशत टैरिफ

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### वानखेड़े में अब रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

25 राज्यों में आंधी-तूफान का अलर्ट, बिहार-झारखंड में ज्यादा खतरा

## गर्मी का 80 साल का रिकॉर्ड टूटा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बुधवार को देश के 25 राज्यों में आंधी-बारिश का अनुमान लगाया है। बिहार, असम और ओडिशा में तेज बारिश की आशंका है। झारखंड, ओडिशा और मेघालय में ओले भी गिर सकते हैं।

मौसम विभाग ने बताया कि 15 अप्रैल श्रीनगर का बीते 80 सालों में सबसे ज्यादा गर्म दिन था। शहर का तापमान सामान्य से 10.2 डिग्री ज्यादा 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। श्रीनगर में इस वक्त औसत तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस रहता है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी में इससे पहले 20 अप्रैल, 1946 को सबसे ज्यादा तापमान 31.1 डिग्री दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि 15 अप्रैल को कश्मीर घाटी के अलग-अलग इलाकों में तापमान सामान्य से 8.1 से 11.2 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं, राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा। जिले का तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों में तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया है। इधर, हिमाचल में ओलावृष्टि-तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। यहां के 4 जिलों में भारी बारिश भी हो सकती है। अगले 5 दिन राज्य में मौसम खराब बना रहेगा। हरियाणा में बूंदाबांदी की संभावना है, जिससे तापमान में गिरावट आएगी। बिहार के 22 जिलों में बारिश-आंधी का येलो अलर्ट



- राजस्थान का बाड़मेर लगातार दूसरे दिन देश में सबसे गर्म रहा तापमान 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, दो नक्सली मारे गए

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव-नारायणपुर सीमा पर बुधवार सुबह हुई मुठभेड़ में दो कट्टर नक्सली मारे गए तथा सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के कब्जे से एके-47 और दोनो नक्सलियों के शव बरामद कर लिए हैं। क्षेत्र में खोजी अभियान जारी है। छत्तीसगढ़ के सुरक्षा बलों को सूचना मिली थी कि कुछ नक्सलियों की कोंडागांव-नारायणपुर सीमा पर आमद देखी गई है, जिसमें सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की घेराबंदी की, जिसमें बुधवार सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें सुरक्षा बलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया। आईजी बस्तर पी. सुंदरराज ने बताया कि मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पूर्वी बस्तर डिवीजन के डिविजनल कमेटी सदस्य हलदर और एरिया कमेटी सदस्य रामे को मार गिराया है और उनके शव बरामद कर लिया है।

## कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई के खिलाफ किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने नेशनल हेराल्ड से जुड़े कथित धन शोधन मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किए जाने के विरोध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के खिलाफ बुधवार को यहां प्रदर्शन किया।

पार्टी महासचिव सचिन पायलट ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कोई तथ्य नहीं है और ईडी की कार्रवाई 'राजनीति से प्रेरित' है। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार के पास कोई सबूत नहीं है और वह केवल विपक्ष की छवि खराब करने की कोशिश कर रही है। इसके अलावा, कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने पूरे मामले को भाजपा द्वारा रची गई 'साजिश' करार दिया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि भाजपा डर के कारण प्रतिशोध की और ओच्छी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी भाजपा के दुष्प्रचार को अदालत में चुनौती देगी।

### कांग्रेस घोटालेबाज़ों का महिमामंडन न करे : भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कांग्रेस की देश भर में प्रवर्तन निदेशालय एवं सीबीआई के दफ्तरों पर धरना प्रदर्शन की घोषणा पर तीखी प्रतिक्रिया जताई है और पूछा है कि कांग्रेस को कानून को अपना काम करने देना चाहिए और घोटालेबाज़ों का महिमामंडन नहीं करना चाहिए। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बुधवार को यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में कहा कि कांग्रेस पार्टी बहुत परेशान है और देशभर में धरना देने की बात कर रही है। धरना देने का अधिकार उनका है, लेकिन जमीन और फंड लूटने का अधिकार उन्हें (कांग्रेस को) नहीं है। श्री प्रसाद ने कहा कि नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र 1937 में शुरू किया गया था। इसमें 5 हजार शेयर होल्डर्स थे, ये नेहरू खानदान की जागीर कभी नहीं रही है।

### यूपी के सभी जिलों में खुलेंगे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यालय

**लखनऊ।** उप्र के सभी जिलों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दफ्तर खोले जाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के पुनर्गठन की आवश्यकता जताई है। उन्होंने कहा है कि 1995 में गठन के बाद से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की गतिविधियों, क्षेत्र, कार्यप्रकृति में व्यापक परिवर्तन आ चुका है। बदलते समय की आवश्यकताओं के दृष्टिगत इनमें बदलाव किया जाना चाहिए। बुधवार को उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश के 75 जिलों में 28 क्षेत्रीय कार्यालय हैं। इन्हें 18 मंडलों पर पुनर्गठित किया जाए, साथ ही, प्रत्येक जिले में एक-एक कार्यालय स्थापित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मंडलों में औद्योगिक गतिविधियां अधिक हैं, वहां एक से अधिक क्षेत्रीय कार्यालय बनाए जा सकते हैं।

### पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास पर सम्मेलन में 80 देशों के राजनयिक हुए शामिल

**नई दिल्ली।** सरकार ने विदेशी उद्यमियों को देश के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में कारोबार और आर्थिक सहयोग में भाग लेने के लिए आकर्षित करने के उद्येश्य से भारत में स्थित विदेशी राजनयिक मिशनों से उस क्षेत्र में कारोबार की संभावनाओं और अवसरों का पता लगाने का आह्वान किया है। उत्तर-पूर्वी अंचल के कारोबार और विकास में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने और वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य राजधानी में आयोजित बैठक में 80 से अधिक देशों के राजदूतों, उच्चायुक्तों और वरिष्ठ राजनयिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। यह बैठक अगले माह 23-24 तारीख को आयोजित किए जा रहे पूर्वोत्तर शिखर सम्मेलन से पहले किए जाने वाले कार्यक्रमों का हिस्सा थी। बैठक को पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य मंत्री डा. सुकांत मजूमदार ने संबोधित किया। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सम्मेलन के लिए एक वीडियो संदेश भेजा था।

### भारतीय सेना ने सबसे तेज राहत और बचाव अभियान चलाया

**नई दिल्ली।** भूकंप से तबाह म्यांमार में भारतीय सेना के इतिहास का सबसे तेज राहत और बचाव अभियान चलाया गया, जिसमें 650 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी गई और सेना द्वारा स्थापित अस्थाई अस्पताल में 65 सर्जरी के साथ-साथ ढाई हजार से अधिक मरीजों का उपचार किया गया। भारत ने म्यांमार में राहत और बचाव अभियान के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया था और इस सफल ऑपरेशन के बाद भारतीय सेना का दल मंगलवार देर शाम स्वदेश लौट आया। स्वदेश वापसी के बाद सेना की 50 पैराशूट ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर नवीन कुमान ने वायु सेना स्टेशन हिंडन पर मीडिया को बताया कि यह सेना के इतिहास का अब तक का सबसे तेज राहत और बचाव अभियान था।

# हिंसा पर चिंता के बीच वक्फ कानून पर सुनवाई आज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई की, जो गुरुवार को भी जारी रहेगी। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई गुरुवार (आज) तक के लिए स्थगित कर दी। पीठ ने कहा कि वह गुरुवार को भी इस मामले में सुनवाई करेगी।

सीजेआई खन्ना ने बुधवार की सुनवाई के अंत में वक्फ कानून में संशोधन के खिलाफ पश्चिम बंगाल में पिछले दिनों भड़की हिंसा पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, राजीव धवन, एएम सिंघवी और सीयू सिंह ने याचिकाकर्ताओं की ओर से दलीलें दीं। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलीलें दीं। शीर्ष अदालत के समक्ष बहस की शुरुआत श्री सिब्बल ने की। उन्होंने अनुच्छेद 25 और 26 का हवाला देते हुए कहा कि वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान में मुस्लिम आस्था के आवश्यक और अभिन्न पहलुओं में हस्तक्षेप करता है। उन्होंने प्रस्तुत किया कि संशोधित प्रावधानों में 'कानून के अनुसार' वाक्यांश आवश्यक धार्मिक प्रथाओं को कमजोर करता है और विधायी अतिक्रमण के लिए द्वार खोलता है। न्यायालय ने निर्देश दिया कि चुनौतियों को बिंदुवार प्रस्तुत किया जाए। इस पर श्री सिब्बल ने धारा 3(आर) के प्रावधान को चुनौती देकर शुरुआत की, 'यह उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को तब तक बने रहने की अनुमति देता है, जब तक कि विवाद न हो या सरकार द्वारा दावा न किया जाए।' इसके बारे में उन्होंने तर्क दिया कि यह वक्फ के सार को कमजोर करता है। धारा 3ए (2): यह प्रावधान, जो वक्फ-अल-औलाद और महिलाओं को विरासत से संबंधित है, श्री सिब्बल ने सवाल किया कि 'इस्लामिक विरासत में हस्तक्षेप करने वाला राज्य कौन है, जो केवल मृत्यु के बाद प्रभावी होता है?' इस पर मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हिंदू समुदायों के लिए समान कानून मौजूद हैं और अनुच्छेद 26 धर्मनिरपेक्ष है और सभी धर्मों पर लागू होता है। फिर श्री सिब्बल ने धारा 3सी को भी चुनौती दी। अधिनियम के लागू होने के बाद सरकार द्वारा पहचानी गई संपत्तियों को अब वक्फ नहीं माना जाएगा। धारा 3सी(2): सरकार को बिना किसी निर्धारित समयसीमा के ऐसी संपत्तियों को एकतरफा घोषित करने की अनुमति देता है, जिसे उन्होंने असंवैधानिक बताया। संरक्षित स्मारकों पर प्रावधान को लेकर उन्होंने तर्क दिया -शेष पृष्ठ दो पर

- सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू
- वक्फ संशोधन अधिनियम संविधान में मुस्लिम आस्था के आवश्यक और अभिन्न पहलुओं में हस्तक्षेप करता है: सिब्बल



### भाषा का धर्म नहीं होता, उर्दू को मुसलमानों की भाषा मानना गलत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के अकोला जिले के पाटुर नगर परिषद के बोर्ड पर मराठी के साथ उर्दू भाषा के उपयोग को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भाषा का धर्म नहीं होता और उर्दू को केवल मुसलमानों की भाषा मानना सच्चाई और भारत की विविधता की एक दुर्भाग्यपूर्ण गलतफहमी है। यह याचिका पूर्व नगर सेविका वर्षाताई संजय बगाड़े ने दायर की थी, जिसमें कहा गया था कि नगर परिषद का कार्य केवल मराठी में ही हो सकता है और उर्दू का उपयोग बोर्ड पर भी नहीं होना चाहिए। पहले यह याचिका नगर परिषद और फिर बॉम्बे हाईकोर्ट ने खारिज कर दी थी। अंत में याचिकाकर्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि भाषा किसी धर्म की नहीं, बल्कि समुदाय, क्षेत्र और लोगों की होती है।

### 52वें सीजेआई बनेंगे जस्टिस बीआर गवई

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में जस्टिस बीआर गवई के नाम की आधिकारिक सिफारिश की है। उनके नाम को मंजूरी के लिए केंद्रीय कानून मंत्रालय को भेज दिया गया है। इसके साथ ही जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई का भारत का 52वां मुख्य न्यायाधीश बनना तय हो गया है। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। मौजूदा सीजेआई संजीव खन्ना का कार्यकाल 13 मई को खत्म हो रहा है। सीजेआई खन्ना के बाद वरिष्ठता सूची में जस्टिस गवई का नाम है। इसलिए जस्टिस खन्ना ने उनका नाम आगे बढ़ाया है। हालांकि उनका कार्यकाल सिर्फ 7 महीने का होगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर दिए प्रोफाइल के मुताबिक जस्टिस गवई 24 मई 2019 को सुप्रीम कोर्ट जज के रूप में प्रमोट हुए थे। उनके रिटायरमेंट की तारीख 23 नवम्बर 2025 है। जस्टिस गवई का 24 नवम्बर 1960 को महाराष्ट्र के अमरावती में जन्म हुआ था। उन्होंने 1985 में कानूनी करियर शुरू किया। 1987 में बॉम्बे हाईकोर्ट में स्वतंत्र प्रैक्टिस शुरू की। इससे पहले उन्होंने पूर्व एडवोकेट जनरल और हाईकोर्ट जज स्वर्गीय राजा एस भोंसले के साथ काम किया। 1987 से 1990 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में वकालत की।

## नया कानून संघीय ढांचे के खिलाफ: ममता

### इंडिया समूह को इसका विरोध करना चाहिए

कोलकाता, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुधवार को नए वक्फ कानून को संघीय ढांचे के खिलाफ बताया और इंडिया समूह के घटकों से केंद्र की भाजपा नीत सरकार द्वारा पारित वक्फ संशोधन अधिनियम का एकजुट होकर विरोध करने का आग्रह किया।

सुश्री बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह कानून देश के संघीय ढांचे को 'कमजोर' करने वाला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने मौलिक अधिकारों को छीन लिया है। यह कानून संघीय ढांचे के खिलाफ है। मैं आपके माध्यम से इंडिया समूह से अपील करूंगी कि हम एकजुट हों और साहसपूर्वक मिलकर इसके खिलाफ लड़ें। यह कोई व्यक्तिगत मामला नहीं है, इसका असर हर किसी पर पड़ेगा। आज वे एक समूह को निशाना बना रहे हैं। कल वे दूसरे को निशाना बनाएंगे। इसके बाद वे समान नागरिक संहिता की बात कर रहे हैं। सुश्री बनर्जी ने नेताजी इंडोर स्टेडियम में इमामों, मुअज्जिमों और बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में बोलते हुए भाजपा पर देश के संघीय ढांचे के मूल ढांचे को नष्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डा. बीआर अंबेडकर ने पूरे देश के लिए इस संविधान का मसौदा तैयार किया था। भाजपा को यह समझना चाहिए कि यह भारत का है, किसी एक पार्टी का नहीं।



### मुर्शिदाबाद हिंसा की NIA जांच को लेकर कई याचिकाएं दायर

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय में मुर्शिदाबाद हिंसा मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) से कराए जाने को लेकर कई याचिकाएं बुधवार को दायर की गईं। न्यायालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इन याचिकाओं में हिंसा से प्रभावित परिवारों के लिए राहत शिविर स्थापित करने और विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी की ओर से हिंसा प्रभावित धुलियान का दौरा करने की अनुमति भी मांगी गई है।

## अमित शाह का भतीजा बनकर चार करोड़ ठगे

नई दिल्ली, वार्ता

**दिल्ली की** पटियाला हाउस कोर्ट ने एक हाई-प्रोफाइल ठगी के मामले में आरोपी अजय कुमार नय्यर की जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। नय्यर पर आरोप है कि उसने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का भतीजा बताकर एक कारोबारी से 3.9 करोड़ रुपये ठगे। आरोपी 10 नवम्बर 2021 से न्यायिक हिरासत में है।

एडिशनल सेशन जज (एडीजे) डा. हरदीप कौर ने सुनवाई करते हुए कहा कि आरोपों की गंभीरता और अपराध की प्रकृति को देखते हुए अदालत आरोपी को जमानत देने के पक्ष में नहीं है। इसलिए यह जमानत याचिका खारिज की जाती है। अदालत ने कहा कि आरोपी ने खुद को केंद्रीय गृह मंत्री का भतीजा बताकर शिकायतकर्ता से राष्ट्रपति भवन के नवीनीकरण के लिए 90 करोड़ रुपये का टेंडर दिलवाने का झांसा दिया और इसके बदले में शिकायतकर्ता से नकद और आरटीजीएस के माध्यम से 3.9 करोड़ रुपये लिए। सरकारी वकील ने बताया कि शिकायतकर्ता अब तक जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा है और उसने अभियोजन पक्ष के दावों की पुष्टि की है। जमानत याचिका के दौरान आरोपी के वकील ने यह दलील दी कि नय्यर 39 महीने से जेल में है, मामले की जांच पूरी हो चुकी है और चार्जशीट भी दाखिल की जा चुकी है। साथ ही यह भी बताया गया कि अन्य सह-आरोपियों को पहले ही जमानत मिल चुकी है। इस पर कोर्ट ने कहा कि सिर्फ जेल में लंबी अवधि बिताना और चार्जशीट का दाखिल हो जाना जमानत का आधार नहीं हो सकता। अदालत को इस दौरान अपराध की गंभीरता, आरोपी का व्यवहार, अपराध दोहराने की संभावना, गवाहों को प्रभावित करने या डराने का खतरा और न्याय प्रक्रिया में बाधा आने की संभावना जैसे कारकों पर भी विचार करना होता है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि आरोपी अन्य सह-आरोपियों के समान आधार पर जमानत की मांग नहीं कर सकता, क्योंकि उसका रोल उनसे अलग और ज्यादा गंभीर है।



- कोर्ट ने की आरोपी की जमानत याचिका खारिज
- 90 करोड़ का टेंडर दिलवाने का झांसा दिया, 2021 से न्यायिक हिरासत में

## नेशनल हेराल्ड जब संपत्ति व पैसे का लेन-देन नहीं हुआ, तो मनी लॉन्ड्रिंग कैसा: सिंघवी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि काले धन को वैध बनाने को लेकर जो मामला कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी तथा अन्य पर चलाया जा रहा है, वह राजनीति से प्रेरित है, क्योंकि इसमें किसी भी स्तर पर पैसे का लेनदेन नहीं हुआ है, तो फिर यह मामला मनी लॉन्ड्रिंग का कैसे हो सकता है।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब इस मामले में पैसे का लेन-देन ही नहीं हुआ है, तो मनी लॉन्ड्रिंग का मामला यह कैसे बन गया। इस तरह से यह राजनीतिक रूप से की गई बदले की भावना की कार्रवाई है और यदि ऐसा नहीं होता तो यह मामला सबसे बड़ा हास्यास्पद मामलों में से एक होता। उन्होंने कहा कि ये अजीबोगरीब केस है, जिसे मैं प्रमाणित भी करूंगा। अगर ये राजनीतिक द्वेष का उदाहरण नहीं होता, तो कानूनी रूप से हास्यास्पद होता। बिना किसी पैसे या संपत्ति के ट्रांसफर हुए कैसे ये केस मनी लॉन्ड्रिंग का मामला बन गया, यह कहानी कैसे शुरू हुई, देश को इस बारे में जानना जरूरी है। एजेएल जानी-मानी कंपनी है, जो दशकों पुरानी है। अर्थिक रूप से यह कंपनी सफल नहीं रही। उन वर्षों में अलग-अलग समय में कांग्रेस ने इस कंपनी को लोन दिया। ऐसे में कई दशक बाद ये रुपया कुल 90 करोड़ रुपये हो गया।

- सोनिया गांधी व राहुल पर चलाया जा रहा मामला राजनीति से प्रेरित

### दार्जिलिंग सांसद की सहमति के बाद वक्फ संशोधन विरोधी रैली रद्द

**दार्जिलिंग।** दार्जिलिंग के सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्टा ने फुलबाड़ी में प्रस्तावित वक्फ संशोधन अधिनियम विरोधी रैली के रद्द होने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि बुद्धिमत्ता की जीत हुई है और प्रशासन ने समय रहते हस्तक्षेप कर क्षेत्र की शांति को बचा लिया है। उन्होंने राज्य प्रशासन और सिलीगुड़ी के मेयर गौतम देव के इस निर्णय की सराहना की, जिससे सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डूआर्स जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में साम्प्रदायिक सौहार्द बना रहेगा। हालांकि, श्री बिष्टा ने चिंता व्यक्त की कि लाइव प्रसारण के दौरान फुलबाड़ी जामा मस्जिद के इमाम द्वारा यह दावा किया गया कि मेयर ने भविष्य में इस रैली को अनुमति देने का आश्वासन दिया है। इसे लेकर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस की यह दोहरी नीति - एक ओर रैली को रद्द करना और दूसरी ओर भविष्य में अनुमति देने का आश्वासन देना - क्षेत्र की जनता के लिए अस्वीकार्य है। राजू बिष्टा ने वक्फ संशोधन अधिनियम का समर्थन करते हुए कहा कि यह कानून वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को अधिक पारदर्शी, लोकतांत्रिक और समावेशी बनाने के उद्देश्य से लाया गया है।

## सफर के दौरान रेल यात्री अब निकाल सकेंगे कैश

### मुंबई-मनमाड रूट पर पंचवटी एक्सप्रेस बनी देश की पहली एटीएम वाली ट्रेन

**मुंबई।** मुंबई-मनमाड के बीच चलने वाली पंचवटी एक्सप्रेस देश की पहली ऐसी ट्रेन बन गई है, जिसमें एटीएम मशीन लगाई गई है। इस सुविधा की शुरुआत भारतीय रेलवे के इनोवेटिव एंड नॉन-फेयर रेवेन्यू आइडियाज स्कीम के तहत की गई है। यह एटीएम ट्रेन के एसी कोच में लगाया गया है और इसका पायलट रन भी पूरा कर लिया गया है।

अब यात्री ट्रेन में सफर करते हुए भी कैश निकाल सकेंगे, जिससे खास तौर पर लंबे सफर के दौरान उन्हें बड़ी सुविधा मिलेगी। यह एटीएम भुसावल रेलवे मंडल और बैंक ऑफ महाराष्ट्र की साझेदारी से लगाया गया है। हालांकि, इगतपुरी से कसारा के बीच कुछ जगहों पर नेटवर्क की थोड़ी दिक्कत देखी गई, लेकिन पूरे सफर में मशीन ने अच्छी तरह काम किया। एटीएम के लिए ट्रेन में पूरा नेटवर्क सिस्टम लगाया गया है। जिससे उसकी कनेक्टिविटी बनी रहे। भुसावल मंडल की मंडल रेल प्रबंधक इति पांडे ने बताया कि एटीएम के ट्रायल के परिणाम सकारात्मक रहे हैं। अब लोग सफर के दौरान भी पैसे निकाल सकेंगे। हम मशीन की परफॉर्मेंस पर लगातार नजर रखेंगे। दिलचस्प बात यह है कि यह एटीएम मुंबई-हिंगोली जन शताब्दी एक्सप्रेस में भी उपलब्ध रहेगा, क्योंकि दोनों ट्रेनें एक ही रेक साझा करती हैं। सुरक्षा के लिए एटीएम को शटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया। एटीएम के लिए बनाए गए स्पेस में सुरक्षा के लिए शटर लगाया गया है। 22 डिब्बों वाली इस ट्रेन में सभी डिब्बे वेस्टीब्यूल से जुड़े हुए हैं, जिससे सभी यात्री एटीएम तक पहुंच सकते हैं। इस मशीन से सिर्फ पैसे निकालने ही नहीं, बल्कि चेकबुक ऑर्डर करने और अकाउंट स्टेटमेंट निकालने की सुविधा भी दी गई है। सुरक्षा के लिए एटीएम को शटर सिस्टम और सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि अगर यह सेवा यात्रियों के बीच लोकप्रिय होती है तो इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जा सकता है।



### मणिपुर में 11 उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने पिछले 24 घंटों में चार अलग-अलग घटनाओं में 11 उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि सुरक्षा बलों ने थौबल जिले के हीरोक-पीएस के अंतर्गत बाजार के पास से चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोग थौबल जिले के आम लोगों से जबरन वसूली में शामिल थे। उनके पास से पिस्तौल और हथगोला बरामद किया गया। एक अन्य घटना में मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के वेइथौ चिरू से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पश्चिम जिले के लाम्फेल-पीएस के अंतर्गत एक हाउसिंग कॉम्प्लेक्स से एक उग्रवादी को गिरफ्तार किया।

# अलीगढ़ से भागे सास और दामाद नेपाल बॉर्डर से पकड़े

**अलीगढ़, वार्ता**

**जनपद** के गांव मछरियासे भागे सास और दामाद को नेपाल के बॉर्डर से गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों 10 दिन से फरार थे। पुलिस ने इन्हें बिहार के नेपाल बॉर्डर से पकड़ा है। बीते छह अप्रैल को दादों थाना क्षेत्र के मछरिया गांव नगला निवासी राहुल मडराक थाना क्षेत्र मनो. हरपुर गांव निवासी अपनी होने वाली सास सपना देवी को लेकरफरार हो गया था। पुलिस दोनों को लेकर दादों थाने पहुंची, चूंकि दोनों की गुमशुदगी मडराक थाने में दर्ज गई थी, तो यहां से मडराक थाना पुलिस दोनों को अपने साथ ले गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की है और बताया कि पूछताछ में सास सपना देवी ने अपने पति पर गंभीर आरोप लगाए। सपना ने बताया कि पति जितेंद्र शराब पीकर आए दिन मारपीट करता था। इसी वजह से उनसे दामाद राहुल के साथ जाने का फैसला किया। सपना देवी ने पुलिस अधिकारियों से एक गुजारिश भी की। उसका कहना था कि वह मडराक थाने पर नहीं जाएगी, दादों थाने की पुलिस से उसे मदद चाहिए। पुलिस ने दोनों की लोकेशन ट्रैस कर ली थी। लोकेशन ट्रैस होने के बाद पुलिस की दो टीमों को नेपाल बॉर्डर भेज गया। इसी बीच सास-दामाद को अलीगढ़ पुलिस के आने की भनक लग गई और इन्होंने खुद बुधवार को दादों थाने में आकर सरेंडर कर दिया। हालांकि पुलिस अधिकारियों की तरफ से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। पुलिस अधिकारी नेपाल बॉर्डर से दोनों की गिरफ्तारी की बात कह रहे हैं। अलीगढ़ का सास-दामाद केस काफी सर्खियों में रह। जिस लड़के राहुल के साथ सपना देवी अपनी बेटी शिवानी की शादी करने वाली थी, उसी के साथ फरार हो गई। शादी के 9 दिन पहले अचानक सास-दामाद के गायब होने से दोनों परिवारों में हड़कंप मचा गया।

# केजीबीवी के हर विद्यालय में बनेगी एस्ट्रोनॉमी लैब

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (केजीबीवी) में एस्ट्रोनॉमी लैब की स्थापना का निर्णय लिया है। इस योजना के अंतर्गत प्रति विद्यालय चार लाख रुपए का बजट निर्धारित किया गया है और कुल 29.84 करोड़ रुपए की परियोजना को समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है। अधिकृत सूत्रों ने बुधवार को बताया कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और उसमें 54 महिला वैज्ञानिकों की सक्रिय भागीदारी ने इस पहल को नई ऊर्जा दी है। प्रदेश सरकार चाहती है कि यूपी की बेटियां भी आने वाले समय में इसरो, डीआरडीओ और नासा जैसे संस्थानों में अपनी भूमिका निभाएं। लैब्स में प्लेनेटेरियम की तर्ज़ पर छात्राएं सौरमंडल, ग्रह-उपग्रह, खगोलीय घटनाएं जैसे सूर्यग्रहण व चंद्रग्रहण का अध्ययन करेंगी। स्पेसक्राफ्ट, मिसाइलें, स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम, इसरो परियोजनाएं और भारतीय वैज्ञानिकों के मॉडल इन प्रयोगशालाओं का हिस्सा होंगे। इस लैब में बालिकाओं द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित विभिन्न वर्किंग मॉडल तैयार किए जाएंगे। इन वर्किंग मॉडल का उपयोग शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में किया जाएगा।

# सोनिया-राहुल पर कार्रवाई कलयुग का प्रतीक

**लखनऊ, वार्ता**



■ जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, उस पर मुकदमा दर्ज कराया: तिवारी

नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) के आरोप पत्र पर निराशा जताते हुए पार्टी के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने बुधवार को कहा कि जिस परिवार ने आजादी की लड़ाई में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और जिस अखबार ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया, उस पर ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवाना कलयुग का प्रतीक है।

तिवारी ने यहां अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि कलयुग इसी को कहते हैं कि आजादी की लघई लघ्ने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले परिवारीजनों के खिलाफ तथा उस 'नेशनल हेराल्ड' अखबार के खिलाफ, जिसने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ बिगुल बजाया था उसके खिलाफ उस संगठन ने जिसने वर्ष 1942 में अंग्रेजों का साथ दिया था और अंग्रेजों की फौज में भर्ती की अपील की थी, वह राजनैतिक पार्टी ईडी से फर्जी मुकदमा लिखवा रही है तथा अंग्रेजों के सपनों को पूरा कर रही है। भाजपा उस कहावत को चरितार्थ कर रही है कि 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'। उन्होने कहा कि एसोसिएटड जनरल लिमिटेड के अखबार नेशनल हेराल्ड की स्थापना पंडित जवाहर लाल नेहरू, रफी अहमद किदवई और पुरुषोत्तम दास टंडन जैसे लोगों ने की थी। नेशनल हेराल्ड स्वतंत्रता संग्राम की आवाज थी, जब अधिकांश अखबार अंग्रेजों की बातें छापते थे। नेशनल हेराल्ड को ब्रिटिश हुकूमत ने बैन भी किया था। एजेएल पर कर्ज चढ़ने के कारण कांग्रेस ने 2002-2011 के बीच 100 बैंक हस्तांतरण/ चेक के माध्यम से उसे 90 करोड़ रुपए का लोन दिया और यह लोन वीआरएस, ग्रेज्यूटी, पीएफ, टैक्स और बिजली बिल अदा करने के काम आया। तिवारी ने कहा है कि यह कहना झूठ है कि यंग इंडिया ने एजेएल को टेकओवर कर लिया और यह भी सरासर झूठ है कि 'गांधी परिवार' इससे खूब पैसा बना रहा है। यंग इंडिया सेक्शन 25 की अलाभकारी कंपनी है, जिसमें एक भी पैसे का मुनाफा, डिवीडेंट, वेतन वगैरह शेयर होल्डर को नहीं मिल सकता। यंग इंडिया के चार शेयरहोल्डरों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ऑस्कर फर्नाडिस, मोतीलाल वोरा थे, जबकि एजेएल 700 शेयरहोल्डर थे, ईजीएम में उनकी सहमति के बाद ही कर्ज शेयर में तब्दील हुआ, जिससे यंग इंडिया भी एक और शेयरहोल्डर बन गया। यंग इंडिया ने एजेएल का टेकओवर नहीं किया सारे असेट्स और आय एजेएल के हैं, यंग इंडिया के नहीं है। कोई भी रेंटल एजेएल को जाता है न कि यंग इंडिया या उसके किसी भी शेयर होल्डर को। एजेएल के पास 5000 करोड़ की प्रॉपर्टी नहीं है। आयकर विभाग ने ने तो खुद एजेआई की सारी प्रापर्टी का आंकलन मात्र 359 करोड़ रुपए पर किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुत्रवधु की हत्या कर ससुर ने फांसी लगा की आत्महत्या

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट क्षेत्र में बुधवार सुबह मामूली विवाद में ससुर ने अपनी पुत्रवधु की गर्दन पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी और कुछ घंटों बाद गांव के बाग में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्विवेदी ने बुधवार को बताया कि हठीपुर कुरिया गांव निवासी सुमित्रा (30) का उसके ससुर राजपाल (70) से किसी बात को विवाद हो गया था, जिससे गुस्से में आकर उसने कुल्हाड़ी से प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी राजपाल मौके से फरार हो गया था। कुछ घंटे बाद आरोपी राजपाल का शव गांव के बाग में आम के पेड़ पर रस्सी से लटका मिला। ग्रामीणों से हुई पूछताछ के अनुसार आरोपी शराब का आदी था और संभवत: मृतका से इसी को लेकर कुछ कहासुनी हो गई, जिसके चलते उसने घर में रखी कुल्हाड़ी से प्रहार करके उसकी हत्या कर दी। उसके बाद राजपाल ने फांसी लगा कर हत्या कर ली। द्विवेदी ने बताया कि मृतका का पति ट्रक ड्राइवर है और वह अक्सर ट्रक लेकर बाहर जाता है घटना वाले दिन भी वह बाहर ही था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच कर दोनो शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नैनी में युवक की हत्या, कब्रिस्तान में फेंका शव

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि नैनी कोतवाली के अरैल स्थित करबला कब्रिस्तान में बुधवार भोर में एक युवक का शव लोगों देखकर पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शव की शिनाख्त उसी क्षेत्र क्षेत्र के मुरादपुर निवासी मोहसिन खान (22) के रूप में की। उन्होंने परिंजनों के हवाले से बताया कि मंगलवार शाम को वह किसी शादी आयोजन में खाना बनाने के लिए गया था लेकिन देर रात तक नहीं लौटा। सुबह सूचना मिली कि कब्रिस्तान में किसी युवक का शव पड़ा हुआ है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ममता दीदी को शांतिदूत दिखाई दे रहे दंगाई: योगी

# बंगाल में जलाए जा रहे हिन्दुओं के घर

**आगरा, वार्ता**



■ कांग्रेस ने नहीं बनने दिया बाबा साहब का स्मारक

■ आगरा में तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर बोले मुख्यमंत्री

उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता दीदी को दंगाई शांतिदूत दिखाई दे रहे हैं। इनका इंतजाम डंडे से ही हो सकता है। पश्चिम बंगाल में हो रहे दंगों में गरीब हिंदू व दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। कांग्रेस, सपा व बाकी सब चुप हैं। ये बातें मुख्यमंत्री ने आगरा में आवास विकास कालोनी, सेक्टर-11 में आयोजित तीन दिवसीय भीम नगरी महोत्सव का उद्घाटन के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री योगी ने घोषणा की कि लखनऊ की तरह आगरा में भी डा. बीआर अंबेडकर शोध केंद्र बनेगा। यहां बाबा साहब के जीवन व दर्शन के साथ विदेश, अर्थ व समाज नीति पर शोध होंगे। साथ ही कहा कि इस शोध केंद्र के साथ एक छात्रावास भी बनाया जाएगा, जहां उच्च शिक्षा के छात्रों को छात्रवृत्ति दी जाएगी। उन्होंने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को भी राजकीय भवन घोषित करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जीरो पावर्टी योजना का नाम डा. अंबेडकर के नाम पर रखने का निर्णय लिया है। बाबा साहब चाहते थे कि गरीब, वंचित और दलितों को उनका हक मिले। सरकार उनके सपने को साकार कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जीरो पावर्टी मिशन का फायदा सबसे ज्यादा गरीबों को होगा। जिनके पास घर नहीं है, उन्हें घर मिलेगा। रोजगार व राशन मिलेगा। आयुष्मान कार्ड, पेंशन और जमीन के पट्टे मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2015-16 में सपा सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति छात्रों की छात्रवृत्ति रोक दी थी। जैसे ही 2017 में प्रदेश में हमारी सरकार आई। हमने तत्काल छात्रवृत्ति को फिर चालू कराया। इससे पहले केंद्रीय भीम नगरी आयोजन समिति के संरक्षक करतार सिंह भारतीय ने चक्कीपाट स्थित बुद्ध विहार को राजकीय स्मारक घोषित करने की मांग रखी। इसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया। 18 मार्च 1956 को बाबा साहब आखिरी बार आगरा आए थे। अनुसूचित जाति फेडरेशन का रामल. ीला मैदान में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन के बाद डा. अंबेडकर ने चक्कीपाट में भगवान बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की थी। इसे ही बुद्ध विहार कहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 1956 से लगातार निकल रही शोभायात्रा और 1996 से आयोजित हो रही भीम नगरी से लोग बाबा साहब के सपनों को जीवंत किए हुए हैं। करीब 35 मिनट के भाषण में कांग्रेस मुख्यमंत्री योगी के निशाने पर रही। उन्होंने कहा वो कौन लोग हैं, जिन्होंने बाबा साहब को चुनाव हराने का काम किया। कौन लोग हैं, जिन्होंने उन्हें विदेशी समिति में नहीं लिया। कौन लोग हैं, जिन्होंने दिल्ली में स्मारक नहीं बनने दिया। ये वही लोग हैं, जो संसद में संविधान की प्रति लेकर घूमते हैं।

## सिर्फ कांग्रेस ही हरा सकती है बीजेपी को



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जिलास्तर की राजनीति को महत्व देते हुए कहा कि पार्टी का जिला अध्यक्ष समझौतावादी उम्मीदवार नहीं होगा। वो आप लोगों की मदद से जिला चलाएगा, जिले में उसके फैसले मान्य होंगे। उम्मीदवार को ऊपर से निर्देश नहीं मिलेंगे। हम बस यही चाहते हैं कि संगठन और चुनाव लड़ने वालों के बीच एक जुड़ाव बने। राहुल गांधी ने एक बार फिर कहा कि अगर कोई बीज. पी को हरा सकता है, तो वह सिर्फ कांग्रेस पार्टी है। अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है। साथ ही उन्होंने पार्टी के अंदर भीतरघात का जिक्र करते हुए कहा कि हमारे कुछ लोग बीजेपी से मिले हुए हैं, उनकी पहचान कर उन्हें बाहर का रास्ता दिखाना होगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी इस समय गुजरात के दौरे पर हैं। उन्होंने अरावली जिले के मोडासा शहर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश में चल रही लड़ाई महज राजनीतिक नहीं है, बल्कि बीजेपी-आरएसएस और कांग्रेस के बीच विचारधारा की लड़ाई भी है। कार्यकर्ताओं में जीत का जोश भरते हुए राहुल गांधी ने कहा कि अगर हमें देश में आरएसएस और बीजेपी को हराना है, तो इसका रास्ता गुजरात से होकर जाता है। हमारी पार्टी की शुरुआत गुजरात से ही हुई थी। आपने हमें हमारे सबसे बड़े नेता महात्मा गांधी और सरदार पटेल दिए, लेकिन गुजरात में हम लंबे समय से हतोत्साहित हैं। उन्होंने आगे कहा कि मैं आपके जिले के कई सीनियर नेताओं से मिला, जिन्होंने मुझे बताया कि हमारे बीच प्रतिस्पर्धा रचनात्मक नहीं, बल्कि विनाशकारी है। दूसरी बात यह कि स्थानीय टिकट वितरण में स्थानीय लोगों को शामिल नहीं किया जाता। राहुल गांधी ने कहा कि घोड़े तीन प्रकार के होते हैं, एक बारात का घोड़ा, दूसरा रेस का घोड़ा और तीसरा लंगड़ा घोड़ा। रेस का घोड़ा दौड़ेगा, जबकि बारात को घोड़ा नचाएंगे। जिले की राजनीति को जिले से चलाए जाने की बात करते हुए कांग्रेस नेता ने कहा कि चर्चा का मुख्य मुद्दा यह था कि जिले को अहमदाबाद से नहीं चलाया जाना चाहिए।

# ईडी का कोई औचित्य नहीं, खत्म की जाए

**लखनऊ, वार्ता**

■ उड़ीसा दौरे पर पहुंचे सपा सुप्रीमो अखिलेश ने उठाई मांग

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को कहा कि आयकर विभाग के रहते प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का कोई औचित्य नहीं है और ऐसे विभाग को खत्म कर देना चाहिए। उड़ीसा के दो दिवसीय दौरे पर भुवनेश्वर पहुंचे यादव ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि ईडी जैसे विभाग को समाप्त कर देना चाहिए। आर्थिक अपराध के मामलों को देखने के लिए इनकम टैक्स समेत कई संस्थाएं हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ईडी बनाई थी। आज ईडी की वजह से कांग्रेस को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जब ईडी का कानून कांग्रेस की सरकार ने बनाया था। तब उस समय बहुत दलों ने इसका विरोध किया था। हमें जानकारी मिली थी कि महाराष्ट्र में जो नेता भाजपा के खिलाफ थे, वे ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स से बच नहीं पाए। जब लोग जीएसटी दे रहे है, इनकम टैक्स जैसा विभाग है, तो ईडी की क्या जरूरत है। यादव ने कहा कि भाजपा सरकार आम जनता के बुनियादी सवालों बघ्ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाने के लिए नए-नए फैसले ले रही है। बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का सपना सामाजिक न्याय के राज की स्थापना, सबको सम्मान और बराबरी का हक दिलाने का था। हम समा. जवादी लोग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सपने को पूरा करने के लिए काम करेंगे।

### अखिलेश को एनएसजी सुरक्षा दी जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने गृह मंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम और सपा मुखिया अखिलेश यादव को एनएसजी सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। सपा प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर कहा कि आपका ध्यान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सुरक्षा की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं। अखिलेश यादव को पूर्व में जेड सुरक्षा के साथ साथ एनएसजी कवर सुरक्षा प्राप्त थी, जिसमें पूर्व में एनएसजी कवर हटा दिया गया था। सपा प्रवक्ता ने कहा समाजवादी पार्टी देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है।

## अर्थ व्यापार

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका-चीन के बीच बढ़ते व्यापार तनाव से विश्व बाजार में गिरावट आने के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, बैंकिंग और तेल एवं गैस समेत सत्रह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन तेजी के साथ बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 309.40 अंक की छलांग लगाकर नौ कारोबारी सत्र के बाद 77 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 77,044.29 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 108.65 अंक की बढ़ोतरी लेकर 23437.20 अंक पर पहुंच गया। बीएसई की दिग्गज कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी लिवाली हुई। इससे मिडकैप 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ 41,746.22 अंक और स्मॉलकैप 0.91 प्रतिशत उछलकर 47,698.35 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4078 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2636 में तेजी जबकि 1309 में गिरावट रही, वहीं 133 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2977 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2068 में लिवाली जबकि 834 में बिकवाली रही, वहीं 75 में टिकाव रहा। बीएसई के 17 समूहों का रुझान सकारात्मक रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.27, सीडी 0.38, ऊर्जा 1.25, एफएमसीजी 0.79, वित्तीय सेवाएं 1.07, हेल्थकेयर 0.12, इंडस्ट्रियल्स 0.33, दूरसंचार 1.08, यूटिलिटीज 0.05, बैंकिंग 1.45, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.74, धातु 0.28, तेल एवं गैस 1.78, पावर 0.14, रियल्टी 0.71, टेक 0.37 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.73 प्रतिशत चढ़ गए। वैश्विक स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.34, जर्मनी का डैक्स 0.46, जापान का निक्केई 1.01 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.91 प्रतिशत लुढ़क गया। हालांकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.26 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 262 अंक की तेजी के साथ 76,996.78 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 76,543.77 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया।

### कश्मीर में ड्रग तस्करों पर कार्रवाई कई गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में पुलिस टीम पर हमले के बाद पुलिस ने बारी ब्राह्मणा के बलोले खड्ड इलाके में छापे मार कर कई लोगों को गिरफ्तार किया है।

गत नौ अप्रैल को हुए इस हमले में थाना प्रभारी (एसएचओ) सहित चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि बारी ब्राह्मणा के नए एसएचओ के नेतृत्व में पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर बलोले खड्ड और गुज्जर बस्ती में छापेमारी कर नशा तस्करों और पिछले सप्ताह पुलिस पर हमला करने वालों को गिरफ्तार किया। गौरतलब है कि मादक पदार्थों की तस्करी का गढ़ माने जाने वाले बलोले खड्ड में गत नौ अप्रैल की रात नशा तस्करों के हमले से एसएचओ और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए थे।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख, अन्य जिंसों के भावों में परिवर्तन नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजार के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से बुधवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा, जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 33 रिंगिट उतरकर 4197 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.07 सेंट उतरकर 47.40 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 366 रुपए, पाम ऑयल 366 रुपए और वनस्पति तेल 365 रुपए प्रति क्विटल सस्ता हो गया जबकि सूरजमुखी तेल 219 रुपए प्रति क्विटल चढ़ गया। वहीं, मूंगफली तेल और सोया रिफाइंड के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5750-5850, दाल चना 6750-6850, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3250-3350 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**हिंसा पर चिंता...**

कि वक्फ संपत्तियों को केवल इसलिए अमान्य नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि उन्हें बाद में प्राचीन स्मारक घोषित कर दिया गया है। इस पर, न्यायमूर्ति खन्ना ने पीठ की ओर से टिप्पणी की कि स्मारक का दर्जा दिए जाने से पहले घोषित किए जाने पर वक्फ का दर्जा बरकरार रहेगा।

इसके अलावा श्री सिब्बल ने धारा 3ई पर निशाना साधते हुए तर्क दिया कि अधिनियम में प्रशासनिक संदर्भ में मुसलमानों को अनुसूचित जनजातियों के रूप में अनुचित रूप से सूचीबद्ध किया गया है और केंद्रीय वक्फ परिषद की संरचना की आलोचना की। उन्होंने इसकी तुलना हिंदू और सिख बंदोबस्त से की और कहा कि उनकी संबंधित परिषदों में सभी नामांकित व्यक्ति अपने-अपने धर्मों से हैं। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति विश्वनाथन ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि धार्मिक अधिकारों को संपत्ति के मुद्दों के साथ नहीं मिलाया जाना चाहिए, संपत्तियां धर्मनिरपेक्ष हो सकती हैं, केवल प्रशासन में धार्मिक आयाम हो सकते हैं। श्री सिब्बल ने तर्क देते हुए कहा कि धारा 9 कथित रूप से मुस्लिम सदस्यता को अनुपातहीन रूप से प्रतिबंधित करती है। धारा 14 को नामांकन के माध्यम से वक्फ बोर्डों के पूर्ण अधिग्रहण की अनुमति देने के रूप में देखा जाता है। धारा 36, औपचारिक पंजीकरण के बिना उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ की अनुमति देने का बचाव किया गया। इस पर मुख्य न्यायाधीश ने संवेदनशीलता को स्वीकार करते हुए टिप्पणी की, हमें बताया गया है कि दिल्ली उच्च न्यायालय भी वक्फ भूमि पर हो सकता है। हम यह नहीं कह रहे हैं कि उपयोगकर्ता-आधारित वक्फ अमान्य है, लेकिन चिंताएं वास्तविक हैं। श्री सिंघवी ने अयोध्या फैसले का हवाला देते हुए कहा कि उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ को ऐतिहासिक रूप से मान्यता दी गई थी, और सवाल किया कि क्या संसद अब धारा 2(आर)(आई) के तहत इसके आधारभूत आधार को हटा सकती है। याचिका दाखिल करने वालों में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सांसद असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद, राष्ट्रीय जनता दल सांसद मनोज कुमार झा, तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा, आम आदमी पार्टी के दिल्ली के विधायक अमानतुल्लाह खान, समाजवादी पार्टी के सांसद ज़िया उर रहमान बर्क शामिल हैं। इनके अलावा ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड, जमीयत उलेमा-ए-हिंद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, वाईएसआरसी पार्टी, समस्त केरल जमीयत उलेमा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ़ सिविल राइट्स समेत कई संगठनों और लोगों की ओर से याचिकाएं दायर की गई हैं।

# धार्मिक मामलों में कोई दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं: मदनी

**नई दिल्ल, वार्ता**



वक्फ संशोधन बिल को लेकर बोले मौलाना अरशद मदनी

जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी का कहना है कि मौजूदा वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और धार्मिक मामलों में दखलंदाजी करता है। यह देश की एकता और अखंडता के लिए बेहद खतरनाक है।

उन्होंने साफ कहा है कि मुसलमान अपने धार्मिक मामलों में किसी भी तरह की दखलअंदाजी बर्दाश्त नहीं कर सकते। मदनी ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने कहा है 'जमीयत उलमा-ए-हिंद की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधि. नियम 2025 पर बहस शुरू की। मौजूदा वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और धार्मिक मामलों में दखलंदाजी करता है।

मदनी ने कहा कि इस बिल का फायदा उठाकर सांप्रदायिक ताकतें देश की शांति और एकता को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। यह कानून ऐसे समय लाया गया है जब पूरे देश में मुसलमानों के खिलाफ नफरत की आंधी चल रही है। इससे पहले मदनी ने बताया था कि जमीयत ने न केवल वक्फ संशोधन अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती दी है, बल्कि कानून को लागू होने से रोकने के लिए अंतरिम निर्देश जारी करने का भी अनुरोध किया है।

याचिका में कहा गया है कि यह कानून असंवैधानिक है और वक्फ प्रशासन और वक्फ व्यवस्था दोनों के लिए विनाशकारी है। जमीयत उलमा-ए-हिंद द्वारा दायर याचिका का डायरी नंबर 18261/2025 है. उम्मीद है कि हमें अदालत से न्याय मिलेगा।

### यूपी में 11 आईपीएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार रात आईपीएस के 11 अधिकारियों के तबा. दले कर दिए हैं। नीलाब्जा चौधरी अपर पुलिस महानिदेशक, एटीएस, लखनऊ को अपर पुलिस महानिदेशक, सीआईडी, लखनऊ बनाया गया है, जबकि अजय कुमार मिश्रा पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज बनाया गया है। उन्होंने बताया कि जे. रविन्द्र गौड़ पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद बनाया गया है, वहीं दीपक कुमार पुलिस महानिरीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा को पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट आगरा बनाया गया है। प्रेम कुमार गौतम पुलिस महानिरीक्षक, प्रयागराज परिक्षेत्र, प्रयागराज को पुलिस महानिरीक्षक, एटीएस, लखनऊ बनाया गया है। शैलेश कुमार पाण्डेय पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा को पुलिस महानि. रीक्षक, आगरा परिक्षेत्र, आगरा बनाया गया है। श्लोक कुमार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मथुरा बनाया गया है, जबकि दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक, बाराबंकी को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बुलन्दशहर बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## भांजे से पत्नी के संबंधो की वीडियो बनाने के शक में की मामा की हत्या

■ मंगलवार रात केड़ी गांव में की गई थी वृद्ध श्यामलाल की हत्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** मंगलवार की रात बेहड़ा -बिजनौर मार्ग पर स्थित कैडी गांव मे मारपीट के दौरान भांजे को बचाने गये मामा की आरोपियों ने लाठी डंडो से मारपीट कर हत्या कर दी थी। आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष के ग्रामीणों ने थाने पर प्रदर्शन किया। पुलिस ने चार हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर आला ए कत्ल लोहे की रोड सरिये डंडो को बरामद करते हुए जेल भेज दिया है। वहीं पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए बताया की श्रवण को शक था की विनोद से उसकी पत्नी के अवैध संबंध है जिसकी वीडियो विनोद के पास है।इसी शक को लेकर विनोद के साथ मारपीट की गयी थी।



ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कैड़ी मे श्यामलाल चौहान 60 वर्ष मजदूरी करता था। श्याम लाल की बहन हीरो देवी भी गांव मे ही रहती है। मंगलवार की शाम भांजे विनोद के साथ हुए विवाद मे मारपीट हो गयी।भांजे विनोद के साथ मारपीट की सूचना पर पहुंचे श्यामलाल व उसके पुत्र रमेश को आरोपियों ने घेर लिया। और श्यामलाल व रमेश पर धारदार हथियारों से वार घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

जहां चिकित्सक ने श्यामलाल चौहान को मृत घोषित कर दिया व रमेश को गंभीर हालत मे जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया था। पुलिस ने रमेश की पत्नी मंजो द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों शिव कुमार,नितिन, आकाश, श्रवण के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बुधवार की सुबह सवेरे पीड़ित पक्ष के दर्जनों व्यक्ति थाने पर पहुंचे और शीघ्र आरोपियों की गिरफ्तारी को मांग करते हुए धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने दोपहर बाद घटना का अनावरण करते हुए चारो आरोपियों शिवकुमार, नितिन, आकाश, श्रवण को गिरफ्तार कर आला ए कत्ल बरामद कर जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक देहात आदित्य बंसल ने प्रेस वार्ता मे बताया की श्रवण को शक था की उसकी पत्नी के अवैध संबंध विनोद के साथ हैं। और विनोद के पास उसकी पत्नी की वीडियो भी है। इसी शक के आधार पर विनोद के साथ मारपीट की गयी जिसे बचाने गये मामा श्यामलाल चौहान की मारपीट कर हत्या की गयी।

## फोटोग्राफर से लूट में तीन शातिर गिरफ्तार

### खतौली से आ रहे फोटोग्राफर विकास से संधावली पुल पर हुई थी लूट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मंसूरपुर।** थाना पुलिस द्वारा लूट व चोरी के मुकदमों का सफल अनावरण करते हुए तीन शातिर चोर/लूटेरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुछ दिन पूर्व लूटा गया एक वीडियो कैमरा जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है, अन्य इलैक्ट्रॉनिक उपकरण, पांच हजार रुपये, तमंचे, एक कार तथा चोरी की गयी दो बकरी बरामद की हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

कुकडा मंडी थाना नई मंडी मुजफ्फरनगर निवासी विकास कुमार खतौली में फोटोग्राफी की दुकान चलाता है। एक सप्ताह पूर्व की घटना है कि गुरुवार को देर रात्रि विकास दुकान का काम निपटा कर वापस अपने घर जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के संधावली पुल के समीप पहुंचा तो एक कर में सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया। और तमंचे के बल पर उसका वीडियो कैमरा जिसकी कीमत लगभग डेढ लाख रुपये है, कुछ अन्य उपकरण तथा पांच हजार रुपये की नगदी लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज कर बदमाशों को पकडने के लिए अपना जाल बिछाया। मंगलवार देर रात्रि थाना पुलिस गुप्ता रिजोर्ट से लच्छेडा जडौदा जाने वाले मार्ग पर वाहनों की चैकिंग कर रही थी। तभी एक हयुंडई आई-20 कार आते हुए दिखाई दी। जिसे चैकिंग हेतु पुलिस ने रोका तो कार चालक कार को न रोककर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने कार का पीछा कर कार में सवार तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को बदमाशों के कब्जे से थानाक्षेत्र में से लूटा गया कैमरा, इलैक्ट्रॉनिक उपकरण व पांच हजार रूपये व थानाक्षेत्र कोतवाली नगर से कुछ दिन पूर्व इन्हीं बदमाशों द्वारा चोरी की गये दो बकरी बरामद हुई। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम मौहम्मद शाहिल पुत्र अब्दुल सत्तार निवासी किदवई नगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर, मौहम्मद फिरोज पुत्र मौहम्मद अनवर निवासी बकब दारूल उल्लूम थाना देवबन्द, सहारनपुर तथा साहिल पुत्र रिजवान निवासी मदीना गार्डन जामिया नगर थाना खालापार, मुजफ्फरनगर बताया। थाना प्रभारी सुभाष सिंह अत्री ने बताया कि मोहम्मद साहिल पर लगभग आधा दर्जन मुकदमे दर्ज हैं। यह तीनों चोर लुटेरे शातिर किस्म के बदमाश हैं, पुलिस को इनकी काफी दिनों से तलाश थी।तीनों बदमाशों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर जेल भेजा जा रहा है।



मुजफ्फरनगर: डीएवी इण्टर में बच्चों को आगे बढ़ने का पाठ पढ़ाते मंत्री कपिल देव।

## बैसाखी पर कलाकारों ने पंजाबी संस्कृति को जीवंत किया

■ एसडी गर्ल्स इण्टर कॉलेज में हुई थी पंजाबी नाइट

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** गांधी कॉलोनी स्थित एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में पंजाबी समाज समिति ने बैसाखी मेला और पंजाबी नाइट का शानदार आयोजन किया। जिसमें पंजाबी समाज के बच्चों के साथ कलाकारों ने भांगडा, गिद्दा आदि पारंपरिक पंजाबी नृत्य कर धमाल मचाया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री संजीव बालियान, नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप व गौरव स्वरूप ने किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। पंजाबी संस्कृति, संगीत और परंपराओं के साथ बैसाखी मेले का आयोजन किया गया।

मंच पर बेबी शो और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी गई। बैसाखी मेले में चाट बाजार, बच्चों के झूले, गेम्स एवं अन्य स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। देर रात तक चले कार्यक्रम में पंजाब से आए कलाकारों ने पंजाबी संस्कृति को जीवंत कर दिया। इस दौरान गांधी कॉलोनी की सडकों को झालर लाइटों और फूल मालाओं से सजाया गया। पूर्व विधायक अशोक कंसल, कुश पुरी, सुनील तायल, श्रीमोहन तायल, हरेंद्र शर्मा, अशोक बाटला, संजय मित्तल, हिमांशु कौशिक, अमित पटपटिया आदि सैकडो लोग मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: पंजाबी नाइट में मनमोहक प्रस्तुति देते बाल कलाकार।

## पालिका ने टाउन हाल के बाहर से उजाड़ दिया चाट बाजार

■ 200 परिवारों का छिना रोजगार, अब लड़ाई लड़ेगी क्रांति सेना

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** टाउन हॉल मैदान के बाहर लगने वाले चाट बाजार को हटाए जाने के विरुद्ध स्थानीय ठेले वालों ने टाउन हॉल मैदान के बाहर अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ कर दिया, धरना स्थल पर पहुंचे शिवसेना के मंडल प्रमुख शरद कपूर व क्रांतिसेना के महानगर अध्यक्ष देवेंद्र चौहान जिला उप प्रमुख संजीव वर्मा कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र विश्वकर्मा व नगर महासचिव उज्ज्वल पंडित ललित रहेला ने आरोप लगाया कि स्थानीय पालिका प्रशासन गरीब ठेले वालों के मुंह का निवाला छीनने की कोशिश कर रहा है, उन्होंने कहा के लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के बजाय भाजपा के जन प्रतिनिधि लोगों का रोजगार छीनने मैं अपना रिकॉर्ड बना रहे हैं उन्होंने कहा कि शिवसेना गरीब मजदूरों की आवाज हर स्तर पर बुलंद करेगी और यदि पालिका प्रशासन ने चाट बाजार को हटाने का अपना निर्णय नहीं बदला तो शिवसेना और क्रांतिसेना पालिका प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोल देगी उन्होंने कहा कि अभी शांतिपूर्वक धरने के माध्यम से गरीब ठेले वालों की आवाज उठाई जा रही है, लेकिन यदि आवश्यकता पडी तो पार्टी के वेस्ट उप प्रमुख ललित मोहन शर्मा जी को इससे अवगत कराकर नई रणनीति तैयार कर आंदोलन की रूपरेखा तय की जाएगी, धरना स्थल पर इश कौशल, देवेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश सैनी पंकज कुमार राज कुल्फी मदनपाल आजाद कुल्फी आदि अनेक ठेले वाले उपस्थित रहे। ऐसा नहीं है कि ठेले वाले ही परेशान है इन ठेलों पर रोजाना चटपटे व्यंजन खाने वाले हजारों नगरवासी भी इन दिनों खासे परेशान है।



## मंत्री कपिल देव ने विद्यार्थियों को दी कठिनाइयों का सामना करने की प्रेरणा

■ चुनाव से पहले फुल एक्टिव मोड में नजर आ रहे नगर विधायक

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** बाबा साहेब आंबेडकर की जयंती पर मंत्री कपिल देव ने विद्यार्थियों को कठिनाईयों का सामना करते हुए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी

नगर विधायक और प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने डीएवी इंटर कॉलेज, और वैदिक पुत्री इंटर कॉलेज में पहुंच कर भारतीय संविधान के शिल्पकार, सुप्रसिद्ध समाज सुधारक, एवं भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ. भीमराव राम अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर छात्र और छात्राओं के बीच उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए, कठिन परिश्रम कर अपने लक्ष्य को साधने का आह्वान किया, तत्पश्चात कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण किया।

मंत्री कपिल देव ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक प्रकार के भेदभाव का सामना किया। उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उच्च शिक्षा प्राप्त की और इन सबके पश्चात भारत के दरिद्र नारायण की सेवा के लिए कार्य किया। अंबेडकर अस्पृश्यता को मिटाना चाहते थे। वे समस्त समाज की बंधुता और समता के समर्थक थे। डीएवी इन्टर कॉलेज में मंत्री कपिल देव ने कहा अंबेडकर ने धारा 370 का विरोध किया था और वे समान नागरिक संहिता के पक्षधर थे। वैदिक पुत्री इंटर कॉलेज में मंत्री कपिल देव ने कहा बच्चियों से बात करते हुए कि बाबा साहब कुशाग्र बुद्धि के थे।

उन्होंने अत्यंत विकट परिस्थितियों में अध्ययन किया और विदेशों में जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त की। वे कई विषयों के विशेषज्ञ थे और उन्हें दुनिया के विभिन्न देशों में सेवा का अवसर मिल सकता था, लेकिन उन्होंने बचपन में झेली गई समस्याओं के समाधान के लिए भारत में ही रहकर कार्य किया। मंत्री कपिल देव ने दोनों कार्यक्रमों के अंत में कॉलेज प्रशासन व अधयापकों से बातचीत की, बच्चों से आह्वान किया अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगायें, और वर्ष पर्यंत उनकी देखभाल करें।

## कांग्रेसियों ने प्रदर्शन कर ईडी को मोदी सरकार की कठपुतली बताया

**मुजफ्फरनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पर जोरदार प्रदर्शन कर केंद्र की मोदी सरकार पर प्रवर्तन निदेशालय ईडी के असंवैधानिक दुरुपयोग का गंभीर आरोप लगाया और कहा कि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को डरने की साजिश सफल नहीं होगी हमारा नेतृत्व कभी भी अन्य के आगे झुक नहीं है और जनहित में कांग्रेसियों का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम डीएम उमेश मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें बीजेपी की कार्रवाइयों पर कडा विरोध जताया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड की संपत्ति को असंवैधानिक तरीके से सीज किया गया है। इसके साथ ही, बीजेपी द्वारा कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व, राहुल गांधी और सोनिया गांधी के खिलाफ बदले की भावना से ईडी का सहारा लेकर राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है। मोदी सरकार लगातार एड और सीबीआई जैसी संस्थाओं का इस्तेमाल विपक्षी नेताओं को डराने धमकाने के लिए कर रहे हैं जो राष्ट्र हित में उचित नहीं है।जिला कांग्रेस कमेटी ने केंद्र सरकार से मांग की है कि ईडी के दुरुपयोग को तत्काल बंद किया जाए और ऐसी कार्रवाइयों पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सत्यपाल कटारिया ने किया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सुबोध शर्मा, धर्मवीर सिंह, नरेश भारती, विनोद धीमान, कमल मित्तल, चांद मिया, गोपाल शर्मा, हर्षवर्धन त्यागी, वीरेंद्र गुर्जर, बिलकिश चौधरी सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।



जाट फिल्म को कर मुक्त घोषित करने की मांग उठाते जाट महासभा के पदाधिकारी।

## प्लास्टिक वेस्ट भंडारण में दो के खिलाफ रिपोर्ट

### प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने कचरे के दो गोदामों पर लगाई सील

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** उद्योगों के लिए उत्तर प्रदेश में अपनी अलग पहचान रखने वाले मुजफ्फरनगर जिले में बढते प्रदूषण के लिए पंजाब और दिल्ली से आ रहे कचरे को जिम्मेदार माना जा रहा है प्लास्टिक युक्त या कचरा पेपर मिलन के साथ-साथ कोलवा तथा एट भट्टों पर भी जलाया जा रहा है जिससे जहरीला प्रदूषण फैल रहा है और लोग बीमार पड रहे हैं वायु प्रदूषण के निरंतर खराब होने पर जब अनेक संगठनों ने आंदोलन की धमकी दी तो प्रदूषण नियंत्रण विभाग भी सक्रिय हो गया है और आज उसने प्लास्टिक कचरे का भंडारण करने वालों के खिलाफ एक्शन भी लिया।

प्रदूषण बढने के चलते पैदा हो रही परेशानी की शिकायत लगातार हो रही है। किसान दिवस में वेस्ट प्लास्टिक का भंडारान करने के लिए बने गोदामों पर कार्रवाई की मांग उठाई गई। इसके बाद क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने निरीक्षण कर जौली रोड पर बिलासपुर निवासी लोगों के प्लास्टिक के गोदाम बंद कराते हुए दो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी गीतेश चंद्रा ने उप कृषि निदेशक को पत्र लिखकर अवगत कराया कि किसान दिवस में वेस्ट प्लास्टिक पेपर मिलों में सप्लाई की जा रही है, जिसके लिए जौली रोड और जानसठ रोड पर गोदाम बने हुए हैं। इस पर संज्ञान लेते हुए प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अभियान चलाया। इस दौरान जौली रोड पर मुजाहिद निवासी बिलासपुर द्वारा पालीथीन व प्लास्टिक वेस्ट भंडारण का गोदाम संचालन मिला। वहीं जानसठ रोड स्थित इमरान कुरैशी के गोदाम में भी वेस्ट प्लास्टिक का भंडारन मिला। इसको लेकर दोनों के खिलाफ नई मंडी थाने में मुक. दमा दर्ज कराया गया।

## नेहा हत्याकांड में जेठानी गिरफ्तार, जेठ फरार

**तितावी।** नेहा उर्फ नैना पत्नी सोनू निवासी तितावी गत 24 मार्च को फांसी पर लटकी हुई मिली थी। इस मामले में मृतका की मां सरिता निवासी बाबूगढ हापुड ने मृतका के पति सहित कई ससुरा. लियों के खिलाफ दहेज हत्या में तितावी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इस मामले में पुलिस ने मृतका के पति सोनू व ससुर करनवीर को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अब पुलिस ने बुधवार को मृतका की जेठानी बेबी को थाना क्षेत्र सोहजनी से गिरफ्तार किया है जबकि नामजद जेठ अमित अभी भी फरार है।

## जाट फिल्म टैक्स फ्री करने को ज्ञापन सौंपा

■ फिल्म को बताया देश प्रेम से ओतप्रोत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** जनपद जाट महासभा ने राष्ट्र प्रेम से बहुत-बहुत फिल्म जाट को मनोरंजन कर से मुक्त करने की मांग उठाते हुए एक ज्ञापन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजा है इस फिल्म में मुख्य अभिनेता सनी देओल हैं 100 करोड़ रुपए की लागत से बनी है फिल्म अब तक 55 करोड रुपए से अधिक का कलेक्शन कर चुकी है। जनपद जाट महासभा के अध्यक्ष धर्मवीर बालियान, महासचिव ओमकार अहलावत, कोषाधयक्ष सुंदर पाल सिंह, वरिष्ठ उपाधयक्ष जयवीर सिंह ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन कलक्ट्रेट परिसर में अधीनस्थ अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से जाट फिल्म को टैक्स फ्री किए जाने की मांग करते हुए बताया कि जाट फिल्म समाज और राष्ट्र के अन्दर हो रहे अत्याचारों को खत्म करने का सन्देश देती है। यह फिल्म महिला सशक्तिकरण के लिए बहुत अच्छी फिल्म है। इस फिल्म में पीडित वर्ग को न्याय दिलाने और उनकी रक्षा करने का सन्देश दिया गया है। इस तरह की फिल्म को टैक्स फ्री करना चाहिए ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग फिल्म को देख सकें।

## किसान दिवस में गूंजा पुरबालियान चकबंदी का मुद्दा

### गुड़ की गुणवत्ता बढ़ाने पर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा का सख्त रुख

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी और पीनना निवासी किसान सुमित मलिक के बीच जमकर झडप भी हुई। किसानों ने चकबंदी, बिजली, पानी, सड़क, फर्जी रिपोर्ट, अधिक बिल आना आदि शिकायत किसान दिवस में अधिकारियों के समक्ष रखी है। किसान दिवस में डीएम और एसएसपी के न आने पर किसानों ने कडी नाराजगी जताई और किसान दिवस को शुरू नहीं किया। इसके बाद एडीएम नरेन्द्र बहादुर सिंह और नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप मौके पर पहुंचे, लेकिन फिर भी किसानों ने किसान दिवस की कार्रवाई को शुरू नहीं होने दिया। करीब आंधे घंटे बाद डीएम उमेश मिश्रा किसान दिवस में पहुंचे।




इसके बाद किसान दिवस की कार्रवाई को शुरू किया गया। उप कृषि निद. शक संतोष कुमार यादव ने बताया कि पिछले किसान दिवस में आयी शिकायतों में से 58 शिकायतों को निस्तारण हो गया है। वहीं पांच शिकायते शेष रह गई है। डीएम उमेश मिश्रा ने किसानों से कहा कि गन्ना और गुड मुजफ्फरनगर जनपद की पहचान है।

अब गुड की गुणवत्ता खराब होने के कारण यह पहचान खराब होती जा रही है। इस ओर जागरूक होने की जरूरत है। बिना किसी मिलावट और अच्छा गुड बनाना चाहिए। वहीं कोल्हूओं में कपडा और पानी आदि नहीं जलाना चाहिए। इसके बाद डीएम वहां से चले गए। डीएम के जाने के बाद पुरबालियान के लोगों ने चकबंदी पूरी न होने पर कडी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि बिना किसी भेद भाव के चकबंदी को पूरी कर कब्जा परिवर्तन कराया जाए।

किसानों ने कहा कि बजाज शुगर मिल से गन्ने का भुगतान शीघ्र कराया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में बिजली की समस्या बनी हुई है। शहर के मोहल्ला रामपुरी, एकता विहार और शाहब. द्दीनपुर रोड पर खराब पानी टंकियों से आ रहा है। इस दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष नवीन राठी, धीरज पहलवान, डब्बू चौधरी, विक्रांत, सोनू, राकेश, सुभाष, रामपाल, राजेन्द्र, विरेन्द्र, राकेश, संजीव, मोहन कुमार, राजसिंह आदि किसान मौजूद रहे।

## पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की मांग, ज्ञापन सौंपा

■ शिव सेना कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** वक्त संशोधन कानून को लेकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है सबसे ज्यादा हिंसा की खबरें पश्चिम बंगाल से आ रही है जिसके लिए ममता सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग उठाई।

शिव सेना पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन अधीनस्थ अधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि पश्चिम बंगाल में पिछले कई दिनों से वक्फ बिल के विरोध के नाम पर हो रहे हिंसक दंगे व हिन्दुओं की हत्या और महिलाओं के साथ दरिद्रता और लूटपाट की जा रही है। इसके बावजूद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। पश्चिम बंगाल में ऐसी मुख्यमत्री व ऐसी सरकार का कोई औचित्य नहीं है। शिवसेना हिन्दू हित में राष्ट्रपति से मांग करती है कि पश्चिम बंगाल की सरकार को तुरन्त बर्खास्त कर वहां राष्ट्रपति शासन लागू किया जाये। ज्ञापन देने वालों में डा. योगेन्द्र शर्मा, लोकेश सैनी, बिटू सिखेडा, जितेन्द्र गोस्वामी, शेंकी शर्मा आदि अनेक लोग शामिल रहे।

# अवैध प्लाटिंग पर चला एमडीए का बुलडोजर

**24 अप्रैल को खतौली में गरजेगा एमडीए का बुलडोजर**



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली तहसील क्षेत्र के फुलत गांव में अवैध प्लाटिंग पर विकास प्राधिकरण की टीम ने बुलडोज चला कर कई बीघा प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को लेकर प्रोपर्टी डीलरों के खेमें में खलबली मची रही। एमडीएम एक्शन ने अभियान जारी रखने की कार्रवाई की बात कहते हुय 24 अप्रैल को खतौली कस्बे में अवैध कॉलोनियों को धवस्त करने की बड़ी कार्रवाई करने की बात कही। शाहटाइम्स की खबर के बाद एमडीए ने नींद से जगाकर अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त करने की बड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है।

आखिरकार अवैध कॉलोनी को धवस्त करने के लिए एमडीए विभाग गहरी नींद से जाग उठा जिसके बाद एमडीए विभाग ने फुलत गांव में अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को तहसील खतौली के गांव फुलत में निर्माणाधीन अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने की कार्रवाई को लेकर एमडीए एक्शन विनित अग्रवाल के दिशा निर्देश में एई भरत पाल और जेई हितेश कुमार ने रतनपुरी थाने की भारी पुलिस फोर्स के साथ फुलत गांव में पहुँचे जहाँ एमडीए अधिकारियों की टीम ने लगभग 25 बीघा अवैध प्लाटिंग पर बुलडोजर चलाकर प्लाटिंग में खड़े विधुत पोल और काटे गए प्लॉटों की चार दिवारी को धवस्त किया। एक्शन ने बताया कि फुलत गांव में बिना नक्शे के शाहपुर निवासी सलीम अख्तर, नदीम, अब्दुल मलिक द्वारा फुलत निवासी वसीम और सलीम की लगभग जमीन पर अनाधिकृत प्लाटिंग की गई है, जिसकी लगातार विभाग को शिकायते मिल रही थी जिसके बाद इस अवैध कॉलोनी को धवस्थिकरण करने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि कस्बा खतौली में भी लगातार अवैध कॉलोनियों के निर्माण करने की सूचना मिल रही है जिसके बाद 24 अप्रैल को खतौली में बड़े स्तर पर ऐसी कॉलोनियों को धवस्थिकरण करने का अभियान चलाया जाएगा। एमडीए एक्शन विनित अग्रवाल ने चेतावनी दी है कि बिना नक्शा पास कराए कालोनियों का विकास करने वालों पर कडी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों से भी अपील की वह केवल मान्यता प्राप्त और अनुमोदित कालोनियों में ही प्लाट खरीदें, ताकि किसी प्रकार की कानूनी परेशानी से बचा जा सके। फुलत गांव में अवैध प्लॉटिंग पर एमडीए द्वारा चलाए गए बुलडोजर को चलता देख खतौली तहसील क्षेत्र के जानसठ मार्ग, मीरापुर मार्ग, इस्लामाबाद भूड़ में भूमाफियाओं के खेमे में खलबली मची हुई है। फुलत के बाद अब 24 अप्रैल को बिना नक्शे और बिना परमिशन के बनाई गई कॉलोनियों पर एमडीए का बुलडोजर चलाया जाएगा।

## कार्रवाई के बाद चक्कर काटता रहता है आम आदमी

एमडीए की इस सख्त कार्यवाही के बाद सबसे ज्यादा नुकसान उन लोगों को हुआ है, जिन्होंने अपनी जिंदगी भर की पूंजी लगाकर इन भू-माफियाओं से प्लॉट खरीद लिए थे।

अब जब उन जमीनों पर बुलडोजर चल चुका है, तो यही आम आदमी सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाता नजर आ रहा है, ऐसे लोग उम्मीद में है कि शायद उन्हें न्याय मिलेगा या नही। वहीं, जिनसे उन्होंने जघ्मीन खरीदी थी कृ वो भू-माफिया पूरे घटनाक्रम के बाद मौके से रफूचक्कर हो चुके थे, ना कोई रसीद, ना कोई वैध कागजात, और अब ना ही जमीन, बस रह गई है ठगी और धोखे की एक गहरी पीडा।

## क्या कहता है कानून?

उत्तर प्रदेश में प्लॉटिंग या कॉलोनी विकसित करने से पहले विकास प्राधिकरण से नक्शा पास कराना अनिवार्य है। बिना अनुमति के की गई प्लॉटिंग अवैध मानी जाती है और उस पर बुलडोजर चलाया जा सकता है।

# होंडा शोरूम में हुई चोरी का माल बरामद, चोर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** खालापार थाना क्षेत्र में मेरठ रोड पर स्थित रोशन होंडा शोरुम से चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। शोरुम में काम करने वाले कर्मचारी ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

पुलिस ने आरोपी की निशानद. ेही पर उसके घर से एलईडी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मेरठ रोड पर विकास भवन के सामने मनोज कुमार निवासी खेडघी दूधाधारी थाना तितावी का रोशम होंडा नाम से सर्विस सेंटर व शोरूम है। मंगलवार वह शोरूम को बंद कर घर चले गए थे। बुधवार सुबह शोरूम खोला तो अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे टूटे पडध्े मिले। शोरुम में लगी 55 इंच की एलइडी गायब थी। चोरी की सूचना पर खालापार थाना पुलिस को दी गयी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पडताल की। जांच के दौरान पुलिस को शोरूम के पास से एक चप्पल दिखाई दी, जो शोरूम के बाहर की तरफ लगे सीसीटीवी कैमरों कैद हो गई थी। खालापार थाना प्रभारी महावीर सिंह चौहान ने बताया कि शक के आधार पर शोरूम में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की गयी। सीसीटीवी में कैद हुई चप्पल का मिलान कर्मचारियों द्वारा पहने गई चप्पलों से कराया तो एक कर्मचारी की चप्पले से आरोपी की पहचान हो गई। पुलिस ने पकडे गए आरोपी हबीब निवासी मिमलाना रोड से थाने पर लाकर पूछताछ की तो उसने चोरी की घटना को कबूल लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर चोरी की एलईडी बरामद कर ली है।

# थप्पड़ प्रकरणः सुप्रीम कोर्ट में छह मई को होगी अंतिम सुनवाई

**मंसूरपुर।** खुब्बापुर के नेहा पब्लिक स्कूल में हुए थप्पड प्रकरण को लेकर बुधवार को होने वाली सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई टल गई। विभिन्न कारणों के चलते सुनवाई की तिथि के लिए अब छह मई निर्धारित की गई है। उधर, सुनवाई नहीं होने की जानकारी पूर्व में होने के चलते बेसिक शिक्षा विभाग से अधिकारी कोर्ट नहीं पहुंचे, जबकि पीडध्ति छात्र के अधिवक्ता ने छात्र की पढाई को लेकर सामने आ रही समस्याओं को लेकर शपथपत्र कोर्ट में दाखिल किया।

मंसूरपुर थाना क्षेत्र के गांव खुब्बापुर में नेहा पब्लिक स्कूल में कक्षा एक के छात्र को अन्य छात्रों से थप्पडध् लगवाए गए थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया था। इसकी सुनवाई की प्रकिया में बुधवार को अंतिम सुनवाई होनी थी, लेकिन किसी कारणवश बुधवार को होने वाली सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में टल गई। सुनवाई के लिए छह मई की अगली तिथि निर्धारित की गई।

बुधवार को अंतिम सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के लिए कोर्ट को आदेश देने थे। सुनवाई नहीं होने के बाद भी कोर्ट में पहुंचे पीडध्ति छात्र के अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे, जिन्होंने कोर्ट में शपथ-पत्र दिया है, जिसमें बताया गया कि उन्हें नए सत्र की किताबें नहीं मिली है। वहीं विद्यालय में अभी तक रूकी हुई चार महीने की फीस भी जमा नहीं की गई है। बीएसए संदीप कुमार ने बताया कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में सुनवाई होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं होने के चलते अब अगली तिथि छह मई निर्धारित हुई है।

# फौजिया मौत प्रकरण में भाजपा नेता समेत पांच नामजद

**मुजफ्फरनगर।** शाहपुर क्षेत्र में हुई फौजिया खान की मौत के मामले में परिजनों ने दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है जिसमें भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष समेत पांच परिजनों को नामजद कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर क्षेत्र के बसी कलां निवासी भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष फैसल खान की भाभी फौजिया का शव मंगलवार को घर में लटका मिला था।

सूचना पर मौके पर पहुंचे फौजिया के परिजनों ने हंगामा करते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने फौजिया के पिता खलीक निवासी हाशमपुर की तरफ से दहेज हत्या की धाराओं में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। फौजिया की शादी 2023 में की थी, लेकिन शादी के बाद से ही उसे दहेज के लिए प्रताडित किया जा रहा था। दहेज की मांग पूरी ना होने पर उसकी हत्या की गई है। मुकदमे में पति फराज खान, सास नाजरीन, जेठ फैसल, देवर फैज, जेठानी नजराना पत्नी फैसल को आरोपी बनाया गया है।

# श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के 32 छात्रों का हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर में कैंपस प्लेसमेंट के लिए आई प्रतिष्ठित कंपनी एस्कोर्ट कुबोटा लि0 ने राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के विभिन्न पाठ्यक्रमों बीटेक, एमबीए, एग्रीकल्चर संकाय, बीबीए एवं बीकॉम आदि पाठध्क्रमों के 32 छात्र-छात्राओं का कैम्पस प्लेसमेंट के माध्यम से चयन किया।

इस अवसर पर कम्पनी प्रति. निधियों निखिल शर्मा कम्पनी एग्जीक्यूटिव, सुमित मोर कम्पनी रीप्रेंटेटिव का राम ग्रुप ऑफ कोलेजेज, मुजफ्फरनगर के निदेशक डॉ0 एस एन चौहान तथा ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के चीफ कोऑर्डिनेटर आशीष चौहान ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।



कम्पनी प्रतिनिधि निखिल शर्मा ने पॉवर प्वांइट प्रजेंटेशन द्वारा सभी विद्यार्थियों को कम्पनी के बारे में जानकारी दी कि स्कोर्ट कुबोटा फाइनेंस लि0 की स्थापना एक समग्र वित्तीय समाधान प्रदाता बनकर और भारतीय बाजार की क्षमताओं और सम्भावनाओं का दोहन करके कृषि और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक बैंचमार्क स्थापित करने के लिये की गई है।ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग के चीफ कोर्डिनेटर ने बताया कि कम्पनी ने छात्रों के चयन हेतु दो चरणों की प्रक्रिया अपनाई जिसमें प्रथम चरण में टैक्निकल साक्षात्कार और दूसरे चरण में एचआर साक्षात्कार का आयोजन किया गया। श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज, मुजफ्फरनगर के संस्थापक चेयरमैन डॉ. एस.सी. कुलश्रेष्ठ ने कहा कि संस्थान का प्लेसमेंट सेल बहुत अधिक लगन, अथक प्रयास एवं कठिन परिश्रम से अपने कार्यों का संचालन कर रहा है। इस अवसर पर राम ग्रुप आफ कालिजेज के सेकेट्री संकल्प कुलश्रेष्ठ ने बताया संस्थान में प्रतिवर्ष सैकड़ों कम्पनियां कैम्पस प्लेसमेंट के लिए आती हैं।

# बालाजी शोभायात्रा में बांटी गई फ्रूटी लस्सी



**बुढ़ाना।** मंगलवार की देर रात बुढाना कस्बे के नदी मंदिर रोड पर स्थित अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रजिस्टर्ड ईकाई बुढाना के नगर अध्यक्ष संजीव कुमार संगल के आवास के बाहर लगे शिविर में बालाजी शोभायात्रा में शामिल सैंकड़ों लोगों को जहां एक और प्रसाद के रूप में ठंडी फूटी और लस्सी बांटी गयी वहीं दूसरी और श्री बालाजी महाराज के भव्य रथ पर आरती की गयी और तिलक लगाते हुए श्री बालाजी महाराज को प्रसाद का भोग लगाया गया। प्रसाद में फूटी और लस्सी का प्रसाद सभी श्रदालुओं में वितरण किया गया। सबने यहां पर प्रसाद ग्रहण किया। इस मोके पर हिंदू मुस्लिम एकता भी देखने को मिली। यहां पर मुख्य रूप से विकास गर्ग, लाला राजपाल, लाला मंचित संगल, लाला सुरेंद्र सिंघल नंगला, छोटू, लाला रविन्द्र, सुफियान कुरैशी, संचित कुमार संगल, व्यापार मंडल के संरक्षक अरविन्द गोयल, प्रवीण संगल, समीर कुरैशी, विक्की, अंकुर और नानू आदि मौजूद रहे।

# जीवन के प्रथम एक हजार दिवस अत्यंत महत्वूपर्णः डॉ. रिम्पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर इसमपाल के निर्देशन में डॉक्टर रिम्पल चौधरी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर एवं डॉ वरुण चौधरी चिकित्सा अधिकारी राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय खादर वाला ने ताराचंद वेदिक पुत्री महाविद्यालय मुजफ्फरनगर में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया इस सेमिनार में डॉक्टर रिम्पल चौधरी ने पोषण पखवाड़े की मुख्य थीम जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया । इसके अतिरिक्त कुपोषण प्रबंधन, स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देना तथा छात्राओं को पोषण ट्रैक्टर के बारे में जानकारी दी।

डॉक्टर वरुण चौधरी में छात्राओं को भारत रत्न श्री भीमराव अंबेडकर जी के जीवन के संघर्षो एवं उनका आधुनिक भारत के निर्माण में योगदान पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम में वैदिक पुत्री महाविद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता चौधरी एवं समस्त स्टाफ ने सराहनीय योगदान दिया। सेमिनार में लाभार्थी छात्राओं की संख्या 175 रही ।



## पुलिस ने सट्टा करने वाले युवक को गिरफ्तार किया

**मीरापुर।** पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकल्लमपुरा दायमपुरा में पानी की टंकी के पास से सटे की खाईबाडी करते हुए एक युवक को मय नगदी व सटा पर्ची सहित गिरफ्तार कर लिया।

मीरापुर पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि मुकल्लमपुरा में पानी की टंकी के पास कुछ युवक सटी की खाईबाडी का कार्य कर रहे है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 530 रूपये, एक डायरी आदि बरामद हुए। आरोपी ने अपना नाम फुरकान पुत्रा सुक्कू निवासी मौहल्ला कोटला मीरापुर बताया।

विवाद्यको के स्थिरीकरण के लिये समन आदेश 5 के नियम 1 व 5

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज सीनियर डिवीजन मुजफ्फरनगर**

मूलवाद संख्या 327 सन् 2022

दीपक कुमार पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम करोदा हाथी, जिला शामली द्वारा अपने मुख्तारेआम रमन कुमार पुत्र श्री चन्द्रपाल सिंह निवासी ग्राम करोदा हाथी जिला शामली। ............**वादी**

**बनाम**

कुलदीप पुत्र स्व0 बाबूराम निवासी ग्राम रामपुर परगना व तहसील व जिला मुजफ्फरनगर।........**प्रतिवादी**

वादी ने आपके विरूद्ध तकसीम महायदे के लिये वाद संस्थित किया है अत: आपको इस न्यायालय मे तारीख 18.04.2025 को दिन 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात उपस्थित होने के लिये समन किया जाता है तो आप मान्य न्यायालय मे स्वंय या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसजात उपस्थित हो सकते है जिसको सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो, जो कि ऐसे सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसी सब दस्तावेज जो आपके कब्जे व शक्ति में हो पेश करे जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा य प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि आप यदि ऊपर बतायी तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं आये तो वाद की सुनवाई और उसका निबटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। आज बतारीख 21/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकार जारी किया गया। नियुक्ति तिथि वास्ते प्रतिवाद पत्र व तनकी 18.04.2025

**आज्ञा से**
**मुंसरिम/न्यायाधीश**
**सिविल जज (सीनियर डिविजन)**
**मुजफ्फरनगर (उ0प्र0)**

**इत्तिलानामा बनाम रेस्पोन्डेन्ट मुशहर इत्तिला तारीख के जो समाअत अपील के लिए मुकर्रर की जाये** (आर्डर 41, कायदा 14) **न्यायालय अपर जिला जज कोर्ट नं. 4 मुजफ्फरनगर** सिविल रिविजन नं. 14 सन 2024 **श्रीमति लीला देवी बनाम चरण सिंह आदि** अपील बनाराजी आदेश अदालत सिविल जज (सी.डि.) फास्ट ट्रैक कोर्ट मुजफ्फरनगर मूर्बारखा 22 माह 11 सन 2023 ई. **बनाम** 2- पप्पू पुत्र श्री विक्रम सिंह निवासी ग्राम शोरो तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर। 3- सुनील कुमार पुत्र श्री ओमपाल निवासी ग्राम भोकरहेडी तहसील जानसठ जिला मुजफ्फरनगर। 5- ओमपाल पुत्र कबूल निवासी मौहल्ला नया बांस मुजफ्फरनगर। मुत्तिला हो कि अपील बनारजी आदेश मुकदमा मुन्दरजाबाला ने पेश किया और इस अदालत में दर्ज रजिस्टर हुआ अदालत ने तारीख **21.04.2025** वास्ते समाअत इस अपील के मुकर्रर की है। अगर खुद या आपका वकील या कोई शक्स जो कानून आपकी तरफ से अपील हाजा में जवाब व सवाल करने का मजा हो हाजिर न आवेगा तो उसकी समाअत और तजवीज आपकी गैर हाजिर में की जायेगी आज बतारीख माह 04 माह 04 सन 25 ई. मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत में जारी किया गया।

**अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश**
**कोर्ट संख्या-4 मुजफ्फरनगर**

# संचारी रोग जागरूकता को लेकर प्रतियोगिता आयोजित

**बुढ़ाना।** शिक्षण संस्था आर्य कन्या इंटर कालेज बुढाना में बुधवार के दिन संचारी रोग जागरूकता अभियान मे एक अनूठी पहल की गई। यहां संच. ारी रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज की कई छात्राओं ने अपनी मधुर वाणी से लोकगीत प्रस्तुत किया। उन्होंने संचारी रोगों से बचाव और सावधानियों के बारे में गीत के माध्यम से जानकारी दी। इस अभिनव प्रयास से छात्र-छात्राओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम में कालेज की प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी ने छात्राओं को संचारी रोगों से बचाव और नियंत्रण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि



जन जागरण ही संचारी रोगों से बचने का सर्वोत्तम उपाय है। संचारी रोगों से संक्रमित रोगियों के संपर्क, प्रदूषित जल और प्रदूषित भोजन के कारण ये रोग तीव्र गति से फैलते हैं। आज मलेरिया, डायरिया, चेचक, एड्स व हेपेटाइटिस जैसे खतरनाक संचारी रोग लोगों को जानकारी के अभाव में दुखी कर रहे हैं। खतरनाक विषाणु व जीवाणुओं का संक्रमण इन रोगों को फैलाने का कार्य कर रहा है। उचित जानकारी ही इन रोगों से हमें बचा सकती है। संचारी रोगों से पीड़ित मरीजों की बेहतर देखभाल और इलाज बहुत जरूरी है।

# डीजे के संचालन से दुखी युवक ने पुलिस से की शिकायत

**बुढ़ाना।** डिस्क जॉकी यानि डीजे जिस पर बजने वाली ढ़मक के आतंक से दुखी बुढ़ाना निवासी एक युवक रविंद्र ने पुलिस मे शिकायत की है। उसने बताया कि हमारे आसपास आए दिन विवाह, शादी व अन्य आयोजनों में बजने वाले डीजे की आवाज व ढुमक बहुत ज्यादा होती है। डीजे की ढुमक से घरों में रखे बर्तन व दुकानों में रखे सामान भी नीचे गिर जाते हैं। जिससे दुकानदारों व घर के सामान का काफी नुक्सान होता है। यहां तक कि घरों में लगी खिड़कियां व लेंटर आदि भी डीजे पर बजने वाली ढुमक की तेज आवाज से हिलने लगते हैं और ये ढुमक इतनी तेज होती है कि दिल के वृद्ध मरीज व छोटे बच्चे आदि सभी ढुमक से परेशान हैं और कभी कभार तो उनकी हालत बिगड़ जाती है। फिर डॉक्टर को हजारों रुपए देकर अपना इलाज करना पड़ता है। वहां पास ही 3 बारातघर बने हैं। जिनमें आए दिन शादियां होती हैं और शादी व विवाह में बजने वाले डीजे की ढुमक तेज होने की वजह से आसपास के रहने वाले व्यक्तियों को काफी परेशानी होती है लेकिन एक दूसरे को देखते हुए और बुराई से बचने की वजह से यह सोच कर कि हमारी दुश्मनी न हो जाए और फिर कोई हमारे बच्चों से बदला ले पुलिस में कोई हमारी छोटी मोटी शिकायत देकर हमारे ऊपर झूठे इल्जाम ना लगा दे इससे बचने के लिए कोई शिकायत नहीं करता है लेकिन तेज ढुमक से परेशान सब व्यक्ति हैं। यहां तक कि डीजे की तेज ढुमक के साथ होने वाले आयोजनों के साथ चलने वाले पुलिसकर्मी भी तेज ढुमक से काफी परेशान होते हैं। कभी-कभी तो आवाज व झंकार इतनी तेज होती है कि कानों को सुनना ही बंद हो जाता है। इसके बाद भी पुलिसकर्मी अपनी डड्यूटी निभाते हुए सब कुछ बर्दाश्त करते हैं। इस तेज ढुमक से परेशान व्यक्ति ने पहले तो 1076 पर फोन करते हुए समस्या बताई। इसके बाद जांच के लिए मौके पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस ने कहा कि तुम बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर दो। समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके बाद पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाली में पहुंचकर कोतवाल आनंद देव मिश्र को लिखित में शिकायत की। समस्या को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल ने कहा कि ये समस्या बहुत ही गंभीर है।

**संबंध विच्छेद**

मेरा पुत्र अशरफ व उसकी पत्नी श्रीमती तरन्नुम मेरे व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड गए हैं। इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**तेहरूनिशा पत्नी श्री असलम**
**निवाली-म.नं. 1422/316**
**खालापार दक्षिणी**
**थाना खालापार,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

**आवश्यकता है**

**चंद्रशेखर आजाद पी.जी. कॉलेज चरथावल मु.नगर** माँ शाकुम्भरी विश्व विद्यालय पुवारका सहारनपुर से समबद्ध (स्ववित्त पोषित) कॉलेज कोड 713

**आवश्यकता है**

बी.बी.ए- 03 पद, बी. सी. ए. -03 पद, अर्थशास्त्र स्नातक स्तर - 01 पद, अंग्रेजी स्नातक स्तर -01 पद, गृह विज्ञान स्नातक एवं परास्नातक - 03 पद, हिंदी स्नातक 01पद, कम्प्यूटर साइंस 01 पद स्नातक, राजनीतिक विज्ञान 01पद स्नातक

शैक्षिक योग्यता एवं वेतनमान वि.वि. एवं यु.जी.सी. के नियमानुसार देय, सभी इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण पत्र 20 अप्रैल 2025 तक महाविद्यालय मे उपलब्ध कराये

**सम्पर्क सूत्र 9412513213 (सचिव)**
**9758341052 (प्राचार्य)**

**BHAGWANT COLLEGE OF LAW**
Bhagwantpuram,
Bijnor-Delhi Highway,
Distt. Muzaffarnagar
(U.P.)-251315

**REQUIRED**

Principal and Asst. Prof. in LLB and B.A.LLB

**Qualification:** As per the BCI/UGC/State Govt. and Maa Shakumbhari University, Saharanpur, Norms. Candidates having the qualification and good knowledge may apply on above address

**E-mail:**
**hrbgi2017@gmail.com**
**Mob: 7830601000, 8859901120**

## चेक बाउंस के मामले में ग्रामीण को जेल भेजा

**बुढ़ाना।** पुलिस ने एक चेक के बाउंस होने के मामले में एक वारंटी को बुधवार के दिन गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार बुढाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह के निर्देश पर बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र के नेतृत्व में बायवाला पुलिस चौकी प्रभारी किशन पाल सिंह यादव ने हैड कांस्टेबल सचिन कुमार और हैड कांस्टेबल सुनील कुमार के सहयोग से किसी खास मुखबिर की सटीक सूचना पर चेक बाउंस के एक वारंटी अमित कुमार उर्फ भूरा पुत्र राम प्रसाद निवासी ग्राम कुरथल को उसके मकान से गिरफ्तार कर लिखा पढ़ी करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस लगातार पुराने मामलों में कार्यवाही कर जनता का विश्वास जीत रही है।

# योगी सरकार के आने से शिक्षा माफियाओं पर कसी नकेलः श्रीचंद

**मंसूरपुर।** एमएलसी भाजपा सरकार में नकल पर लगी रोक, शिक्षा माफिया नजर नहीं आ रहेरू श्रीचंद शर्मा श्रीचंद शर्मा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में शिक्षा के क्षेत्रा में पुरजोर सुधार हुआ है। जब से उप्र में भाजपा की सरकार आई है, नकल पर पूर्ण रूप से रोक लगी है। अब तो शिक्षा माफिया भी कहीं नजर नहीं आ रहे हैं। इतना ही नहीं शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए लगातार नई नियुक्तियां निकाल कर युवाओं को रोजगार देने का प्रयास किया जा रहा है। एमएलसी श्रीचंद शर्मा बुधवार को होली चाइल्ड पब्लिक इंटर कॉलेज जड़ौदा में शिक्षक प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिक्षा, शिक्षक एवं विद्यार्थियों की उन्नति को लेकर आयोजित ष्शैक्षिक संवाद से संवृद्धि गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। गोष्ठी में माध्यमिक शिक्षा वित्त पोषित विद्यालय,सीबीएसई. के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर उप्र के कौशल विकास राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने कहा कि शिक्षक को बहुत बड़ी जिम्मेदारी माता-पिता अपने बच्चों के लिए देते हैं और शिक्षक उस बच्चों को शिक्षा देकर उसके जीवन में रोशनी पैदा करता है। बढ़िया समाज के निर्माण के लिए शिक्षक का बहुत बड़ा योगदान रहता है। गोष्ठी की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष डा. सुधीर सैनी एवं संच. ालन जिला संयोजक शिक्षक प्रकोष्ठ कैप्टन डॉ. प्रवीण चौधरी ने किया। शैक्षिक संवाद से संवृद्धि गोष्ठी में जिला सहसंयोजक सतीश शर्मा, जिला सहसंयोजक संदीप मलिक, जिला अध्यक्ष वित्तविहीन प्रदीप पुंडीर, अशोक त्यागी, महेशपाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, नीरज बालियान, विराज तोमर, दुष्यंत त्यागी, डा. बृजभूषण वर्मा, डॉ. रणवीर सिंह, पंकज धीमान,, अजय कुमार, दिनेश कुमार, क्षितिज मिश्रा, चंद्रमोहन, परविंदर लटियान, पंकज महेश्वरी, मगनवीर सिंह, कपिल कुमार, अमित कुमार, दिनेश शर्मा, गो. विंद वर्मा, विजेंद्र सिंह, गुरदीप सिंह, नीरज कुमार, भानु शर्मा, उमेश चौरसिया, डॉ ओमपाल सिंह, सूचित त्यागी, बबलू सैनी, कुलदीप सिवाच, चंद्रवीर सिंह आदि शिक्षक, प्रधानाचार्य एवं प्रबंधक उपस्थित रहें। विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया ने आभार व्यक्त किया।

## दबंगों ने दलित के खेत में खड़े पेड़ों को काटा

**मोरना।** भोपा थाना क्षेत्र के गाँव सीकरी निवासी दलित किसान सौराज ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि गांव सीकरी में खसरा नंबर 20 में पीड़ित की ख्रषि भूमि है। दलित का आरोप है कि गांव के एक दबंग व्यक्ति ने उसकी जमीन के कुछ हिस्से पर अपनी दबंगता के कारण कब्जा किया हुआ था । शिकायत के बाद तहसील के कर्मचारियों द्वारा दलित किसान की जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया गया था। जिसमें पीड़ित द्वारा यूकेलिप्टस के पेड़ लगा दिए थे। आरोप है कि गांव के ही एक दबंग व्यक्ति द्वारा किसान को नुकसान पहुंचाने के लिए खेत में खड़े 130 पेड़ो को चोरी से काट लिए । सूचना पर पीड़ित अपने खेतों पर पहुंचा तो दबंगों ने पीड़ित के सभी पेड़ काट दिए थे। पीड़ित मौके से पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की बात कही है। वहीं पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्रा देकर कार्यवाही की मांग की है।

# डॉ. आम्बेडकर ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिलायाः प्रो. देवेश

**मुजफ्फरनगर।** डीएवी कॉलेज में स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न डॉ. भीम राव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष में 15 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय 'संविधान के पूर्व एवं पश्चात महिलाओं की स्थिति रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर देवेश कुमार त्यागी ने की। अपने संबोधन में उन्होंने डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके द्वारा भारतीय संविधान में महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित करने में किए गए महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने न केवल महिलाओं को समानता का अधिकार दिलाया बल्कि उन्हें सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य किए।विभागअध्यक्ष प्रो ओमदत्त ने संविधान से पहले और बाद में महिलाओं की स्थिति में आए बदलावों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार डॉ. अम्बेडकर के प्रयासों से महिलाओं को शिक्षा, संपत्ति और मताधिकार जैसे महत्वपूर्ण अधिकार प्राप्त हुए, जिससे उनका सामाजिक स्तर ऊंचा हुआ। इसके आलावा डॉ के पी सिंह ने भी विषय पर अपने विचार व्यक्त किये।इसके आलावा छात्र/छात्राओं अमन, रिया, रिया त्यागी, सहजाद, शौरभ आदि ने अपने विचार रखे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. शैलजा सिंह ने कुशलतापूर्वक किया।

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र सं. 13723, दिनांक 20.12.2014 में गलती से पुत्री का नाम जारा खान अंकित हो गया है, जबकि उसका वास्तविक नाम ऐमन जारा है और भविष्य में भी उसे इसी नाम से जाना जायेगा। संशोधन हेतु शपथ पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**श्रीमती शाहिस्ता पत्नी फिरोज खान**
**निवासी- नया साउथ खालापार,**
**जिला- मुजफ्फरनगर।**
**मोबाइल नम्बर- 9027311394**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का स्कूल में नाम मौहम्मद फाईज (MOHAMMAD FAAIZ) है और अब मैने अपने पुत्र का नाम बदलकर फाईज अब्बास (FAAIZ ABBAS) रख लिया है, भविष्य में मेरे पुत्र को फाईज अब्बास (FAAIZ ABBAS) के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

**शाहिद हुसैन पुत्र स्व.श्री फरागत हुसैन निवासी 41/4, अबूपुरा पंचदरा मुजफ्फरनगर**

# बर्फ के ठेले को ट्रैक्टर से कुचलकर मजदूर परिवार के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** ढांसरी गांव मे गंग नहर के संकरे पुल से गुजर रहे बर्फ के ठेला संचालक द्वारा दबंग ट्रेक्टर चालक से रास्ता मांगा गया। तो दबँगो द्वारा इसकी सजा पूरे परिवार को दी गयी। दंबगो ने ट्रेक्टर से ठेले को कुचलते हुए हिंसा का तांडव किया। मजदूर कश्यप परिवार के सदस्यों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। पीड़ितों ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी लता पत्नी धर्मवीर कश्यप ने थाने आकर बताया की परिवार का ही विमल कश्यप ठेले पर बर्फ बेंच कर परिवार की आजीविका चलाता है। विमल गांव स्थित नहर के संकरे पुल से गुजर रहा था कि सामने से आ रहे ट्रेक्टर चालक से विमल ने रास्ता देने को कहा जिस पर ट्रेक्टर चालक ने पारा चढ़ाकर विमल को गलियां देनी शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपी ने बर्फ के ठेले को ट्रेक्टर से कुचल दिया। तथा विमल के साथ मारपीट की। पिटाई व सरेआम हुए अपमान को सहकर विमल घर पहुंचा। आरोप है की कुछ देर बाद गुर्जर समाज के दर्जनों व्यक्ति घर मे घुस आये और लाठी डंडो से मारपीट शुरू कर दी जिसमें लता सहित परिवार के विपिन, मुन्नी, सोहनवीर घायल हो गये। वहीं मारपीट की वीडियो बना रहे डॉ. स्वराज कश्यप को आरोपियों ने छत से फेंक दिया। तथा डॉ. स्वराज की गर्भवती पत्नी नीतू के साथ भी मारपीट की गयी। घायल डॉ. स्वराज को गंभीर हालत मे अस्पताल ले जाया गया। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।



# क्षेत्रवासियों ने खतौली को जिला बनाने की मांग उठाई

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बा शामली को जिला बनाने के बाद अब खतौली वासियों ने भी कस्बा खतौली को जिला बनाने का बिगुल बज उठा है, जिसके लिए नगरवासी जनसम्पर्क कर जल्द ही एसडीएम को ज्ञापन देने की बात कही है। नगर वासियों द्वारा उठाई जा रही इस मांग का समाज सेवी और नेता समेत व्यापारी भी समर्थन कर रहे है। जनता की मांगो को देखते हुए क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जनता को आश्वासन देते हुए खतौली को जिला बनाने का आश्वासन दिया।

तहसील खतौली का कस्बा खतौली नेशनल हाइवे और जीटी रोड के समीप बसा हुआ है जो कि तीन कस्बे बुढाना, खतौली, जानसठ को आपस मे जोड़ता है, खतौली विधानसभा की आबादी लगभग सात लाख है और वोटर तीन लाख है। जिसके आसपास कोतवाली जानसठ, बुढाना, खतौली है, रेलवे स्टेशन,



रोडवेज बस स्टैंड, बिजलीघर, एक्सईएन ऑफिस, चीतल पार्क, तीन कन्या डिग्री कॉलिज, और दर्जनों सरकारी और प्राइवेट इंटर कॉलेज भी है। औद्योगिक ख्रष्टि से यहां कई उद्योग स्थापित हैं, खतौली और मंसूरपुर में शुगर मिल है। उत्पादन और भंडारण क्षमता की माप की ख्रष्टि से खतौली की त्रिवेणी चीनी मिल एशिया की सबसे बड़ी चीनी मिल है। यह मिल 1933 से चालू है, जो कि एशिया में दूसरे नम्बर पर आती है। खतौली एक बड़ा, ग्रामीण शहर है और कुछ पर्यटक आकर्षण प्रदान करता है। ऊपरी गंगा नहर के किनारे स्थित खतौली की स्थिति क्षेत्र के मुख्य पर्यटक आकर्षण के रूप में कार्य करती है। धार्मिक ख्रष्टि से देश और विदेश से अनेक लोग शुक्रताल धर्म नगरी में गति व शांति के लिए पूजा कराने आते हैं। जिला बनने पर खतौली विकास और तरक्की की नई ऊंचाइयों को छुएगा। क्षेत्रीय विकास पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजवीर सिंह उर्फ टीटू का कहना है कि खतौली जिला बनने का सभी मानक पूरे कर रहा है जहाँ सभी सरकारी दफ्तर, एशिया की बड़ी शुगर मिल, रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैंड, नेशनल हाइवे है, जिला बनने से खतौली का विकास होगा। खतौली जिला बनने से विकास की राह खुलेगी सरकार से लोगों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि वे जल्द ही खतौली को जिला बनाने के लिए सीएम और पीएम और उच्चाधिकारियों को जल्द ही ज्ञापन सौपा जाएगा। उनका कहना था कि जिला बनने के बाद खतौली तहसील से कलेक्ट्रेट बन जाएगी जिसके बाद खतौली तहसील क्षेत्र के लोगों को इंसाफ के लिए दूर नही जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं के लिए सबसे बड़ी खुशी का दिन होगा जब खतौली जिला बनेगा उन्होंने कहा कि खतौली कस्बे में स्वास्थ्य विभाग और शिक्षा की स्तिथि खराब है। राजवीर सिंह ने कहा कि उनकी पुरानी मांग पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश अलग राज्य बना तो खतौली को जिला बनने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने कहा कि बुधवार को उन्होंने भाजपा सरकार के मंत्रियों और मुख्य सचिव से मुलाकात कर खतौली को जिला बनाने के लिए वार्ता कर चुके है। उन्होंने कहा कि वे खतौली को जिले में तब्दील कराकर ही दम लेंगे।

# ध्यान योग के बिना सम्भव नहीं है साधना:कशिश जोशी

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेंटर मे आयोजित मैडिटेशन कार्यक्रम मे धयान योग साधना का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुस्तक सौगात का वितरण का किया गया।

कार्यक्रम मे पहुंची साधवी कशिश जोशी ने कहा की ब्रह्म तत्व को पाने के लिए आत्मा को शुद्ध करना होगा और आत्मा की शुद्धि के लिए आंतरिक विकारो को दूर करना होगा। अनेक बुरे विचारों से ग्रसित आत्मा को अच्छे विचारों और अच्छे कर्मो से साफ करना होगा।महिला संगठन की ममता त्यागी ने कहा की महिलाएं संस्कारो की जननी हैं। आज के भर्मित समाज को महिलाएं उचित व प्रभावशाली दिशा देने का कार्य करें। दृढ़ संकल्प के साथ महिलाएं आगे आएं और समाज को आदर्श दिशा प्रदान करें। बी के प्रवेश दीदी ने कहा की शिव बाबा का प्रसाद प्रत्येक के लिए है। धयान योग साधना के द्वारा शिव बाबा की विशाल कृपा को पाना होगा। विश्व मे शान्ति के लिए हिंसा को त्यागना होगा। और हिंसा का त्याग मन से माहौल से होगा। योग साधना का प्रशिक्षण लेकर हम जीवन मे शान्ति का संचार करेंगे।कार्यक्रम के उपरांत पुस्तक प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से बी के बीनू दीदी बी के श्रवण भाई, बी के प्रियांशी दीदी आदि उपस्थित रहे।



# मोदी सरकार में भारत बनेगा तीसरी आर्थिक महाशक्ति: सुधीर सैनी

**मुजफ्फरनगर।** साकेत कॉलोनी में ब्रह्माकुमारीज के जिला मीडिया प्रभारी केतन कर्णवाल के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में सुधीर सैनी के भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष बनने पर साकेत कॉलोनी के गणमान्य लोगों ने पगड़ी व फूल माला पहना कर स्वागत किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर सुधीर सैनी ने कहा कि मुझे गर्व है कि मुझे एक ऐसी पार्टी का तीसरी बार जिला अध्यक्ष बनाया गया है जिसके शासन में महिला शक्ति को पूरा सम्मान दिया जाता है,जिसके शासन में भारत ब्विव में तीसरी आर्थिक शक्ति बन गया ह।इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जिला संयोजिका नीरज गौतम ने कहा कि डॉ सुधीर सैनी सभी लोगों की समस्याओं का समाधान पूरी तत्परता से कराते है। कार्यक्रम में उमा,सुनीता शर्मा,मंजू, गीता कर्णवाल,ज्योति,हिना, अनिल बत्राा,सुबोध दीक्षित,संजय गौतम,धर्मपाल सिंह, ब्रज मोहन शर्मा, देवदत्त शर्मा ,संजय रॉयल, रविन्द्र कर्णवाल,प्रमोद कर्णवाल रामपुरी,उमंग कर्णवालआदि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त समाचार

### टूर्नामेंट में चौथे दिन किंग्स 11 का धमाका



**बुढ़ाना।** कांधला रोड पर स्थित एमआई एकेडमी ग्राउंड पर चल रहे एक माह लंबे क्रिकेट टूर्नामेंट में आज बुधवार के दिन चौथे दिन का मुकाबला बेहद रोमांचक और दर्शकों के लिए दिलचस्प रहा। टूर्नामेंट संयोजक राहिल जावेद के नेतृत्व में हो रहे इस आयोजन में किंग्स 11 टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम आरसीबी को 76 रनों के बड़े अंतर से शिकस्त दी। मैच की शुरुआत में किंग्स 11 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का फैसला किया और यह निर्णय पूरी तरह से उनके पक्ष में गया। टीम के स्टार खिलाड़ी इमरान ने विस्फोटक अंदाज़ में बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 67 गेंदों पर 140 रन ठोक दिए। उनकी पारी में चौकों और छक्कों की बरसात ने मैदान पर मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। इमरान के योगदान से किंग्स 11 ने निर्धारित 20 ओवरों में 225 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। आरसीबी की टीम लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो शुरुआत में कुछ उम्मीद दिखाई दी। खासकर बल्लेबाज़ मोहम्मद फुरकान ने 18 गेंदों में 30 रनों की तेज़ तर्रार पारी खेली जिसमें 3 चौके और 2 शानदार छक्के शामिल थे लेकिन किंग्स 11 की धारदार गेंदबाज़ी के सामने आरसीबी की बाकी बल्लेबाज़ी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम 19वें ओवर में 149 रन बनाकर ऑल आउट हो गई।मैच में इमरान की हरफनमौला प्रदर्शन ने सभी को प्रभावित किया न सिर्फ उन्होंने बल्ले से रनों की बारिश की बल्कि स्पिन गेंदबाज़ी में भी कहर बरपाते हुए कई महत्वपूर्ण विकेट झटके और मैच का रुख पूरी तरह से अपनी टीम की ओर मोड़ दिया। उनकी इस शानदार ऑलराउंड परफॉर्मेंस के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। यह टूर्नामेंट फेंस कैफे मुज़“फरनगर रोड बुढ़ाना द्वारा प्रायोजित है और इसमें भाग ले रही विभिन्न टीमें एक महीने तक चलने वाले इस क्रिकेट महाकुंभ में अपने हुनर का प्रदर्शन कर रही हैं। स्थानीय लोगों में टूर्नामेंट को लेकर जबरदस्त उत्साह है और हर दिन भारी संख्या में दर्शक मैदान पर पहुंचकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ा रहे हैं। बुधवार का यह मुकाबला न सिर्फ इमरान के करिश्माई खेल की वजह से यादगार बना बल्कि किंग्स 11 की टीम के लिए भी एक नई ऊर्जा लेकर आया है। आने वाले मैचों में इस टीम से और धमाकेदार प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है।

**छपार ।** जंगली कुत्तों ने एक हिरण को घायल कर दिया उसने गांव में घुसकर जान बचाई। ग्रामीणों ने डायल 112 को सूचना दी। पशु चिकित्सक ने उपचार के बाद वन विभाग के कर्मचारियों को सौंप दिया। बुधवार को जंगल में कुत्तों ने हिरण को फाडकर घायल कर दिया वह जान बचाने को गांव तेजलहेडा में घुस गया वहां ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई। प्रतेप कुमार ने डायल 112 को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने बसेडघ पशु चिकित्सक प्रभारी विजय भूषण को बुलाया और उपचार कराकर वन विभाग की टीम को सौंप दिया।

# जानसठ रोड पर प्लास्टिक के गोदाम में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के जानसठ रोड पर प्लास्टिक के गोदाम में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। दमकल को दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंच कर मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

आग में हजारों का नुकसान होना बताया गया। जानसठ रोड पर शाकिर निवासी तावली का प्लास्टिक को गोदाम है। बुधवार को दोपहर के समय अचानक गोदाम में पडे प्लास्टिक में आग लग गयी। आग की सूचना गोदाम मालिक ने दमकल विभाग को दी। जानकारी मिलने पर एफएसओ आरके यादव दो गाडी लेकर मौके पर पहुंचे। गाडियों के पहुंचने से पहले गोदाम मालिक ने स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया। मौके पर आयी दमकल विभाग की गाडियों ने लगभग आंधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग से गोदाम मालिक को हजारों का नुकसान हुआ है। आग शार्ट सर्किट से लगी थी। गोदाम मालिक ने बताया कि घटना के समय गोदाम में पानी का मोटर चल रहा था। शार्ट सर्किट के कारण तारों में आग लग गई और देखते ही देखते आग प्लास्टिक की बोरियों में लग गई।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए अनजान से न करें व्यक्तिगत बातों को साझा

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डॉक्टर अजय कुमार के निर्देशन में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीतिश सचदेवा ने उपस्थित छात्रो को विधिक जानकारी देते हुए उनके अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में जागरूक किया आगामी 10 मई को लगने वाली लोक अदालत के बारे में विस्तार से बताया किस प्रकार छात्रों के अभिभावक का यदि कोई भी विवाद न्यायालय में प्रचलित है उसका निस्तारण सरल एवं आसान तरीके से लोक अदालत के माध्यम से कराये लोक अदालत के दौरान बैंक विवाद यातायात विवाद विद्युत विवाद जमीनी विवाद घरेलू हिंसा विवाद आदि का निस्तारण आपसी समझौते के तहत किया जाता है साइबर क्राइम के बारे में मान्य मुख्य अतिथि ने छात्रों को अनावश्यक लिंक अनावश्यक एप्लीकेशन आदि को डाउनलोड ना करें किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपनी व्यक्तिगत बातों को साझा ना करें किसी को अपना बैंक पासवर्ड ओटीपी ने बताएं छात्राओं को बताया यदि वह अपनी डीपी को फेसबुक पर अगर लगाती है उस प्रोफाइल लॉक रखें किसी भी अपराध को केवल जागरूकता के द्वारा ही खत्म किया जा सकता है विद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों का अंग वस्त्र पहनकर सम्मान किया एवं इस प्रकार के कार्यक्रम छात्राओं को जागरूक करने के लिए विद्यालय में आने का आग्रह किया कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय शिक्षक गण एवं पैरालेगल वालंटियर धनीराम जी व गौरव मालिक उपस्थित रहे।



# एसडी मैनेजमेंट में छात्रों के लिए उद्यमिता अवसर पर कार्यशाला सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** संस्थान नवाचार परिषद, एसडीसीएमएस द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक चरण के उद्यमियों के रूप में छात्रों के लिए इनक्यूबेशन अवसर' पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

संस्थान नवाचार परिषद, एसडीसीएमएस द्वारा विद्यार्थियों के लिए प्रारंभिक चरण के उद्यमियों के रूप में छात्रों के लिए इनक्यूबेशन अवसर पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट प्राचार्य डा. आलोक कुमार गुप्ता जी व इन्क्यूबेशन सेंटर के इन्चार्ज मि. मुकुल जैन ने किया। कार्यक्रम में एम.बी.ए., एम.सी.ए. के लगभग 40 छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें। कॉलेज प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने हाल के परिख्रश्य में नवाचार की भूमिका और महत्व के बारे में चर्चा की। उद्यमिता में नवाचार एक विचार को वस्तुओं या सेवाओं में बदलना है जो मूल्य बनाते है। व्यवसाय में नवाचार प्रक्रियाएं उत्पादों या सेवाओं को ग्राहकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने में मदद कर सकती है और संगठन के प्रतिस्पर्धी लाभ को बढघ सकती है। सत्र के दौरान, एसडीसीएमएस, इनक्यूबेशन फाउंडेशन के इनक्यूबेशन मैनेजर मुकुल जैन ने विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य इनोवेटर्स के लिए विभिन्न इनक्यूबेशन अवसरों के बारे में चर्चा की, जिनके पास कुछ नवीन विचार हैं और वे अपना व्यवसाय उद्यम स्थापित करना चाहते हैं। इस उद्देश्य के लिए, मुकुल जैन ने परिसर के भीतर और आसपास के क्षेत्र में भी इनोवेटर्स के नवीन विचारों के उत्थान के लिए एसडीसीएमएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्धएक सेक्शन 8 कंपनीऋ द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं पर चर्चा की। प्रौद्योगिकी नवाचार संकाय सदस्यों को अनुसंधान अनुदान प्रदान करता है तथा अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करता है जिनके कार्य से समाज को लाभ पहुंचाने, बाजारों और उद्योगों में बदलाव लाने तथा विश्व भर में लोगो के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने की संभावना दिखती है। कार्यक्रम के समन्वयक प्रवक्ता तुषार भारद्वाज रहें। उन्होने बताया कि नवाचार एवं उद्यमिता एक ऐसा कार्यक्रम है, जो छात्रों को नए व्यावसायिक उद्यम और अग्रगामी समाधान तैयार करने में सक्षम बनाता है। सिद्धांत आधारित उद्यमशील नेतृत्व के माधयम से उद्यम स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध छात्रों के लिए फेलोशिप कार्यक्रम चलाता है तथा वैश्विक उद्यमशीलता के अवसरों का अनुभव प्राप्त करने के इच्छुक छात्रों को अनुदान प्रदान करता है। इस अवसर पर एम.बी.ए. ध एम. सी.ए. विभाग के संकाय संदस्य रितू मित्तल, डा. विभूति अग्रवाल, पारूल कुमार, देवेश गुप्ता, आदित्य कश्यप, आस्था सिंघल, प्रशान्त तोमर, जितेन्द्र कुमार, अंकुर अग्रवाल, अन्नु त्यागी, अंकित कुमार, डा. अनम जैद, आशीष कुमार, नितिका सिंह, उमंग शर्मा व आयुष गुप्ता आदि समस्त शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राओं उपस्थित रहें।

## पत्ती जलाते समय वृद्ध की जलकर मौत

**बुढाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव उमरपुर निवासी लगभग 56 वर्षीय मंगता राणा बीती मंगलवार की देर शाम गांव उमरपुर में स्थित अपने खेत में अकेला ही ईख कटने के बाद खेत में पड़ी हुई पत्ती को फूंक रहा था कि अचानक से उसके कपड़ों में पत्ती की आग छू गयी और वो आग की चपेट में आकर दर्द होने पर चिल्लाने लगा तो उसके शोर शराबे के चलते मौके पर अपने खेतों पर मौजूद अन्य किसानों ने मंगता को जख्मी हालत में देख उसके परिजनों को मौके पर बुलाया और उसे नजदीकी अस्पताल में भिजवाया जहां पर उसको चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। देर रात मंगता राणा को गांव के ही कब्रिस्तान में ही सुपुर्द खाक कर दिया गया।लोगों का कहना है कि अगर मंगते के पास घटनास्थल के समय कोई घर का या कोई और होता तो उसकी मौत ना होती। घटना की सूचना मृतक के परिजनों ने पुलिस को भी दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराना चाहा लेकिन परिजनों ने मना कर दिया।



**मुजफ्फरनगर : पंजाबी नाईट में मनमोहक प्रस्तुति देते पंजाब से आये कलाकार।**

# नेत्र चिकित्सा शिविर का शुभारंभ

**मुजफ्फरनगर।** बच्चन सिंह कालोनी में अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट द्वारा विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया।

जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि अति पिछडा वर्ग के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहन प्रजापति ने फीता काट कर किया इस दौरान मोहन प्रजापति ने कहा हे कि अमूल्य जीवन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉव राजवीर सिंह प्रजापति की मुहिम अंधकार से प्रकाश की ओर मुहिम को डॉ. रजत प्रजापति आगे बढाकर लोगो के जीवन में प्रकाश भर रहे हे यह अपने आप में एक बडा परोपकारी कार्य हे ओर इस मुहिम के तहत जिले में हर महीने दर्जनों कैम्प लगाए जाते हे वहीं डॉव रजत प्रजापति ने बताया हे कि देहरादून महेश इंद्रेश हॉस्पिटल से आई अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा शिविर में सैकडों लोगों ने अपनी आंखों की निशुल्क जाँच कराई वही जिनकी आंखो में मोतियाबिंद पाया गया उन्हें बस द्वारा देहरादून महेश इंद्रेश हॉस्पिटल लेजाकर निशुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा जिसका लाना लेजाना खाना दवाई आदि सब संस्था की ओर से निशुल्क मुहैया कराई जाएगी इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी विष्णुदत्त प्रजापति, डॉ. शिवानी, डॉ निधि राठौर, सुनील कश्यप, राहुल प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी भारतवीर प्रजापति योगेन्द्र प्रजापति, आशु सैनी,आदि मौजूद रहे।




# एसडी इन्जीनियरिंग में फोटोग्राफी एवं कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** जानसठ रोड स्थित एस. डी. कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, मुजफ्फरनगर में संस्थान में अधययनरत छात्र-छात्राओं के लिये फोटोग्राफी एवं कोलाज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता, पर्यवेक्षण क्षमता तथा कलात्मक सोच को एक मंच प्रदान करना था। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को प्रकृति की सुंदरता, कॉलेज जीवन तथा शहरी जीवन की झलक जैसे विषय दिए गए थे। छात्रों ने अपने कैमरों और मोबाइल फोनों की मदद से जीवन के अनोखे क्षणों को कैद किया और उन्हें कलात्मक रूप से प्रस्तुत किया। वहीं कोलाज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न रंगीन चित्रों, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं व अन्य सामग्री का प्रयोग करते हुए सुंदर-सुंदर कोलाज बनाए। जिसमें पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण तथा डिजिटल इंडिया प्रमुख विषय रहे। कुछ छात्रों ने सामाजिक संदेशों को इतने प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया कि दर्शकों के साथ-साथ निर्णायकों ने भी उनकी प्रशंसा की। अनुभव कुमार, सचिव ने सभी प्रतिभागियों को शुभाशीष देते हुये कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होने कहा कि विद्या केवल किताबी ज्ञान नहीं होती। असली शिक्षा वह होती है जो आपको अच्छा इंसान बनाती है, सोचने की आजादी देती है, और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देती है। आप जो भी करें, उसमें अपना 100प्रतिशत दें। चाहे वह पढ़ाई हो, खेलकूद हो, या कोई अन्य सह-शैक्षणिक गतिविधि, हर क्षेत्र में पूरी निष्ठा से आगे बढ़ें।डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, निदेशक ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुये कहा कि सफलता की कोई सीधी राह नहीं होती। रास्ते में कई कठिनाइयाँ आएँगी, लेकिन वही व्यक्ति आगे बढ़ता है जो हर गिरावट से कुछ सीखकर और भी मजबूती से उठ खड़ा होता है। आप अपने साथियों की मदद करें, टीमवर्क को समझें और हमेशा एक-दूसरे का सम्मान करें।प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई। जिसमें ज्योति सिंह प्रथम, हनी द्वितीय एवं राधिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में समस्त विभागाधयक्ष तथा फोटोग्राफी क्लब के विशेषज्ञ शामिल थे।



शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जेडी व एडी हेल्थ के निरीक्षण से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को शामली जिला अस्पताल में संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य (जेडी हेल्थ) एवं अपर निदेशक स्वास्थ्य (एडी हेल्थ) ने संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई खामियां उजागर हुई, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ सफाई की व्यावस्थाऐं दुरूस्त रखने के निर्देश दिए है।

बुधवार को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा. सीमा अग्रवाल एवं अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. अशोक तालियान जिला संयुक्त चिकित्सालय में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। सबसे पहले निरीक्षण के समय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अस्पताल में



मौजूद नहीं मिले। उनके द्वारा मात्र सात अल्ट्रासाउंड किए गए थे। हालांकि, एडी हेल्थ और जेडी हेल्थ के आने की सूचना मिलने पर वह कुछ समय बाद अस्पताल पहुंचे और उन्होने प्रशासनिक मीटिंग में शामिल होने का कारण बताया। अधिकारियों ने सबसे पहले ओपीडी का निरीक्षण किया और वहां मरीजों से बातचीत की। मरीजों ने सामान्य सुविधाओं पर कुछ असंतोष भी जाहिर किया। इसके पश्चात अधिकारियों ने वार्ड का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों की स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों की वर्दी न पहनने पर अधिकारियों ने नाराजगी

**डीएम के कई दौरों के बाद भी नहीं सुधरी सरकारी अस्पताल की व्यवस्था**

**कई व्यवस्था मिली ठप, सी. टी. स्कैन मशीन भी बंद मिली**

जताई और सभी चिकित्सकों को निर्धारित वर्दी में रहने के निर्देश दिए। सिटी स्कैन मशीन भी जांच के दौरान बंद मिली, जिसके पीछे नेटवर्क में खराबी को कारण बताया गया। अधिकारियों ने अस्पताल प्रशासन को व्यवस्था सुधारने के सख्त निर्देश दिए हैं। दोनो अधिकारियों द्वारा जिला अस्पताल में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। जेडी हेल्थ व एडी हेल्थ के औचक निरीक्षण से चिकित्सकों में हडकंप मचा रहा।

## प्रभात फेरी निकाली

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार स्वतंत्रता के अमृत काल में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती के 15 दिवसीय कार्यक्रम को उजागर करते हुए झंडे के साथ प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर प्रभात फेरी का शुभारंभ किया। बालिकाओं ने नगर की गलियों में हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान, वंदे मातरम, भारत माता की जय, नारे बोलते हुए बाबा साहब के जयकारे लगाए। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता रानी, सुरभि रानी, उपासना रानी, आकांक्षा रानी, नीलम रानी, साक्षी रानी, रेनू रानी, रवि कुमार, अमित कुमार, विकास कुमार, मोहित कुमार, कपिल कुमार, अश्विनी कुमार, वंदना रानी आदि उपस्थित रहे।

# जहरीले पदार्थ के सेवन से विवाहिता की मौत!

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना क्षेत्र के गांव सूबरी निवासी विवाहिता नगमा उम्र करीब 23 वर्ष पत्नी तैय्यब की मंगलवार को जहरीले पदार्थ के सेवन से उपचार के दौरान मौत हो गई है। मृतका की माता बनो पत्नी वकील निवासी बीबीपुर हटिया ने बुधवार को पुलिस को दी तहरीर में ससुराल पक्ष पर आरोप लगाया कि पुत्री के खाने में जहर देकर हत्या कर दी है। मृतका की माता बनो ने बताया कि हमने अपनी पुत्री की शादी दो वर्ष पूर्व झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव सूबरी निवासी तैय्यब पुत्र आस मोहम्मद के साथ की थी। ससुरालियों में पति तैय्यब, जेठ, सास, ससुर आदि उसकी पुत्री के साथ अतिरिक्त दहेज न देने पर मारपीट करते थे तथा मारपीट को लेकर बिरादरी के लोगों की पंचायत भी हुई थी। महिला ने ससुराल पक्ष के लोगों पर पुत्री को खाने में जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। मृतका को पीएम के बाद गांव बीबीपुर हटिया में नम आखों के साथ सुपर्दे खाक किया गया। परिजनों ने बताया कि मृतका को कोई संतान नहीं हुई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया गांव सूबरी में विवाहिता की मृत्यु की सूचना मिली थी, शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। पीएम रिपोर्ट तथा तहरीर के बाद कार्यवाही की जाएगी।



परिजनों ने ससुरालियों पर जहर देने का आरोप लगाया

## दो अभियुक्तों को कारावास की सजा

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में चोरी के मामले में 2 अभियुक्तों को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व 2,000/- रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2002 में अभियुक्तगण 1. अमीर अब्बास पुत्र फैय्याज निवासी मौ. इमामबाडा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर 2. शाहनवाज उर्फ डाक्टर पुत्र अब्बास निवासी बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय सीजेएसडी/एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा प्रत्येक अभियुक्त को 1,000-1,000/- अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अदा न करने पर 7-7 दिवस कारावास की सजा सुनाई गई है।

## कराटे में अद्विक सिंह ने जीता गोल्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के बीएसएम स्कूल के कक्षा चतुर्थ के छात्र अद्विक सिंह ने कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। विजेता छात्र को सम्मानित किया गया।



बुधवार को प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्या आशु पंडित ने छात्र अद्विक सिंह की सराहना करते हुए उसके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बताया कि इस चैंपियनशिप में लंका, भूटान, नेपाल, बांग्लादेश और देश के अलग-अलग राज्यों के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। लंका और भारत के बीच हुई चौलेंज फाइट में भारत ने 9-1 स्कोर से विजय प्राप्त की। गुरुग्राम में 12, 13 अप्रैल को आयोजित आईएसकेएफ ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2025 मैं अवेंजर्स फाइट क्लब शामली के खिलाड़ियों ने 6 स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य पदक जीत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। अवेंजर्स फाइट क्लब शामली के कोच ने बताया कि गुरुग्राम के सेक्टर 27 के कम्युनिटी सेंटर में ओपन इंटरनेशनल कराटे चौंपियनशिप आयोजित की गई थी। जिसमें अवेंजर्स फाइट क्लब शामली की टीम का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन हुआ।

# किसान दिवस में लगा शिकायतों का अंबार

**डीएम ने संबंधित अधिकारियों को किसान हित में कार्य करने के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। आयोजित किसान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने किसानों की समस्याओं को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभाग को दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग द्वारा शिकायतों में लापरवाही बरती जाती है तो उनके खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। डीएम ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा।

आयोजित किसान दिवस के अवसर पर उप कृषि निदेशक शामली द्वारा किसानों को पूर्व किसान दिवस में प्राप्त किसानो की समस्या के समाधान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिला कृषि अधिकारी शामली द्वारा कृषि विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। किसान दिवस के अवसर पर राजन जावला निवासी रामपुर खेड़ी द्वारा बताया गया



कि ग्राम डागरौड़ में पानी की टंकी खराब है इसे ठीक कराने की मांग की गई एवं गौशालाओ में पशुओं के लिए प्रयाप्त छाया की व्यवस्था की जाएं। कुलदीप पवांर, निवासी नाला द्वारा शामली शुगर मिल के ग्राउन्ड में गन्ने की खोई पड़ी हुई है जो हवा चलने पर आस-पास के घरों में जाती है जिसे ढकने की व्यवस्था की जाएं। मति कविता चौधरी निवासी पिण्डौरा द्वारा बताया गया कि ग्राम भभीसा से ग्राम डागरौड़ का रास्ता पर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसे अतिक्रमण मुक्त कराया जाएं। विदेश मलिक निवासी चूनसा द्वारा बताया गया कि यूरिया बैग उठाने में हुक का प्रयोग किया जा रहा हैं जिससे यूरिया की मात्रा कम हो जाती है यूरिया बैग उठाने में हुक का प्रयोग न किया जाएं। मैनपाल चौहान निवासी जसाला द्वारा बताया गया कि जलालाबाद टोल प्लाजा पर अभी रोड़ का कार्य पूर्ण नहीं हुआ है ओर टोल की वसूली की जा रही है। इस पर रोक लगाने की मांग की गई। कालेन्द्र मलिक निवासी करौदा हाथी द्वारा थानाभवन गन्ना मिल का भुगतान कराने की मांग की गई एवं तिलहन व दलहन खरीद केन्द्र की मांग की गई। शान्ता प्रधान जिलाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन द्वारा बताया गया कि गोहरनी,बलवा बाईपास ओर बधैव बाईपास पर आय दिनो दुर्घटना होती रहती है जिस पर ट्रफिक पुलिस की व्यवस्था की जाए और बिजली विभाग के अधिकारियों द्वारा गलत समय पर छापे मारी न की जाएं।

दुष्यन्त मलिक कुड़ाना द्वारा बताया गया कि हमारे क्षेत्र में अवैध खनन किया जा रहा है जिस पर रोक लगाने की मांग की गई। आयोजित किसान दिवस में प्रमोद कुमार उप कृषि निदेशक शामली, प्रदीप कुमार जिला कृषि अधिकारी शामली ,डा0एस0पी0 सिंह उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी शामली, आर0एस0 कुशवाह जिला गन्ना अधिकारी शामली तथा अन्य सभी विभागो के वरिष्ठ अधिकारीगण तथा कृषक प्रतिनिधि, कुलदीप पवॉर, राजन जॉवला, ऋषिपाल सिंह , मति कविता चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### मुफ्ती वजाहत कासमी के पिता शौकत अली का इंतकाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** क्षेत्र के गांव गढ़ी अब्दुल्ला खां निवासी मुफ्ती वजाहत कासमी (नेता मुस्लिम राष्ट्रीय मंच) के पिता शौकत अली का लंबी बिमारी के चलते रात्रि में इंतकाल हो गया है।जिसका बुधवार को सुपुर्द ऐ खाक गमगीन माहौल में किया गया।जिसकी सूचना पाकर थाना भवन विधायक अशरफ अली खान ने परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस दौरान अनीश, मनव्वर हसन,यावर खान, कारी अबरार जमाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मुकेश सैनी, नरेंद्र प्रधान, अजमल, अकरम, सखावत, असजद अथर आदि मौजूद रहे।



### सीनियर सिटिजन्स को मिले रेलवे टिकट में छूट का लाभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने शहर के सुभाष चौक स्थित व्यापार मंडल के प्रांतीय मुख्यालय पर हुई बैठक में कहा कि देश के बुजुर्ग व्यापारियों एवं अन्य सभी बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को रेलवे टिकट में मिलने वाली 50 प्रतिशत की छूट दोबारा लागू की जाए। बुधवार उन्होने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर देश के बुजुर्ग महिलाओं व पुरुषों को रेलवे टिकट भाड़े में 2020 से पूर्व मिल रही छूट को पुन बहाल करने की मांग की। उन्होंने बताया कि 2020 कोरोना काल से पूर्व देश की 58 वर्ष से ऊपर की आयु की महिलाओं को रेल भाड़े में 50 प्रतिशत की छूट मिलती थी। पुरुष बुजुर्गों एवं व्यापारियों को 60 साल से ऊपर के होने पर 40 प्रतिशत की छूट मिलती थी। मगर कोरोना काल में रेलवे ने घाटे का रोना रोकर यह छूट बंद कर दी थी। जबकि सभी विधायकों, सांसदों व अन्य विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को रेलवे विभाग से मिलने वाली सभी रियायतें जारी रखी। उन्होंने कहा कि देश का बुजुर्ग जीवन भर इनकम टैक्स आदि टैक्स जमा कराकर सरकार के खजाने भरता है और उसी के दिए हुए टैक्स से सभी को विभिन्न विभागों में रियायतें दी जाती है मगर इसी बुजुर्ग की सहायता करने के बजाय रेल मंत्रालय ने टिकट दरों में मिलने वाली छूट भी बंद कर दी जो बुजुर्गों पर अन्याय है। छूट बन्द करके लगभग 8913 करोड रूपए बचाकर सीनियर सिटीजन को चोट पहुंचाई है। बैठक में सुभाष चंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, नरेंद्र अग्रवाल, रवि संगल, अनुज गोयल, महेश धीमान, वैभव गोयल आदि मौजूद रहे।

### ब्लॉक में श्रम विभाग ने कैम्प लगाकर योजनाओं के प्रति जागरूक किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कैराना।** खण्ड विकास कार्यालय के प्रांगण में श्रम विभाग द्वारा एक कैम्प का आयोजन कर श्रमिकों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक किया। बुधवार को श्रम आयुक्त आंचल पांडे के निर्देश पर श्रम विभाग द्वारा खंड विकास कार्यालय कैराना के प्रांगण में एक कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में श्रमिकों को सरकार द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस दौरान श्रमिकों को उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न हितकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी गई। तथा मौके पर ही सीएससी जनसेवा केंद्र के माध्यम से श्रमिक पंजीकरण एवं नवीनकरण कराए गए। असंगठित कर्मकारों के लिए ई-श्रम कार्ड एवं प्रधानमंत्री श्रम योगी मंधन पेंशन योजना की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त कैंप में श्रमिकों को हिट वेव (लू-प्रकोप) से बचने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर श्रम परिवर्तन अधिकारी सुरेश प्रकाश गौतम,मुनव्वर जंग,गुलजार अंसारी,राजीव कुमार,अफरुन अली,उस्मान सहित भारी संख्या में श्रमिक मौजूद रहे।

# महिला उत्पीड़न के खिलाफ डा. हिमानी ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य महिला आयोग की सदस्य डा. हिमानी अग्रवाल ने महिला जनसुनवाई की। जिसमें उन्होने पीडित महिलाओं की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए।

बुधवार को महिला आयोग की सदस्य डा। हिमानी अग्रवाल ने जनसुनवाई के दौरान महिलाओं से संबंधित प्रकरणों में समस्याओं को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों में निस्तारण कराने के निर्देश दिए ताकि उन्हें चक्कर न काटने पड़े।उनके समक्ष मुख्य रूप से बुजुर्ग महिलाओं के साथ घरेलू हिंसा, प्रॉपर्टी विवाद, पेंशन राशन, दहेज आदि से संबंधित कुल 28 प्रकरण आए। जिनके नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान निर्देशित किया के जितने भी महिलाओं से संबंधित प्रकरण आए है उनकी सूची बनाते हुए संबंधित अधिकारी से निस्तारण के निर्देश दिए ताकि आगामी जनसुनवाई में प्राप्त प्रकरणों में कितने प्रकरणों में निस्तारण की कार्रवाई की गई। उन्होने सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाया जाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम शामली विनय प्रताप सिंह भदौरिया



,उप जिलाधिकारी न्यायिकधजिला प्रोबेशन अधिकारी हामिद हुसैन, क्षेत्राधिकारी अमरदीप मौर्य मौजूद रहे। महिला जनसुनवाई के उपरांत उनके द्वारा वन स्टॉप सेंटर बनत का निरीक्षण कर वहां पर दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए अल्पावास आदि का निरीक्षण किया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बनत का निरीक्षण किया गया। विद्यालय में व्यवस्थाओं को देखते हुए मिड डे मील चेक किया जोकि आज के मेनू के हिसाब से खाना बना था। मौके पर महिला थाना प्रभारी निधि चौधरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रिंसी चौधरी, वन स्टॉप केंद्र प्रभारी गजाला त्यागी मौजूद रहे।

# सरशादी लाल कंपनी पर जन स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का आरोप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका के दो वार्ड सभासदों ने एडीएम को शिकायती पत्र देकर सरशादी लाल इंटर प्राइजेज लिमिटेड ए त्रिवेण कम्पनी की शुगर पर जन स्वास्थ्य के साथ सार्वजनिक रूप से जानबुझकर खिलवाड करने का आरोप लगाया है। बुधवार को सभासद अनिल उपाध्याय, निशीकांत संगल ने एडीएम न्यायिक परमानंद झा को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि मौहल्ला दयानन्द नगर मे स्थित राज्य सरकार की 19 एकड भूमि जो 2 सितम्बर 1950 को नियमो व शर्तों के आधार पर सरशादी लाल इण्टर प्राइजेज लिमिटेड शामली को उसकी ब्रांच शामली डिसलरी कैमिकल्ल वर्क्स से निकलने वाले पानी को सोखने के उपयोग के लिए लीज पर दी गई थी, लेकिन उक्त राज्य सरकार की कई अरबो रूपयो की भूमि का उपयोग उस कार्य के लिए नही किया जा रहा है। नगर के बीचो बीच भरी आबादी में स्थित उक्त भूमि का उपयोग मिल से निकलने वाली काली राखी, गंदभरी मैली, खोई भुस्सी, जहरीले पदार्थ डालने के लिए किया जा रहा है। जिससे भारी संख्या में दयानन्द नगर वासी श्वास, दमा, फेफडो रोग, काला पीलिया, कैसंर, जैसी भयानक बीमारियों के साथ-साथ मैली से उत्पन्न प्रातिदिन मच्छरों के आतंक से मलेरिया बुखार से पीडित हो रहे है। कई वर्षों से यह कार्य शुगर मिल द्वारा जानबूझकर सार्वजनिक रूप से जनता जर्नाधन को परेशान करने के लिए किया जा रहा है। उन्होने मामले में जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# नेशनल हेराल्ड की संपत्ति सीज के विरोध में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** नेशनल हेराल्ड की संपत्ति सीज किए जाने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ऊन तहसील में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

ईडी द्वारा नेशनल हेराल्ड मामले में कार्यवाही करते हुए संपत्ति सीज किए जाने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ नेता तेजपाल गुर्जर, अशवनी शर्मा के नेतृत्व में देश के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम ऊन निधि भारद्वाज को सोपा।

कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि नेशनल हेराल्ड मामले में भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर ईडी द्वारा गलत तरीके से कार्यवाही की गई है जोकि लोकतंत्र की खुली हत्या है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील में प्रदर्शन किया।

कांग्रेस नेता अशवनी शर्मा ने बताया कि राजनैतिक द्वैष के चलते भारतीय जनता पार्टी के दबाव में आकर ईडी द्वारा कांग्रेस राज्य सभा सांसद मती सोनिया गांधी, नेता विपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस शीर्ष नेताओं के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ईडी सीबीआई सहित तमाम एजेंसीयों का दुरूपयोग कर विपक्ष के नेताओं को परेशान कर रही है। जोकि सरेआम देश के लोकतांत्रिक ढांचे पर प्रहार है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजपाल गुर्जर हथछोया ने कहा कि भाजपा देश में विकासशील मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाना चाहती है ताकि देश का किसान अपना हक, बेरोजगार रोजगार न मांग सके तथा देश की जनता भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज ना उठे सके। वर्तमान में भूमाफिया सरकार के संरक्षण में गरीबों की भूमियों एवं सम्पत्ति यों पर अवैध कब्जे जमाए हुए हैं। आगरा में करणी सेना द्वारा की गई घटना को दबाने के लिए सरकार द्वारा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ अनुचित कार्यवाही की गई है। प्रदर्शन करने वालो मे सेवादल के जिला महासचिव देशबंधु बिंदल , जिला उपाध्यक्ष आदि रहे।

## पुलिसकर्मी पर गम्भीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** जनपद बागपत के थाना बड़ौत क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने कैराना कोतवाली में तहरीर दी हैं। आरोप हैं कि कस्बा कैराना के एक मौहल्ला निवासी उत्तर प्रदेश पुलिस में कॉन्स्टेबल के पद पर तैनात युवक के साथ उसने अपनी पुत्री की सगाई की थी। जिसके बाद पुलिसकर्मी ने उसकी पुत्री के साथ फोन पर बात करनी शुरू कर दी। करीब चार माह पूर्व पुलिसकर्मी ने उसकी पुत्री को एक होटल में मिलने बुलाया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाएं। आज 17 अप्रैल को उक्त पुलिसकर्मी के साथ उसकी पुत्री की शादी होनी थी। लेकिन शादी से दो दिन पूर्व ही उक्त पुलिसकर्मी और उसके परिजनों ने अतरिक्त दहेज की मांग करते बारात लेकर आने से इंकार कर दिया।

# नपं. ने बिना अनुमति के शुरू किया यात्री प्रतीक्षालय बनाने का कार्य



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य द्वार पर नगर पंचायत द्वारा बिना अनुमति के यात्री प्रतीक्षालय निर्माण कराए जाने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने एसडीएम ऊन को शिकायती पत्र देकर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की थी, जिस पर तहसील प्रशासन के साथ लोकनिर्माण विभाग ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य को रुकवा दिया।

बुधवार की सुबह ऊन रोड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मुख्य गेट के बाहर नगर पंचायत द्वारा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कराया जाने के लिए बुनियाद खोदी गई थी। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण ने मामले की जानकारी अपने आला अधिकारियों को दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के आदेश पर चिकत्सा प्रभारी डॉक्टर तरुण ने एक शिकायती पत्र एसडीएम ऊन को देते हुए अवैध निर्माण कार्य को रुकवाने की मांग की। सूचना पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा ऊन तहसील प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे तथा मामले में छानबीन करते हुए निर्माण कार्य को बंद करा दिया। बता दें कि अस्पताल के अंदर कोई पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण इसी जगह मरीज के साथ आए तीमारदारों के वाहन तथा एंबुलेंस आदि वाहन खड़े होते हैं। इस संबंध में डॉक्टर तरुण चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग को निर्माण कार्य की कोई जानकारी नहीं थी तथा निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी समीर कश्यप ने बताया कि सीएचसी के बाहर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जा रहा था, जिसकी एनओसी के लिए अप्लाई किया हुआ। एनओसी आने के बाद निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

**सम्बन्ध-विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र **नितिन** मेरे कहने-सुनने में नहीं है। **नितिन** को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उससे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में **नितिन** के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**महेन्द्र पुत्र भुल्लन,**
निवासी- मकान न0 131, शाह विलायत-2, कस्बा थानाभवन, जिला शामली, उ0प्र0।

# आंख फोड़ने के आरोप में दो सगे भाई गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** दो दिन पूर्व ईंट से प्रहार करके युवक की आंख फोड़ने के मामले में वांछित चल रहे दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है।

क्षेत्र के गांव मवी निवासी रमेश ने कोतवाली पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बताया कि विगत शनिवार को उसका पुत्र गुरदीप दुकान से कोल्डड्रिंक खरीदकर घर वापिस आ रहा था। इसी दौरान गांव के ही वसीम व उसके भाई शमीम तथा एक अज्ञात युवक ने उसे रास्ते में रोककर मारपीट की। आरोप है कि अज्ञात युवक ने उसके पुत्र के हाथ पकड़ लिए तथा वसीम ने ईंट उठाकर उसकी आंख पर प्रहार कर दिया। आरोपी के हमले में उसके पुत्र की आंख लहूलुहान हो गई और वह बेहोश होकर गिर गया। उसके पुत्र का पानीपत के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं, एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मामले में शीघ्र कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में बुधवार को कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद कराए गए दोनों भाइयों नसीम उर्फ वसीम व शमीम को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

# महिला आयोग सदस्या संगीता ने की जनसुनवाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य महिला आयोग सदस्य श्रीमती संगीता जैन ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिका एवं जिला कारागार में महिला बैरक का निरीक्षण किया। साथ ही महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी की।




सर्किट हाऊस में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने हेतु जनसुनवाई की गयी जिसमें महिलाओं व बालिकाओं के अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं को सुनकर निस्तारित किया गया जिसमें उनके द्वारा 8 प्रकरणों को सुना गया जिसमें से 6 प्रकरण घरेलू हिंसा, महिला थाना तथा 1 प्रकरण शिक्षा विभाग, 1 प्रकरण राजस्व विभाग से सम्बन्धित प्राप्त हुए हैं जिनमें से 1 प्रकरण में दोनों पक्षो का समझौता कराते हुए मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। इसके अतिरिक्त सभी प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिये गये तथा प्रकरण में फालोअप लेते हुए निस्तारण आख्या से उन्हें अवगत कराने के निर्देश पुलिस अधिकारियों को दिये।

जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय द्वारा महिलाओं को विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा निराश्रित महिलाओं को पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, कन्या सुमंगला योजना से अच्छादित बालिकाओं को लाभ दिलाये जाने, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के संबंध में, जनपद में बाल सेवा योजना तथा घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न, दहेज उत्पीड़न, कन्या भ्रूण हत्या, मानव तस्करी के विषय में जानकारी प्रदान की गयी। मा0 सदस्या द्वारा महिला कल्याण विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के विषय मे समीक्षा की गयी।

कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में सदस्या द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय बालिका, खलासी लाइन का निरीक्षण किया गया, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की क्षमता 100 छात्राओं की है जिसमें 96 बलिकाएं उपस्थित पायी गयी। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक पायी गया। इसके साथ-साथ सदस्या श्रीमति संगीता द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया जिसमें व्यवस्था ठीक पायी गयी।

जनसुनवाई कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी, गंगोह सुश्री रूचि गुप्ता, श्रीमती रेखा, जिला विद्यालय निरीक्षक, श्रीमती शिवांका गौड, जिला मलेरिया अधिकारी, श्रीमती सुमन गौतम, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, श्रीमती नीलम तोमर, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा श्रीमती रेखा कौशिक, बाल विकास परियोजना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के समय श्रीमती बबीता तोमर, प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना, श्रीमती श्रीमती सरिता सैनी, सेंटर मैनेजर, सखी-वन स्टॉप सेंटर एवं श्रीमती नेहा शर्मा, जिला समन्वयक, हब फॉर इम्पावरमेंट ऑफ वूमेन व अन्य कार्मिकों के साथ-साथ जिला प्रोबेशन कार्यालय के कार्मिक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के करीब पहुंचे नकुड़ चेयरमैन शिवकुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हरियाणा जाने के लिए सरसावा एयरपोर्ट पर आगमन हुआ तो नगर पालिका अध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता ने पहली बार इस ऐतिहासिक मौके पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने प्रधानमंत्री का भव्य स्वागत किया। इस स्वागत ने नकुड़ के गौरव को नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। यह पल सिर्फ व्यक्तिगत सम्मान का प्रतीक नहीं था, बल्कि पूरे क्षेत्र की पहचान और प्रतिष्ठा का नया अध्याय था।

इतिहास में पहली बार नकुड़ का कोई जनप्रतिनिधि इस स्तर पर देश के सर्वोच्च नेतृत्व के स्वागत मंच तक पहुंचा। इस अद्वितीय क्षण को लेकर एक शेर पूरी तरह सटीक बैठता है। सितारे उन्हीं के चमकते हैं जिनकी जमीन से लगन होती है, हर शख्स को खुदा मुकद्दर नहीं देता। शिव कुमार गुप्ता ने इस सम्मान को अपने लिए नहीं बल्कि पूरी नकुड़ की जनता के लिए बताया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं बल्कि नकुड़ की जनता का है। आप सबने मुझपर भरोसा जताकर यहां तक भेजा है। मैं वादा करता हूं कि विकास की रफ्तार नकुड़ में थमेगी नहीं। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर वासियों में भारी उत्साह है। सोशल मीडिया पर बधाई संदेशों की मानो बाढ़ सी आ गई है। हर कोई इस पल को नकुड़ की नई ऊंचाई और नई उड़ान मान रहा है। यह पल न केवल शिव कुमार गुप्ता के साथियों नरेश गोयल, मनोज गोयल, पंकज जैन, राजेश जैन राजू, हरीश गर्ग आदि की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

शिव कुमार गुप्ता ने अपनी सादगी और सेवा की मिसाल पेश करते हुए न केवल नगर वासियों का दिल जीता बल्कि नकुड़ को एक नई दिशा देने का काम किया है।

# गैंगस्टर एक्ट के वांछित दबोचे

**सहारनपुर।** थाना कुतुबशेर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कुतुबशेर पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक एच. एन. सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमार व उपनि. रीक्षक जयवीर सिंह के नेतृत्व में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में फरार चल रहे तीन आरोपियों शमीम उर्फ शमीम अली पुत्र वकील अहमद, आरिफ अली पुत्र जावेद अली उर्फ आबिद अली व ताहिर उर्फ ताहिर हसन पुत्र इरशाद अहमद निवासीगण ग्राम कैलनपुर थाना सिविल लाईन रूड़की हरिद्वार उत्तराखंड ग्राम कैलनपुर से गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी गिरोह बनाकर लूट व चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

# आपराधिक मामलों में पकड़ी गाड़ियों की कराई नीलामी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** विभिन्न आपराधिक मामलों में स्थानीय थाने पर जमा हुए 19 दो पहिया वाहनों की नीलामी क्षेत्राधिकारी देवबंद रविकांत पाराशर तथा नायब तहसीलदार मोनिका चौहान की मौजूदगी में कराई गई। अंतिम बोली दाता द्वारा 83 हजार रुपये में छोडी गई।

सीओ देवबंद रविकांत पाराशर तथा नायब तहसीलदार मोनिका चौहान ने बताया कि 19 दो पहिया वाहनों के नीलामी प्रक्रिया में 21 बोली दाताओं ने भाग लिया नीलामी की प्रक्रिया के अनुसार 72300 रुपये न्यूनतम धनराशि आंकी गयी थी। बोली आरंभ होने पर बोली दाताओं के द्वारा सबसे अधिक बोली लगाने वाले सलीम अहमद ने 83 हजार रुपए की बोली लगाकर नीलामी पर अपने नाम करा ली। दूसरे नंबर पर 82 हजार रुपए की बोली यशपाल ने लगाई। नीलामी प्रक्रिया के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश चंद सिंह, उपनिरीक्षक बीरबल सिंह, सन्नी तोमर के अलावा बोली दाता मौजूद रहे।

# प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के विरोध में प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** क्षेत्र में प्राइवेट स्कूलों की बढ़ती मनमानी के विरोध में संयुक्तअभिभावक मोर्चे ने तहसील में जोरदार नारेबाजी, प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।




युवा भाजपा नेता निहाल सिंह वाल्मीकि के नेतृत्व में बड़ी संख्या मेंअभिभावकगण एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों पर भारी-भरकम फीस, एडमिशन शुल्क तथा पाठ्यक्रम सामग्री के नाम पर अत्यधिक धन वसूला जा रहा है। स्कूल प्रबंधन एक निश्चित दुकान से महंगे दामों पर किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने का दबाव बना रहा है। वहीं, छात्रों को अगली कक्षा में प्रमोट करने के बावजूद दोबारा एडमिशन फीस ली जा रही है। इसके अलावा, शिक्षकों का शोषण भी गंभीर चिंता का विषय है। अभिभावकगण ने मांग की है कि शिक्षा के नाम पर हो रही इस लूट पर तत्काल रोक लगाई जाए। सभी प्राइवेट स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम अनिवार्य किया जाए और किताबें व यूनिफॉर्म खुले बाजार से खरीदने की स्वतंत्रता मिले। साथ ही, सरकारी स्कूलों को आधुनिक शिक्षा पद्धति से सुसज्जित किया जाए एवं शिक्षकों को शासन के अनुसार पूरा वेतन दिया जाए।

# अवैध स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की बिक्री करने वालो के खिलाफ चलाए रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस ने एक युवक को अवैध स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय में पेश किया है।



कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि वे पुलिस बल के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे तो मुखबिर द्वारा सूचना मिली एक युवक बाइक पर सवार होकर स्मैक बेचने जा रहा है। मुखबिर द्वारा बताए गए गंदेवढ़ तिराहे पर पहुंचकर वाहनों की चेकिंग करने लगी चेकिंग के दौरान बाईक पर सवार युवक को पुलिस ने रोकने का इशारा किया तो बाइक सवार युवक पुलिस को देख भागने लगा तो पुलिस ने उसका पीछा करते हुए उसे पकड़ लिया और उस की तलाशी ली तो उस के कब्जे से 13.05 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बताया कि ने पकड़े गए स्मैक तस्कर सद्दाम पुत्र जुमशैद निवासी गांव लोदीपुर थाना बेहट जनपद सहारनपुर के खिलाफ एन डी पी एस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत उसे न्यायालय में पेश किया है। इंस्पेक्टर सूबे सिंह ने बताया कि अवैध नशे के कारोबार करने वालो के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी।

# युगांक का जनपद आगमन पर स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीलंका में संपन हुई तीसरे अन्तरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कार्निवाल प्रतियोगिता में भारतीय टीम ने 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर अपने देश का नाम रोशन किया है जिसमें सहारनपुर के युगांक चौधरी भी शामिल रहे। नगरआगमन पर युगांक चौधरी का जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत कर शुभकामनाए दी।

जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव व अन्तरराष्ट्रीय खेल तकनीकी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि श्रीलंका के दियागामा शहर में 9 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुए तीसरे अन्तरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कार्निवाल प्रतियोगिता मे जनपद के युगांक चौधरी ने 20 वर्ष से कम आयु वर्ग की भारत की टीम का प्रतिनिधित्व 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ मे किया था। जिसमें भारतीय टीम ने तृतीय स्थान अर्जित करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपने खेल का परचम लहरा दिया।

युगांक चौधरी के श्रीलंका से आज वापसी पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित स्वागत समारोह में पार्षद गौरव कपिल, अंतरराष्ट्रीय खेल तकनीकी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, कोच दीपक शर्मा भगत, जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष यशपाल सिंह पुंडीर आदि ने युगांक चौधरी का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया तथा युगांक के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में युगांक चौधरी के प्रशिक्षक दीपक शर्मा भगत का भी माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय खेल तकनीकी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, जिला एथलेटिक्स संघ सहारनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष यशपाल सिंह पुंडीर, राष्ट्रीय खिलाड़ी समित सिंह, निशा पंवार, मनोज प्रजापति आदि ने युगांक चौधरी को शुभकामनाएं देकर खुशी व्यक्त की।

# लापता युवक का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** मौहल्ला कुरैशियान निवासी उस्मान पुत्रा महबुब का बीते पांच दिन से कोई सुराग नही मिल सका है।

इंदौर में कपडे की ठेली लगाकर रोजगार कमाने वाला 29 वर्षीय उस्मान 12 अप्रैल को इंदौर से अपने घर आने को गंगोह के लिए चला था। तेरह अप्रैल को राजस्थान के ब्याना से उसकी आखिरी बार अपने परि. जनों से बात हुई थी। इसके बाद से उसका कोई अतापता नही मिला। 15 अप्रैल तक भी जब न तो वह घर आया और न ही उसका कोई फोन तक आने पर घर वाले चिन्तित हो उठें। भाई आशु के अनुसार बार बार फाने करने पर भी जब उसके मोबाईल का स्विच ऑफ आता रहा तो परेशान परिजन इन्दौर पहुंचकर उसकी तलाश में जुट गये। उन्होंने सम्बन्धित पुलिस थाने में उस्मान के लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। व्यापार के लिए इन्दौर गये युवक के लापता होने की खबर से परिजनों में चिंता व्याप्त है, और वे अनहोनी को लेकर आशंकित है।

# ई-रिक्शा चालकों ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय ई-रिक्शा चालक एसोसिएशन के बैनर तले ई-रिक्शा चालकों ने रूट निर्धारित किए जाने के चलते होने वाली समस्याओं के संबंध में अपनी मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित के ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ई-रिक्शा चालको ने ज्ञापन के माध्यम से बताया की पूरे प्रदेश में ई-रिक्शा चालकों के लिए प्रशासन के द्वारारूट निर्धारित किये गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा सभी ई रिक्शा चालकों को रूट बांटे गए है। सभी ई-रिक्शा चालक अपने रुटों पर चल रहे हैं। जिला सहारनपुर मे रेलवे स्टेशन से घंटाघर होते हुए बेहट अड्डा रिक्शा चालक अपना संचालन करते हैं व रेलवे स्टेशन से चिलकाना अड्डा पर अपना संचालन करते हैं। इन रुटों पर सबसे जायदा यात्री चलते हैं। अन्य रुटो पर प्रशासन द्वारा जो रूट दिये गए हैं उन पर यात्री बहुत कम निकलते हैं। जिस कारण ई-रिक्शा चालकों को अपने परिवार का पालन-पोषण करने में समस्याएं आ रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से आपसे अनुरोध है कि रुटों की जांच करवाकर सही से रूट डायवर्ड कराये जाए। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष लोकेश कुमार, संदीप कुमार, पिंकू कुमार, सतीश, नरेश कुमार, अजय कुमार समेत कई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

# स्थानान्तरण पर संजय को दी भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** निवर्तमान नगर निगम के आयुक्त संजय चौहान का स्थानांतरण जिला अधिकारी अमेठी के पद पर होने पर पार्षदों ने उनको भावभीनी विदाई दी।



आज पार्षद अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू के नेतृत्व में एक प्रति. निधिमंडल नगर निगम कार्यालय पहुंचा और नगर आयुक्त को सम्मानपूर्वक विदाई देखकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पार्षद अभिषेक अरोड़ा ने नगर आयुक्त को गिफ्ट और बुके देकर शुभकामनाएं दीं। वहीं पार्षद अहमद मलिक और फहद सलीम ने शॉल ओढ़ाकर उन्हें विदाई दी। विदाई से पूर्व नगर आयुक्त संजय चौहान माता शाकुंभरी देवी मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद लेने भी पहुंचे थे। दोपहर में जब वह कार्यालय पहुंचे तो पार्षदों के मजबूत दल ने उनका स्वागत किया और उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर नगर आयुक्त संजय चौहान ने सभी पार्षदों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सहारनपुर से मेरी अनेक यादें जुड़ गई हैं, यहां के लोगों का जो स्नेह और सहयोग मुझे मिला, उसे मैं कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि सहारनपुर के अंदर विकास की बहुत जरूरत है। मेरे कार्यकाल में कई विकास कार्य शुरू हुए, जिनमें से कुछ पूरे हो गए हैं और कुछ अधूरे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि शेष कार्य भी शीघ्र ही पूर्ण होंगे।विदाई समारोह का माहौल भावुक कर देने वाला रहा, जिसमें नगर आयुक्त संजय चौहान को सभी ने भावभीनी विधायक देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई समारोह में प्रमुख रूप से पार्षद अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू, डॉक्टर एहतेशाम, भूरा मलिक, परवेज मलिक, कलीम अहमद, अब्दुल खालिक, अहमद मलिक, समीर अंसारी, फराज अंसारी, जफर अंसारी, नदीम अंसारी, आसिफ अंसारी, हाजी फजलुर रहमान, फहद सलीम, पप्पू कुरैशी, अहमद हसन, सईद अहमद, इजहार मंसूरी, हाजी गुलशेर, मोहम्मद जावेद, डॉक्टर मंसूर अहमद, मोहर्रम अली पप्पू, नूर आलम, गुलजेब खान, डॉक्टर मोहत्सिम, इमरान सैफी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र नदीम व सलमान को गलत संगत में पड जाने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**सलीम पुत्र युसुफ निवासी मौहल्ला गुलाम औलिया, कस्बा व थाना गंगोह, जिला सहारनपुर।**

# विद्युत कनेक्शन कटने से आहत किसान ने की आत्महत्या, कार्रवाई की मांग

**नकुड़।** कोतवाली क्षेत्र के सिरसका गांव में एक गरीब किसान ने खेत के ट्यूबवेल का बिजली कनेक्शन कटने से आहत होकर आत्महत्या कर ली, यह सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। मृतक किसान की विधवा ने उपजिलाधिकारी से मिलकर उन्हें घटना की जानकारी दी और मदद की गुहार लगाई है। साथ ही कनेक्शन काटने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।



घटना 29 मार्च की बताई जा रही है। सिरसका निवासी योगेंद्र पुत्र राजपाल सिंह ने 29 मार्च की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों ने उसी दिन उसका अंतिम संस्कार कर दिया। योगेंद्र के पास मात्र सात बीघा कृषि भूमि थी। योगेंद्र की पत्नी मंतलेश का आरोप है कि बिजली विभाग के सहायक अभियंता ने बकाया बिल के चलते डेढ़ माह पूर्व उनके खेत का कनेक्शन कटवा दिया था। जिससे उनके खेत में गेहूं की फसल सूख गई थी। इस कारण योगेंद्र बुरी तरह टूट गया था।

मंतलेश का कहना है कि उसका पति बार-बार यही कहता था कि फसल सूखने के बाद अब वह लोगों की उधारी कैसे चुकाएगा। वह निराश था। इसी निराशा में उसने आत्मघाती कदम उठाया। योगेंद्र अपने पीछे दस माह का बेटा और दो बेटियाँ छोड़ गया है। बुधवार को मृतक किसान योगेंद्र की पत्नी मंतलेश, भाकियू के सुशील कुमार, रकम सिंह, पिंटू, चौ. बिजेंद्र, चौ. कंवरपाल और योगेंद्र के चचेरे भाई अभिषेक के साथ एसडीएम संगीता राघव से मिलीं। उन्होंने एसडीएम को पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी और बताया कि योगेंद्र का परिवार बेहद गरीब है। प्रशासन को उनकी मदद करनी चाहिए। साथ ही खेत का कनेक्शन काटने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

एसडीएम संगीता राघव ने किसानों व योगेंद्र की पत्नी मंतलेश की शिकायत पर कोतवाल अविनाश गौतम और बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं।

उधर, ग्राम प्रधान पति जसमेर सिंह बौध ने बताया कि योगेंद्र का परिवार गरीब है। उसके पास मात्र सात बीघा जमीन है। कनेक्शन कटने से उसकी फसल खराब हो गई। उन्होंने बिजली विभाग के अंबेहटा के एसडीओ पर किसानों का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया और कहा कि उसकी मनमानी ने एक गरीब किसान की जान ले ली। जसमेर सिंह ने बताया कि हालांकि विधायक मुकेश चौ. के हस्तक्षेप के बाद 14 अप्रैल को योगेंद्र के ट्यूबवेल का कनेक्शन जोड़ दिया गया है, परंतु अब योगेंद्र का जीवन वापस नहीं आ सकता। ऐसे अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी ही चाहिए।

# बाली वध की लीला का किया मंचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर में चल रहे श्रीरामलीला महोत्सव के ग्यारहवें दिन मंगलवार को भगवान श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता तथा बाली वध की लीला का अत्यंत भावपूर्ण मंचन किया गया। इसी के साथ हनुमान जी की मनमोहक झांकी दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रही।

श्रीराम रामलीला मंडल के कलाकारों द्वारा पवन गुप्ता और प्रवीण सिंघल के निर्देशन में इस लीला का सुंदर मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत उस प्रसंग से हुई जब माता शबरी के मार्गदर्शन पर भगवान श्रीराम और लक्ष्मण किष्किंधा की ओर जाते हैं। वहां वान. रराज सुग्रीव भगवान का परिचय जानने के लिए हनुमान जी को भेजते हैं। हनुमान जी ब्राह्मण का वेश धारण कर प्रभु से मिलते हैं। जब उन्हें ज्ञात होता है कि रावण माता सीता को छलपूर्वक हर कर ले गया तो वे वचन देते हैं कि वह धरती पाताल एक कर देंगे। लेकिन माता सीता का पता लगाकर रहेंगे। इसके बाद हनुमान जी श्रीराम और सुग्रीव की मित्रता कराते हैं।

मंचन में सीता जी के वियोग में वन वन भटकते राम लक्ष्मण का करुण विलाप पूरे वातावरण को भावुक बना देता है। बाली वध का दृश्य जहां दर्शकों को रोमांचित करता है वहीं उसके परिजनों का विलाप सबकी आंखें नम कर देता है। हनुमान जी की झांकी में सक्षम कौशिक ने अपने सजीव अभिनय, संवाद अदायगी और मनभावन रूप से सभी का मन मोह लिया। महोत्सव के दौरान महिला मोर्चा की सभी पदाधिकारी और मातृशक्ति को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार की लीला का शुभारंभ कांग्रेस के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं समाजसेवी चंद्रशेखर मित्तल ने किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र बहुत ही विशाल और गूढ़ है। इसे समझने के लिए श्रद्धा और मन से प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, डा0 वेद प्रकाश सैनी, मनोज गोयल, राज. ेश जैन राजू, अंकित गोयल, अरविंद सिंघल, प्रधान हरीश गर्ग, महामंत्री वरुण मित्तल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र नारायण, संयम जैन, वर्धन जैन, ऋषिपाल शर्मा, आशुतोष भार्गव, राकेश भारद्वाज, आकर्ष सिंघल, अमरीश गुप्ता रिंकू, अनिल गोयल आदि रहे।

# आठ साल बाद पलठेड़ी में राजकीय इंटर कॉलेज का हुआ शुभारंभ



## सांसद इकरा हसन व सपा नेता शरीफ अहमद चौधरी ने किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** बुधवार को क्षेत्र के गांव पलठेड़ी में वर्षों से अधूरे पड़े राजकीय इंटर कॉलेज का आखिरकार शुभारंभ हो गया। कैराना सांसद इकरा हसन, सपा के प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रधान शरीफ अहमद चौधरी, और ग्राम प्रधान बिलाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया।

इस कॉलेज की आधारशिला वर्ष 2015 में तत्कालीन जिलाधिकारी ओ। पी। वर्मा द्वारा रखी गई थी, लेकिन करीब आठ वर्षों तक यह प्रोजेक्ट अधूरा पड़ा रहा। लगभग छह वर्षों तक निर्माण कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे क्षेत्र के छात्र-छात्राएं काफी प्रभावित हुए। ग्रामीणों की लगातार कोशिशों और जनप्रति. निधियों के सहयोग से अब यह सपना साकार हुआ है। कॉलेज पर करीब 3 करोड़ रूपए की लागत आई है।

उद्घाटन कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद इकरा हसन ने कहा, ह्रराजकीय स्कूल बनने से अब हर तबके के छात्र-छात्राएं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। शिक्षा से ही समाज में बदलाव आता है, और बच्चे अपने अधिकारों की लड़ाई खुद लड़ सकेंगे।ह्ल उन्होंने छात्रों को स्कॉलरशिप देने का भी आश्वासन दिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि अपने बच्चों को पढ़ाना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

इन गांवों के छात्रों को होगा लाभ

पलठेड़ी, गढ़ी अब्दुल्ला खां, बुंटा, गुराना, हथछोया, भाटू, दुल्लाखेड़ी, मुंडेट खादर, जाफरपुर, गंदेवड़ा, मानकपुर सहित आसपास के दर्जनों गांवों के छात्र-छात्राओं को अब बेहतर शैक्षिक सुविधा मिलेगी। पहले इन्हें दूर-दराज के स्कूलों में जाना पड़ता था। इस परियोजना को पूरा करवाने में थानाभवन विधायक अशरफ अली खान की भी अहम भूमिका रही, जिन्होंने लखनऊ जाकर अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह से मुलाकात कर कॉलेज निर्माण को पूरा करवाने की मांग की थी। मंत्री ने सभी अधूरे राजकीय स्कूलों के कार्यों को पूरा कराने का आश्वासन दिया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद इकरा हसन रहीं। मंच का संचालन बिलाल चौधरी ने किया। इस अवसर पर यासीन, शेर सिंह राणा द्धपूर्व प्रमुखत्रः, राजेश द्धअध्यक्ष, कोऑपरेटिव गंदेवड़ात्रः, शेर मोहम्मद, फरहान खान प्रधान, मोहम्मद अली, मुस्तकीम प्रधान, आरिफ राणा भाटू, राव तफरूज, वतन सिंह सैनी, आजम चौधरी, मास्टर तनसीफ सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दूसरा घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मेरठ करनाल हाईवे बिडौली चौकी के निकट बाइक सवार व्यक्तियों को ट्रक ने टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए। घायलों को करनाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां पर एक व्यक्ति की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई, वहीं दूसरे घायल को हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतक के पुत्र ने ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। जुगैन सिंह ने थाने में दी तहरीर में बताया कि उसके पिता सूरजपाल सिंह पुत्र अंकरजीत सिंह निवासी पानीपत हरियाणा अपने साथी परमीत सिंह पुत्र राजबीर सिंह निवासी खिजरा बाद जिला करनाल हरियाणा मंगलवार को समय करीब रात्रि आठ बजे बडौली गुरुद्वारे से बाइक द्वारा करनाल जा रहे थे, कि बडौली चौकी के सामने से आ रहे ट्रक चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को करनाल के जिला हॉस्पिटल में भर्ती कराया। हॉस्पिटल पहुंचते ही सूरज पाल 50 की मृत्यु हो गई व उनके साथी परमीत सिंह को गम्भीर चोट होने के कारण हायर सेंटर रेफर किया गया। मृतक के पुत्र द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## न्यायालय ने चोरी के मामले में दो को दोषी ठहराया

**कैराना।** न्यायालय ने चोरी के मामले में दो आरोपियो को कारावास की सजा सुनाई। वही दो हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया।

वर्ष 2002 में अमीर अब्बास पुत्र फैय्याज निवासी मौ0 इमामबाडा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर व शाहनवाज उर्फ डाक्टर पुत्र अब्बास निवासी बघरा थाना तितावी जनपद मुजफ्फरनगर के खिलाफ कोतवाली शामली में चोरी व बरामदगी के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय आरोपियो को एक एक हजार रूपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर सात- सात दिवस के कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है ।

# चौसाना बाइपास पर अवैध ओवरलोडिंग से जाम का कहर, प्रशासन मौन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना बाइपास इन दिनों भारी ट्रैफिक जाम और प्रशासनिक लापरवाही का प्रतीक बन गया है। भुस से लदे अवैध और ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं, जिससे रोजाना घंटों लंबा ट्रैफिक जाम लग रहा है। आलम यह है कि राहगीरों और स्थानीय निवासियों को दिन में कई-कई घंटे तक फंसे रहना पड़ता है, लेकिन प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। हर रोज सुबह से शाम तक इस मार्ग पर ट्रैफिक की लंबी लाइनें लगी रहती हैं। भुस से लदी ट्रैक्टर ट्रॉली न केवल ओवरलोड होती हैं, बल्कि बिना किसी नियम के चलती हैं।

इस वजह से जाम की स्थिति और गंभीर हो जाती है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चे, ऑफिस जाने वाले कर्मचारी और आपातकालीन सेवाओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का गुस्सा अब फूटने लगा है। गांव चौसाना निवासी सद्दाम, हसन राणा, खालिद और सतीश ने बताया कि यहां कोई कानून व्यवस्था नाम की चीज नहीं है। हम रोजाना इस जाम से परेशान हो चुके हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। पुलिस और प्रशासन सिर्फ आंखों पर पट्टी बांधे बैठे हैं, उन्होंने आरोप लगाया।

ग्रामीणों का कहना है कि ट्रैक्टर ट्रॉली संचालकों और पुलिस प्रशासन के बीच मिलीभगत है, तभी तो यह ओवरलोड वाहन खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चलते हैं। न तो इनका कोई चालान होता है, न ही इन पर कोई कार्रवाई होती है। जब ग्रामीणों ने खुद ही ट्रैफिक नियंत्रित करने की को. शिश की, तो ट्रॉली चालकों ने उल्टा धमकाना शुरू कर दिया। स्थानीय लोग प्रशासन से इस समस्या का तुरंत संज्ञान लेने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने चेता. वनी दी है कि अगर जल्द ही समाधान नहीं हुआ तो वे चक्का जाम कर आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

# सर्जन के रिश्वत लेने का का वीडियो हो रहा वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात सर्जन डा मनीष राठी का रिश्वत के नाम पर नगदी लेते हुए वीडियो मीडिया पर वायरल हो रहा हे। वीडियो आपरेशन के नाम पर मरीजों से रिश्वत की मांग करते हुए कैद किया गया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि सृजन अपने पूरे स्टाफ के लिए रकम की मांग करते हुए व नकदी लेते हुए दिखाई दे रहा हैं।

कैराना सीएचसी पर तैनात सर्जन डा मनीष मरीज के परिजनों से आप. रेशन के नाम पर अपने कक्ष में बैठकर साफ शब्दों में रिश्वत की मांग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। वही स्टाफ के लिए अलग से हिस्सा तय करते हुए व रकम लेते हुए दिखाई दे रहा हैं। गत तीन माह पूर्व मोहल्ला आलकलां निवासी आलिया पत्नी फराज सीएचसी में भर्ती की गई थी। जिसके बाद सीजेरियन आपरेशन से बच्चे का जन्म हुआ। परिजन ने आरोप लगाया कि डा राठी ने आपरेशन से पूर्व रिश्वत की मांग की और धमकी दी कि पैसे न दिए तो सुविधा नहीं मिलेगी। आलिया के परिजन ने कहा कि हम गरीब हैं, लेकिन सर्जन की हठधर्मिता के आगे झुक गए और रिश्वत देने को मजबूर हो गए। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो इस प्रकरण से संबंधित बताई जारही हैं। जो लगभग तीन माह पुरानी बताई गई है।

# मन्ना माजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने कोर्ट में किया सरेंडर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया है, जिन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। वहीं, सरेंडर करने वाले आरोपियों में एक आरोपी दूसरे गुट का सरदार जावेद उर्फ भाटी बताया गया है, जबकि पहले गुट के सरदार याहया उर्फ याहिया को पुलिस एक दिन पूर्व गिरफ्तार कर चुकी है।

विगत एक अप्रैल को क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में कैराना के दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई को लेकर खूनी संघर्ष हो गया था, जिसमें ग्राम मन्नामाजरा निवासी राकिब, ग्राम जहानपुरा निवासी रिजवान उर्फ चीमा व कैराना के मोहल्ला आलकलां निवासी परवेज उर्फ भाटी घायल हो गए थे। इनमें राकिब व रिजवान उर्फ चीमा के पैर में गोली लगी थी, जबकि परवेज उर्फ भाटी सिर में ईंट लगने से घायल हो गया था। ताबड़तोड़ फायरिंग से गांव में दहशत व्याप्त हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही तत्कालीन कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह रावत ने पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की थी। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर घटना से जुड़े साक्ष्य एकत्र किए थे। मामले में पुलिस ने दोनों गुटों के 17 नामजद व कुछ अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला करने समेत संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया था। बुधवार को मामले में नामजद जावेद उर्फ भाटी निवासी मोहल्ला आलकलां कस्बा कैराना व जावेद निवासी ग्राम जहानपुरा ने पुलिस को चकमा देते हुए न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। न्यायालय ने आत्मसमर्पण करने वाले दोनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया है। कोर्ट में सरेंडर करने वाला आरोपी जावेद उर्फ भाटी दूसरे गुट का सरदार है, जबकि एक गुट के सरदार याहया उर्फ याहिया निवासी मोहल्ला आलखुर्द भूरा चुंगी कस्बा कैराना को पुलिस मंगलवार को गिरफ्तार करके जेल रवाना कर चुकी है। वहीं, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह का कहना है कि मन्नामाजरा फायरिंग प्रकरण के दो आरोपियों ने कोर्ट में सरेंडर किया है। पूर्व में पांच आरो. पियों को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज चुकी है। शेष आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा।

## हार्टअटैक से सरला देवी का निधन

**बढ़ापुर।** शादी कार्यक्रम में शिरकत करने जा रहे नगर पंचायत बढ़ापुर सहायक लिपिल की कार जाम में फंसने से कार में सवार उनकी मां को हार्ट अटैक आ गया। जाम में फंसे रहने के कारण उपचार नहीं मिलने पर उनकी मां सरला देवी 60 वर्ष की मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। नगर पंचायत में सहायक लिपिल के पद पर तैनात नीरज कुमार के साले की मंगलवार की शाम शादी थी। शादी में शामिल होने के लिए वह परिवार सहित कार से बिजनौर जा रहे थे। कस्बे की पुलिस चौकी के पास जाम लगना शुरू हो गया। उनकी कार भी जाम में फंस गई। तभी अचानक सरला देवी को हार्ट अटैक आ गया और वह बेहोश हो गई। कार जाम में फंसे होने के कारण उनको समय पर उपचार नही मिल सका। लगभग एक घंटे जाम में फंसे रहने के बाद रास्ता मिलने पर उन्होंने अपनी कार दूसरे रास्ते से निकाली और स्थानीय चिकित्सक को उपचार के लिए दिखाया।

# पिकअप की चपेट में आने से बाइक सवार युवक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पिकअप वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल हो गए। दोनो घायलो को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

कोतवाली क्षेत्र के मानकी गांव निवासी 20 वर्षीय अबूजर व 14 वर्षीय अब्दुल्ला श्री त्रिपुर मां बाला देवी सुंदरी मेला घुमने के लिए देवबंद आए थे। देर रात जब वह वापस गांव लौट रहे थे। जैसे ही वह देवबंद-मंगलौर मार्ग स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो तेज गति से आ रहा पिकअप वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। इसमें दोनों घायल हो गए। इस दौरान वहां राहगिरो की भीड़ इकट्ठा हो गई। जिन्होंने पिकअप चालक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। घायलों को



सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# चोर ने शोरूम के बाहर खड़ी साईकल पर किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अज्ञात चोर ने शोरूम के बाहर खड़ी साईकल पर हाथ साफ कर दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना का पुलिस संज्ञान लेकर कब खुलासा कर चोर को पकड़ पाती हैं।

रेलवे रोड स्थित एक शोरूम के बाहर शोरूम कर्मी की खड़ी साईकल पर अज्ञात चोर ने हाथ साफ कर दिया। सीसीटीववी कैमरे में कैद हुई घटना से पता चला कि शोरूम में काम करने वाले व्यक्ति की साइकल अज्ञात चोर लेकर फरार हो गया। रेलवे रोड पर हुई इस घटना का पुलिस खुलासा कर चोर को पकड़ पाती हैं या नहीं

## वक्फ संशोधन कानून 2025 के खिलाफ दायर याचिकाओं पर
# सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई हुई शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** वक्फ संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई शुरू हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कोर्ट के समक्ष नए कानून में जिलाधिकारी को दी गई शक्तियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ बाय यूज़र इस्लाम का अभिन्न अंग हैं।

जमीयत उलेमा ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने बताया कि जमीयत द्वारा दायर की गई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 पर बहस शुरू की है। हमें पूरा यकीन है कि कोर्ट से



मुसलमानों को न्याय मिलेगा। उन्होने कहा कि मौजूदा वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ है और धार्मिक मामलों में दखलंदाजी करता है। यह देश की एकता और अखंडता के लिए बेहद खतरनाक है। मुसलमान अपने



धार्मिक मामलों में किसी भी तरह की दखलंदाजी बर्दाश्त नहीं कर सकते। इस बिल का फायदा उठाकर सां. प्रदायिक ताकतें देश की शांति और एकता को भी नुकसान पहुंचा सकती हैं। राष्ट्रीय मजलिस इत्तेहाद ए मिल्लत के अध्यक्ष मौलाना तारिक

## वक्फ कानून मुसलमानों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप हैं: कासमी

कासमी ने कहा कि वक्फ कानून संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों के खिलाफ ही नहीं हैं। बलकि मुसलमानो के धार्मिक मामलो में हस्तक्षेप हैं। जिसको किसी दशा में सहन नहीं किया जा सकता। उन्होने आशा जताई हैं कि मुसलमानो को सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा।

# नाली पर चैनल लगाने को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नाली पर चैनल लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच पंचायत में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के तीन लोग हुए घायल**

मानकी गांव निवासी सलीम एवं भूरा पक्ष के बीच नाली पर चैनल लगाने को लेकर विवाद चल रहा है। मंगलावर की रात्रि गांव में मामले की चल रही पंचायत में बातचीत के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद गाली गलौज होने लगी। देखते ही देखते उनमे मारपीट होने लगे। बताया गया है कि पंचायत से उठे दोनों पक्षों में पथराव हुआ। इसमें सलीम और भूरा समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों का कहना है कि एक पक्ष चाहता है कि चौनल ऊपर उठकर लगे जबकि दूसरा पक्ष उसे नीचे करके लगवाना चाहता है। इसी को लेकर उनके बीच विवाद हुआ है। वहीं, पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच उपरांत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गाजियाबाद से रावण राज का हुआ खात्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विधायक नंदकिशोर गुज्जर के गांव मिरगपुर पहुंचने पर समाज के लोगों ने उनका स्वागत कर उन्हें नया कुर्ता पहनाया। इस दौरान नंदकिशोर ने कहा कि गाजियाबाद से रावण राज का समापन हो गया अब वहां राम राज्य की स्थापना की जाएगी।

अक्सर चर्चाओं में रहने वाले गाजियाबाद के लोनी विधानसभा क्षेत्र से विधायक नंदकिशोर गुज्जर ने बुधवार को गांव मिरगपुर पहुंच सिद्धकुटी स्थित बाबा फकीरादास के दर्शन रामकथा का रसपान किया। हालांकि अब कलश यात्रा को लेकर चर्चा में आए लोनी विधायक नंद किशोर ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर के बुधवार को हुए ट्रांसफर को रावण राज का खात्मा बताया। उन्होंने कहाकि अब गाजियाबाद में रामराज्य की पुन: स्थापना होगी। इस दौरान उन्होंने मिरगपुर के लोगों ने नया कुर्ता भेंट किया जिसे स्वीकार सिद्धकुटी में पहना। नंदकिशोर गुज्जर ने कहा कि गांव मिगरपुर की एतिहा. सिक सिद्धकुटी में उनके पहुंचने की सूचना पर ही प्रदेश सरकार ने गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर को हटा दिया। कहा कि वह बीते 26 दिनों से एक ऐसे अधिकारी के खिलाफ वहीं फटा हुआ कुर्ता और अन्न त्याग कर अनशन कर रहे थे जिसने रामचरित मानस के साथ बर्बता की थी। कहा कि बाबा फकीरादास का उन पर आर्शीवाद है।

जिसके चलते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ऐसे अधिकारी को गाजियाबाद से निजात दिलाई। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी सलाह दी कि इस तरह के अधिकारियों पर नकेल कसनी चाहिए। जिससे इस तरह की घटनाओं की पुनरावर्ती न हो। कहा कि जांच के उपरांत कमिश्नर को बर्खास्त कर जेल भेजा जाना चाहिए। कमिश्नर का ट्रांसफर होने पर कहा कि अब दिल्ली का कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। उन्होंने उन्हें समर्थन देनी वाली सभी 36 बिरादरियों का आभार व्यक्त किया। एक सवाल के जवाब में वक्फ को लेकर बंगाल में हो रही हिंसा कसे नया नहीं बताया। कहा कि इससे पहले कश्मीर में भी इसी तरह हिंसा कर हिंदूओं को वहां से खदेड़ा गया था। उन्होंने बंगाल सीएम ममता बनर्जी को कानून व्यवस्था बनाए रखने में नाकाम बताया। उन्होंने बंगाल में योगी के सीएम होने की मांग पीएम नरेंद्र मोदी से की।

# अवैध वसूली पर रोक लगाए जाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने नीजि स्कूलों में कोर्स व ड्रेस के नाम पर अवैध वसूली के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज होकर बुधवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं ने बीआरसी कार्यालय पर तालाबंदी करते हुए धरना दिया।

गौरतलब है कि सात अप्रैल को भारतीय किसान यूनियन टिकट के कार्यकर्ताओं ने निजी स्कूलों में कोर्स में ड्रेस के नाम पर हो रही अवैध वसूली पर रोक लगाई जाने की मांग को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा था। कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी।

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन टिकट के जिला उपाध्यक्ष सुजीव कुमार, शीशपाल सिंह, कवि. राज सिंह, मुदित त्यागी, रईस अहमद, शिवनाथ सिंह, आदेश कुमार, बृजपाल सिंह, शराफत हुसैन, नौबहार सिंह, अरुण चौधरी, ऋषभ कुमार, हेमेंद्र राठी, महेंद्र सिंह आदि ने बीआरसी कार्यालय पर पहुंचकर कार्रवाई नहीं होने से नाराज होते हुए बीआरसी कार्यालय पर ताला लगा दिया और धरना शुरू कर दिया।धरने की सूचना पर आए खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह को अपने बीच धरने पर बैठा लिया। करीब पांच घंटे तक धरना चला रहा। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने जिला अधिकारी के द्वारा भेजे गए पत्र को कई स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है। किसी भी छात्र-छात्रा को पुस्तकें व अन्य सामान आदि किसी विशिष्ट दुकान से क्रय करने के लिए बाध्य नहीं किया जाएगा। वार्ता होने पर मंगलवार तक स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई के आश्वासन पर धरना समाप्त कर दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह ने बताया कि कई स्कूलों को नोटिस भेज दिए गए हैं। जो शेष स्कूल बचे हैं उनको नोटिस भेजने के कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में संबंधित स्कूलों के प्रधानाचार्य व प्रबंधकों के साथ एक बैठक भी की जाएगी।

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र अखलद उसकी पत्नी शबनम उर्फ कल्लो मेरे कहने सुनने में नहीं है परेशान होकर मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद कर लिए इन्हें अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया।भविष्य में इन दोनों के किसी कार्य के लिए मैं वह मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा ।

मौ0 मोबीन पुत्र मौ0 यूसुफ
निवासी मोहल्ला अंदरून कोटला
देवबन्द (सहारनपुर)

# यूपी रोडवेज सेवा कर्मचारी वेल्फेयर एसोसिएशन सहारनपुर क्षेत्र की कार्यकारिणी के पदाधिकारियों कार्यकारणी सदस्य व आम सदस्य की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** आज मुजफ्फरनगर रोडवेज बस स्टैंड पर मचे 95 से जुड़े सहारनपुर मंडल की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता चंद्र पाल सिंह ने की और संचालन रविन्द्र कुमार ने किया। रोडवेज कर्मचारियों की एसीपी और ग्रेच्युटी के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही बैठक में मचे 95 पेंशन और कमांडर अशोक राउत जी के संघर्ष के बारे में बताया गया। यह भी जानकारी दी गई कि ईपीएफओ के पास 9 लाख करोड़ की अंक्लेम्ड राशि है और प्रत्एक व्यक्ति का 1 लाख से लेकर 5 लाख रूपए तक की राशि हैं। इसके बावजूद 1170 रूपए पेंशन मिल रही हैं। बैठक में आ]वान किया गया कि कमांडर अशोक राउत जी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलना है। बैठक में सर्व राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, मुजफ्फरनगर नेशनल एजिटेशन कमेटी के जिलाध्यक्ष रोहिताश सिंह वर्मा, सुनील कुमार,पुष्पेंद्र कुमार, सरदार जितेन्द्र सिंह, सुकराम पाल, राजपाल सिंह और विनोद त्यागी मौजूद रहे।

# पंजाब ने रचा इतिहास, 111 रन डिफेंड किए

**● कोलकाता नाइट राइडर्स को 95 रनों पर समेट दिया, चहल ने रहाणे का विकेट लेकर पलट दिया मैच**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड कर दिखाया। मंगलवार को मुल्लांपुर में होम टीम 111 रन ही बना सकी थी, लेकिन उन्होंने बालिंग में कमबैक किया और कोलकाता नाइट राइडर्स को 95 रन पर समेट दिया। पंजाब किंग्स से युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लेकर मैच पलटा।

उन्होंने अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को पवेलियन भेजा। मार्को यानसन ने भी 3 अहम विकेट लिए। प्रभसिमरन सिंह ने 30 और प्रियांश आर्या ने 22 रन बनाए। कोलकाता से रघुवंशी ने 37 रन बनाए। रसेल और रहाणे 17-17 रन बनाकर आउट हुए। हर्षित राणा ने 3 विकेट लिए। वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन को 2-2 विकेट मिले। पंजाब से पहले 2009 में चेन्नई सुपर किंग्स ने 116 रन डिफेंड किए थे। तब सीएसके के सामने पंजाब 92 रन ही बना सका था। पंजाब किंग्स ने आईपीएल इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड किया। टीम के नाम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड भी है। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए युजवेंद्र चहल ने 4 विकेट लिए। उन्होंने शुरुआती 3 ओवर में ही ये विकेट झटक लिए थे। चहल ने अजिंक्य रहाणे, अंगकृष रघुवंशी, रिंकू सिंह और रमनदीप सिंह को पवेलियन भेजा। चहल की बालिंग से ही पंजाब ने मैच में वापसी की और जीत भी दर्ज कर ली। मिडिल ओवर्स में बालिंग करने आए मैक्सवेल ने 2 ओवर में महज 5 रन खर्च किए। उन्होंने वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और कोलकाता पर दबाव बढ़ाया। सेकेंड स्पेल में बालिंग करने आए अर्शदीप ने 3 ओवर में महज 11 रन दिए। उन्होंने पारी का 15वां ओवर विकेट मेडन फेंका। अर्शदीप ने ही कोलकाता का 9वां विकेट लिया और वैभव अरोड़ा को कैच कराया। नई गेंद से बालिंग करने आए यानसन ने पहले ओवर में नरेन को बोल्ड किया। उन्होंने फिर हर्षित राणा को भी बोल्ड किया और कोलकाता पर दबाव बनाया। यानसन ने 16वें ओवर में फिर आंद्रे रसेल को बोल्ड किया और अपनी टीम को जिता दिया। कोलकाता से बालर्स ही फाइट दिखा सके। हर्षित राणा ने पावरप्ले में 3 विकेट लेकर पंजाब को बैकफुट पर धकेल दिया था। उन्होंने प्रियांश आर्या, प्रभसिमरन सिंह और श्रेयस अय्यर को पवेलियन भेजा। बालिंग में वरुण चक्रवर्ती और सुनील नरेन ने उनका साथ दिया, लेकिन बैटिंग में खराब प्रदर्शन से टीम को हार मिली। 112 रन के टारगेट के सामने कोलकाता ने 62 रन पर 2 ही विकेट गंवाए थे। यहां 8वें ओवर में युजवेंद्र चहल ने अजिंक्य रहाणे को एलबीडब्ल्यू कर दिया। रहाणे ने रिव्यू नहीं लिया, अगर वे डीआरएस लेते तो बच जाते। रहाणे के विकेट से टीम ने 17 रन बनाने में 6 और विकेट गंवा दिए। टीम का स्कोर 79 रन पर 8 विकेट हो गया। यहीं से कोलकाता बिखर गई। अजिंक्य रहाणे के विकेट के बाद कोलकाता नाइट राइडर्स की बैटिंग बिखर गई। लखनऊ के निकोलस पूरन 357 रन बनाकर टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं।


## रहाणे ने ली हार की जिम्मेदारी

**● केकेआर टीम को हार से लेना चाहिए सबक लेकर आगे के मैचों को जीतने का प्रयास करना चाहिए**



**चंडीगढ़, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने पंजाब किंग्स से मिली हार की जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम को इस हार से सबक लेना चाहिए। मंगलवार रात यहां महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ रोमांचक कम स्कोर के मुकाबले में 16 रन से मिली हार की रहाणे ने जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम को इस हार से सबक लेकर आगे के मैचों जीतने का प्रयास करना चाहिए। केकेआर की ओर से शानदार गें. दबाजी की गयी और पंजाब किंग्स को 111 रन बनाने दिये। केकेआर की ओर से हर्षित राणा ने तीन विकेट और सुनील नारायण तथा वरुण चक्रवर्ती ने दो-दो विकेट लिए। केकेआर लेकिन 112 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करते हुए पूरी तरह से लड़खड़ा गई। रहाणे ने हार की जिम्मेदारी ली और कहा कि टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के अनुकूल रूप से बल्लेबाजी नहीं की है। मैच के बाद कप्तान रहाणे ने कहा कि हमने एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में वास्तव में खराब बल्लेबाजी की, हम पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। गेंदबाजों ने जिस तरह से वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया, पंजाब की मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप को 111 पर रोक दिया। हमें इस हार से सबक सीखना चाहिए। टी-20 क्रिकेट सिर्फ छक्के मारने के बारे में नहीं है, स्थिति को समझने और बल्लेबाज के तौर पर खेल के बारे में जागरूकता रखने और फिर खेल को आगे किस तरह से आगे बढ़ाने के बारे में सोचने की जरुरत है। आज हम इसी चीज में चूक गए। केकेआर कप्तान ने इस बात पर जोर दिया कि टी-20 क्रिकेट में, कभी-कभी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में सफलतापूर्वक लक्ष्य का पीछा करने के लिए कम स्ट्राइक रेट के साथ अधिक संतु. लित पारी खा`लना आवश्यक होता है। रहाणे ने कहा कि हमें यह सीखने की जरूरत है कि किसी भी स्थिति में कैसे परिणाम हासिल किए जाएं। हालांकि कभी-कभी आपको टी-20 क्रिकेट में मेडन ओवर खेलना पड़ता है या 70-80 की स्ट्राइक रेट से खेलना पड़ता है, यह ठीक है, लेकिन आपको इसके लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। रहाणे ने लीग के बाकी मैचों के बारे में जोर देकर कहा कि आत्मसंतुष्टि की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि केकेआर को अभी सात और मैच खेलने हैं। उन्होंने कहा कि हम टूर्नामेंट के आधे मुकाम पर हैं और लीग में अभी सात मैच बाकी हैं। हमें हमेशा अच्छे इरादे के साथ वापसी करने के बारे में सोचना होगा, साथ ही एक बल्लेबाज के रूप में सीखने और सुधार करने और पिछली हार पर मंथन कर अगले मैच में आगे बढ़ने की को. शिश करनी चाहिए। गौरतलब है कि केकेआर ने अब तक टूर्नामेंट में तीन जीत हासिल की हैं।

## 112 रनों के लक्ष्य का बचाव आईपीएल कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत : रिकी पोंटिंग



**■ ऐसी जीत में लगभग सभी खिलाड़ियों का योगदान रहता है**

**मुल्लांपुर, वार्ता।** पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे छोटे 112 रनों लक्ष्य का बचाव एक रिकॉर्ड है और यह उनके कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को पंजाब किंग्स के 112 रन के छोटे से लक्ष्य को भेदने में असफल रही और 95 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। पंजाब किंग्स ने 16 रनों से जीत हासिल की थी।

पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' बताते हए कहा, ह्अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगी। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है। तीन दिन पहले ही हम 246 के लक्ष्य को नहीं भेद पाये थे और तीन दिन बाद ही हमने 112 रन के स्कोर को बचा लिया। दूसरी पारी शुरू होने से पहले मैंने लड़कों से कहा था कि कई बार छोटे लक्ष्य बहुत मुश्किल होते हैं। विकेट उतना आसान नहीं था और मुझे लग रहा था कि मैच फंसेगा। उन्होंने आगे कहा कि आज रात युज़वेंद्र चहल की बेहतरीन रात थी। उन्होंने शानदार स्पेल किया। आज के मैच से पहले उनका फिटनेस टेस्ट हुआ था क्योंकि पिछले मैच में उनके कंधे में चोट लग गई थी। इस मैच के अभ्यास सत्र से पहले मैंने उनकी आंखों में आंख डाला और उनसे पूछा कि 'क्या तुम ठीक हो?', उन्होंने कहा- 'हां, मैं शत-प्रतिशत ठीक हूं और मुझे खेलने का मौका।' इसके बाद उन्होंने क्या शानदार गेंदबाज़ी की।

उन्होंने कहा, ह्इस मैच में मैच-अप के कारण अर्शदीप (सिंह) की जगह मार्को (यानसन) और (जेवियर) बार्टलेट ने नई गेंद संभाली। हमने बात की अगर ऐसे मैचों में जीत मिलती है तो यादगार होती है। अगर हम जीत दर्ज कर लेते हैं तो ऐसी जीत में लगभग सभी का योगदान होगा। मैंने कई आईपीएल मैचों में कोचिंग की है, लेकिन यह मेरे लिए अब तक की सर्वश्रेष्ठ जीत है।

## राजस्थान के खिलाफ खेल सकते हैं एलएसजी के मयंक

**■ चोट से उबरने के बाद टीम से जुड़े, पिछले आईपीएल में चोटिल हुए थे**

**नई दिल्ली, वार्ता।** तेज गेंदबाज मयंक यादव मंगलवार रात लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) में शामिल हो गए। मयंक लंबे समय से रिहैबिलिटेशन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) में थे। वे लखनऊ के फिजियो से हरी झंडी मिलने के बाद शनिवार को राजस्थान के खिलाफ होने वाले मैच में खेल सकते हैं। मयंक ने अपना आखिरी मैच 2024 अक्टूबर में बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 में खेला था। उसके बाद से वह क्रिकेट से दूर हैं। बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने फिट घोषित किया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीईओ) बेंगलुरु में बीसीसीआई की मेडिकल टीम ने उन्हें आईपीएल खेलने के लिए फिट घोषित कर दिया है। हालांकि, लखनऊ के हेड फिजियो आशीष कौशिक उनकी जांच करेंगे और उनसे हरी झंडी मिलने पर ही वह राजस्थान के खिलाफ खेल पाएंगे। मयंक को रिहैबिलिटेशन के दौरान प्रैक्टिस सेशन में पैर की अंगुली में चोट लग गई थी। पिछले साल सिर्फ चार मैच ही खेल सके मयंक मयंक यादव पिछले आईपीएल में चोटिल हो गए थे। उसके बाद से वह केवल 3 ही घरेलू और इंटरनेशनल मैच खेले हैं। वे मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान रहे हैं। मयंक ने डेब्यू मैच में ही सबसे तेज गेंद फेंकी मयंक ने पिछले सीजन आईपीएल डेब्यू किया था। अपने डेब्यू मैच में ही 4 ओवर में 27 रन देकर 3 विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। वे डेब्यू पर प्लेयर ऑफ द मैच बनने वाले पहले पेसर बने। 155.8 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार की गेंद से उनका नाम चर्चा में आया। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपने दूसरे ओवर की पहली गेंद 155.8 प्रति घंटा की रफ्तार से फेंकी।

## सुरुचि सिंह ने जीता स्वर्ण पदक

**● मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक**



**लीमा, वार्ता।** निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने मंगलवार को पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में क्रमश: स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुरुचि सिंह ने मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243-6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242-3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219-5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। पिछले वर्ष नई दिल्ली में शूटिंग नेशनल्स में सात स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में फाइनल में 244-6 का स्कोर बनाकर पहला विश्व कप पदक अपने नाम किया। सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक भी जीता था। 578 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कुल 219-1 अंक हासिल किए।

## पोमोना के फेयरग्राउंड में होंगे क्रिकेट मैच




**■ 2028 ओलंपिक-128 साल बाद वापसी, 1900 ओलंपिक में पहली बार खेला गया था क्रिकेट**

**लॉस एंजिल्स, वार्ता।** 2028 लाज एंजिल्स में आयोजित ओलिंपिक गेम्स में क्रिकेट का आयोजन साउथ कैलिफोर्निया के पोमोना के फेयरग्राउंड में खेला जाएगा। इसके लिए यहां पर अस्थायी तौर पर क्रिकेट स्टेडियम तैयार किया जाएगा। मंगलवार को आयोजन समिति ने इसकी घोषणा की। पोमोना के फेयरग्राउंड जिसे फेयरप्लेक्स के नाम से जाना जाता है। यह लास एंजिल्स से लगभग 50 किमी पूर्व में है। यह 500 एकड़ का इवेंट काम्प्लेक्स है, जिसने साल 1922 से लास एंजिल्स काउंटी फेयर की मेजबानी की है। यह वेन्यू कान्सर्ट, ट्रेड शो, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट के लिए जाना जाता है। यहां पूरे साल इवेंट आयोजित होते रहते हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत-पाक मैच न्यूयाक में खेला गया था पिछले साल यूएसए और वेस्टइंडीज में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान न्यूयार्क में भारत-पाक का मैच खेला गया था। इसके लिए पाप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसके अलावा लाडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम में भी वर्ल्ड कप के मैच खेले गए थे। मेंस और विमेंस दोनों ही कैटेगरी में होगी 6-6 टीमें ओ. लिंपिक गेम्स 2028 में क्रिकेट के मेंस और विम. ेंस दोनों ही कैटेगरी में कुल 6-6 टीमें हिस्सा लेंगी। इसका ऐलान इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी पहले ही कर चुकी है। दोनों कैटेगरी में सभी छह टीमें अपने-अपने स्क्वाड में 15 मेंबर्स चुन सकती हैं। ओलिंपिक में क्रिकेट को पिछले साल शामिल किया गया था। इसमें क्रिकेट के टी-20 फार्मेट को चुना गया है। ओलिंपिक में क्रिकेट केवल एक बार शामिल हुआ था। ओ. लिंपिक में 128 साल बाद क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले क्रिकेट 1900 के पेरिस ओलिंपिक में शामिल हुआ था। तब ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस की टीमों ने इसमें हिस्सा लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने गोल्ड और फ्रांस ने सिल्वर मेडल जीता था। दोनों टीमों के बीच केवल एक ही मैच खेला गया था और इसी मैच को फाइनल घोषित कर दिया गया था। क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में अब तक जानकारी नहीं अभी तक 2028 ओ. लिंपिक के लिए क्वालिफिकेशन प्रोसेस के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। लास एंजिलिस ओलिंपिक में अमेरिका का खेलना तय माना जा रहा है, क्योंकि उन्हें मेजबान कोटे का फायदा मिलेगा। इसका मतलब होगा कि अमेरिका के अलावा पांच और टीमें हिस्सा ले सकेंगी और उन्हें क्वालिफिकेशन प्रोसेस से गुजरना होगा। कामनवेल्थ में दो बार खेला गया क्रिकेट क्रिकेट कामनवेल्थ गेम्स में भी 2 बार 1998 और 2022 में शामिल किया गया है।

## वानखेड़े में अब रोहित शर्मा के नाम पर भी होगा स्टैंड

**● बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा**

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के नाम पर वानखेड़े स्टेडियम में एक स्टैंड होने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसका फैसला मंगलवार को एमसीए की वार्षिक आम बैठक के दौरान हुआ।

इसके अतिरिक्त भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शरद पवार और पूर्व बल्लेबाज अजीत वाडेकर के नाम पर भी स्टैंड बनाया जाएगा। इन तीन दिग्गजों के नाम पर स्टैंड का नाम रखने का प्रस्ताव राजनेता और एमसीए शीर्ष परिषद के सदस्य मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था। मुंबई क्रिकेट संघ ने एक बयान में कहा, वार्षिक आम बैठक के दौरान पारित एक अन्य प्रमुख प्रस्ताव वानखेड़े स्टेडियम में स्टैंड के नामकरण को मंजूरी देना था। यह प्रस्ताव शुरू में मिलिंद नार्वेकर द्वारा रखा गया था और जित. ेंद्र आव्हाड ने इसका समर्थन किया। सदन ने सर्वसम्मति से स्टैंड के नामकरण को मंजूरी दे दी। वानखेड़े स्टेडियम पर इससे पहले भी कई क्रिकेट दिग्गजों के नाम पर स्टैंड के नाम रखे जा चुके हैं जिनमें सचिन तेंदुलकर, सुनील गावस्कर, विजय मर्चेंट और दिलीप वेंगसरकर के नाम शामिल हैं। भारत ने रोहित की कप्तानी में दो आईसीसी खिताब जीते हैं। रोहित ने अपने करियर में 2024 टी-20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती, लेकिन वह 2023 में वनडे विश्व कप का खिताब जीतने से चूक गए थे। अगला विश्व कप 2027 में दक्षिण अफीका, जिम्बाब्वे और नाम. ीबिया में होना है। रोहित 2011 में विश्व कप के लिए टीम में जगह बनाने से चूक गए थे। वह 2015 में एक खिलाड़ी और 2019 में उपकप्तान के तौर पर खेलने उतरे थे। रोहित के पास 2023 में वनडे विश्व कप जीतने का अच्छा मौका था और उनके नेतृत्व में टीम ने लगातार 10 मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## जांच में नहीं पास हुआ नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला

**मुल्लांपुर, वार्ता।** आईपीएल 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गए मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला जांच में फेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए।

## दिल्ली ने राजस्थान को दिया 189 रन का टारगेट

**● राजस्थान की तेज शुरुआत, 5 ओवर में फिफ्टी बनाई, रिटायर्ड हर्ट हुए सैमसन**



**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल के 32वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 189 रन का टारगेट दिया। अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान ने बॉलिंग चुनी। दिल्ली ने 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए। अभिषेक पोरेल ने 49 रन बनाए। राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। राजस्थान ने 7 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 65 रन बना लिए हैं। टीम से यशस्वी जायसवाल और रियान पराग पिच पर हैं। संजू सैमसन छठे ओवर में रिटायर्ड हर्ट होकर बाहर चले गए। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन पावरप्ले के आखिरी ओवर में रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन चले गए। उन्हें कमर में दर्द महसूस हो रहा था। उनकी जगह रियान पराग बैटिंग करने आए। टीम ने 6 ओवर में बगैर नुकसान के 63 रन बनाए।दिल्ली कैपिटल्स ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए। टीम से आशुतोष शर्मा और ट्रिस्टन स्टब्स ने संदीप शर्मा के खिलाफ 20वें ओवर में 19 रन बटोरे। अभिषेक पोरेल ने 49, केएल राहुल ने 38, ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 और कप्तान अक्षर पटेल ने 34 रन बनाए। राजस्थान से जोफ्रा आर्चर ने 2 विकेट लिए। महीश तीक्षणा और वनिंदू हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रन आउट भी हुआ।दिल्ली कैपिटल्स ने 17वें ओवर में पांचवां विकेट भी गंवा दिया। महीश तीक्षणा ने ओवर की आखिरी बॉल फुलटॉस फेंकी, अक्षर लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। उन्होंने 34 रन बनाए।

## 46 साल के उम्र में पिता बने जहीर खान

**पत्नी सागरिका ने बेटे को दिया जन्म, साझा की पहली तस्वीर**



**मुंबई, वार्ता।** पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान और उनकी पत्नी सागरिका घटगे ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। दोनों ने बेटे का नाम फतेहसिंह खान रखा है। दंपति ने बुधवार को एक संयुक्त पोस्ट साझा किया और इसकी पुष्टि की। इस कपल ने जो तस्वीरें साझा की हैं उसमें जहीर खान को बेटे को गोद में उठाए हुए देखा जा सकता है, जबकि सागरिका जहीर के कंधों पर हाथ रखी हुई हैं। एक और फोटो में जहीर बेटे का हाथ थामे हुए देखे जा सकते हैं। ग्रे-स्केल तस्वीर को साझा करते हुए इस कपल ने लिखा कि आपके प्यार, कृतज्ञता और ऊपर वाले के आशीर्वाद से हम अपने बेटे फतेहसिंह खान का इस दुनिया में स्वागत करते हैं। इसके बाद यह पोस्ट बधाई संदेशों से भर गया। अंगद बेदी ने लिखा कि वाहेगुरु। हरभजन सिंह ने लिखा कि आप दोनों को बधाई। वाहेगुरु मेहर करे। प्रज्ञा कपूर ने लिखा, बधाई हो। वहीं, सारा तेंदुल. कर ने लिखा, सबसे अच्छी खबर। सुरेश रैना ने लिखा, बहुत-बहुत बधाई। आकाश चोपड़ा ने लिखा, आप दोनों को बधाई। बहुत सारा प्यार और आशीर्वाद। पूर्व क्रिकेटर आरपी सिंह, सूर्यकुमार यादव की पत्नी देविशा शेट्टी, अभिनेत्री डायना पेंटी, पूर्व क्रिकेटर राहुल शर्मा, क्विंटन डिकाक की पत्नी शाशा डिकाक, अभिनेत्री हुमा कुरैशी, वीरेंद्र सहवाग की पत्नी आरती सहवाग ने भी कमेंट के जरिये जहीर और सागरिका को बधाई दी है।

# ईडी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नेशनल हेराल्ड केस में कांग्रेस संसदीय दल की नेता श्रीमती सोनिया गांधी एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के विरुद्ध केंद्र सरकार के इशारे पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्यवाही का विरोध करते हुए, जिला व महानगर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया।

कलैक्ट्रेट में महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार नेशनल हेराल्ड केस में आला कांग्रेस नेताओं पर जो आरोप लगा रही है, वे केवल राजनीतिक आरोप है और उनमें कोई सच्चाई नहीं ?। मनीष त्यागी ने कहा कि मोदी सरकार यह भूल रही है कि जिस नेहरू-गांधी परिवार पर वह ये मिथ्या आरोप लगा रही हैं, उस नेहरू-गांधी परिवार ने आजादी के संघर्ष के दौरान अपनी करोड़ों-अरबों की संपत्ति देश को दान कर दी थी। उन्होंने कहा कि जांच तो अडानी-अंबानी जैसे औद्योगिक घरानों की होनी चाहिए, जिन्होंने भाजपा सरकारों के संरक्षण में देश की संपत्तियों को लूट कर अपने घरों में भर लिया।

पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी व पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने कहा कि आज मोदी सरकार एक बार फिर अपने राजनीतिक विरोधियों को डरने धमकाने व राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने कहा की नेशनल हेराल्ड केस की आड़ में ईडी ने कांग्रेस की जिन संपत्तियों को सीज किया है वह केवल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर ठीक उसी तरह हुआ है जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खातों को सील करके किया था। पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा ने कहा कि आज जब कांग्रेस के नेतृत्व में बिहार से शुरू हुआ मोदी सरकार का विरोध पूरे देश में फैल रहा है। उन्होंने कहा कियह साफ हो गया कि भाजपा सभी संवैधानिक संस्थाओं को अपने फ्रंटल संगठनों की तरह इस्तेमाल कर रही है।

प्रदर्शनकारियों में पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी मुजफ्फर अली, पूर्व प्रदेश सचिवगण अशोक सैनी, प्रवीण चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, पीसीसी सदस्यगण नरेंद्र शर्मा, धर्मवीर जैन, अक्षय चौधरी, अमरदीप जैन, हरिओम मिश्रा, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, आरिफ खान, सेठपाल बिट्टू, दुष्यंत राणा, ओम प्रकाश शर्मा, वतन सिंह राणा, इकराम खान, प्रभजीत सिंह, सोमपाल कश्यप, नीरज कपिल, मयंक शर्मा, भूपेंद्र सैनी, संयोग सैनी, गुलफाम अंसारी, भूपेंद्र शर्मा, दर्पण त्यागी, बरकत अंसारी, सतीश कश्यप, सतपाल बर्मन, राकेश मोहन शर्मा, नसीब खान, जमाल नजमी, यूनुस, असगर, करण सिंह चौहान, रवि जाटव, राकेश वर्मा आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# रिश्तेदारी में आये बच्चे को कुत्तों ने नोंचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** मिर्जापुर क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक सर चढ़कर बोल रहा आवारा कुत्तों के झुंड कहीं भी नन्हे मुन्ने बच्चों को निशाना बनाकर नोच लेते हैं। घाड क्षेत्र में कई घटनाएं ऐसी घट चुकी हैं जिनमें आवारा कुत्तों ने घर के बाहर खेलने निकले बच्चों को घेरकर अपना निशाना बना लिया है हालांकि क्षेत्र वासियों ने कई बार शासन प्रशासन से गुहार लगाते हुए आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की है लेकिन उसके बावजूद भी संबंधित विभाग चुप्पी साधे हुए हैं। आवारा कुत्तों के आतंक से क्षेत्रवासी डर के साये में जीने को मजबूर हैं।

बुधवार को मिर्जापुर कस्बे मे उत्तराखंड के ढालीपुर से रिश्तेदारी मे आए एक 9 वर्षीय बालक बासित पुत्र रियाजुल को आवारा कुत्तों के झुंड ने घेरकर नोच लिया मिली जानकारी के अनुसार घर के बहार खेलते समय आवारा घूम रहे आवारा खूंखार कुत्तों के झूंड ने हमला करते उसे अपने मुंह का निवाला बनाकर बुरी तरह से नोचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया है आवारा कुत्तों के झूंड ने बच्चे के सिर,पैर ओर गर्दन पर कई जगह गहरे घाव कर दिए है।

अपने खेतों मे गेंहू की कटाई कर रहे आसपास के लोगो ने बच्चे की चीख पुकार सुनकर घटनास्थल पर पंहुचे ओर घायल बच्चे को आनन फानन मे निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया जहाँ से निजी चिकित्सको ने एंबुलेंस 108 को सूचना दी सूचना मिलते ही एंबुलेंस 108 मौके पर पहुंची और कुत्तों के हमले में घायल बच्चे की हालत नाजुक देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बेहट के लिए रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने घायल बच्चे को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भिजवाया है।

वहीं आवारा खूंखार कुत्तो के हमले से ग्रामीणों मे दहशत का माहौल बना हुआ है।

# जमीन पर कब्जे की शिकायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** दबंगों द्वारा जमीन पर कब्जा करने को लेकर पीड़ित ने एसपी को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है।

मामला थाना बिहारीगढ़ अंतर्गत पेलो खुर्द गांव का है जहाँ पीड़ित सुहैल यूसुफ द्वारा बताया गया कि एक पुश्तैनी जमीन मेरे दादा के समय से हमारे पास चली आ ही है। जिसका खसरा नम्बर 301 है, जिसका कुल रकबा 20 बीघा के करीब है। पीड़ित का कहना है धरातल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से एक कम्पनी है जो उनकी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं जिसकी शिकायत पूर्व में भी वे सम्बंधित थाने को कर चुके हैं। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं कि गयी। पीड़ित सुहैल यूसुफ का कहना है कि विपक्षी लोग लगातार उन्हें झूठे मुकदमे में फसाने और जान से मारने की धमकी देते आ रहे हैं।

# फतेहपुर पुलिस ने पकड़ा नशा तस्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** पुलिस टीम ने देहरादून रोड पर संत निरंकारी सत्संग भवन के समीप से नशा तस्कर को धर दबोचा।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 117 ग्राम अवैध चरस बरामद की। पूछताछ में अंकित सैनी ने खुलासा किया कि वह चरस को हरिद्वार के बुग्गावाला थाना क्षेत्र के बन्दरजूड लालवाला निवासी असलम से सस्ते दामों में खरीदता था। इसके बाद वह इसे अपने गांव में बेचकर मोटा मुनाफा कमाता और अपना खर्च चलाता था। उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी।

गिरफ्तार करने वाली बहादुर पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह, उपनिरीक्षक बिजेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार हेड कांस्टेबल विनोद शामिल रहे।

# सांसद इमरान मसूद ने की स्वामी अवधेशानंद से शिष्टाचार मुलाकात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद ने स्वामी अवधेशानंद महाराज से शिष्टाचार मुलाकात कर आपसी सौहार्द, आध्यात्मिक संवाद और सामाजिक सरमसता पर चर्चा की।

मुलाकात के दौरान स्वामी अवधेशानंद महाराज ने सामाजिक एकता, राष्ट्रहित और मानव सेवा से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। सांसद इमरान मसूद ने स्वामी जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया और आभार व्यक्त किया कि देश को उनका मार्गदर्शन मिलता रहा है। सांसद इमरान मसूद ने कहा कि धर्म और राजनीति जब मानव सेवा के उद्देश्य से मिलते हैं, तभी सच्चे भारत की परिकल्पना साकार होती है। इस अवसर पर विधायक मोना मिश्रा, सांसद की धर्मपत्नी साइमा मसूद भी उपस्थित रही हैं।

# एक दूसरे को पटखनी देकर दर्शकों का किया मनोरंजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर के माँ देवी बाला सुंदरी मंदिर परिसर में लग रहे मेले में नशा मुक्ति अभियान के तहत आयोजित विशाल दंगल में पहलवानों ने अपने दमखम व बेहत. रीन दांव पेंच का प्रदर्शन कर दर्शकों का मनोरंजन किया।

बुधवार को दंगल के पांचवें दिन पहली कुश्ती साहिल पहलवान सहारनपुर व सोनू पहलवान बरेली के बीच हुई जिसमे साहिल ने सोनू को हराया। दूसरी कुश्ती काला पहलवान अंबाला व सुशील पहलवान अपलाना के बीच हुई जिसमे सुशील ने काला को पटखनी देकर कुश्ती जीती। तीसरा कुश्ती टाइगर पहलवान मुजफ्फरनगर व दिलशाद पहलवान मलकपुर के बीच हुई, जो कि बराबरी पर छुटी।

चौथी कुश्ती मौसम अली पहलवान मलेर कोटला व बादल पहलवान बरेली के बीच हुई, जिसमे मौसम पहलवान ने बदल को हराकर कुश्ती जीती। पांचवी कुश्ती फारूक पहलवान बाबूपुर व अरुण पहलवान मुगल माजरा के बीच हुई, जो कि बराबर रही। दंगल में संचालक यामीन खलीफा, रेफरी इरशाद पहलवान, सद्दाम पहलवान, इमरान खलीफा गठेड़ा, होमगॉर्ड कुलभूषण शर्मा, रविन्द्र शर्मा, नानू राम आदि मौजूद रहे। मेले के दंगल में पहलवानों की कुश्ती देखने के लिये लोग दूरदराज से आकर खूब मनो. रंजन कर रहे है।

# मां शाकुम्भरी शक्तिपीठ में होगा पर्यटन का सृजन

## जनपद में वित्तीय वर्ष के अर्न्तगत 11.20 करोड़ की कुल तीन योजनाएं स्वीकृत

**■ ग्राम जेहरा में प्राचीन पतेश्वर महादेव मंदिर का होगा पर्यटन विकास ■ गंगोह का प्राचीन शिव मंदिर एवं भैरव काली मंदिर का पर्यटन विकास भी योजना में शामिल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने अवगत कराया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को आकर्षित किये जाने एवं पर्यटक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से जनपद में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अर्न्तगत 11.20 करोड़ लागत की कुल तीन योजनायें स्वीकृत हैं।

योजना में ग्राम जेहरा में प्राचीन पतेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास, विधानसभा गंगोह में स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं भैरव काली मंदिर का पर्यटन विकास एवं मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पर्यटन सुविधाओं का सृजन शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जनपद में पर्यटन अवस्थापना सुविधाओं में विकास के साथ साथ पर्यटकों के आवागमन में बढोत्तरी होगी।

जिलाधिकारी श्री बंसल ने बताया कि ग्राम जेहरा में प्राचीन पतेश्वर महादेव मंदिर का पर्यटन विकास हेतु 01.19 करोड़ रूपये की लागत से सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटक सुविधाओं का सृजन किया जायेगा। इनमें मुख्य रुप से गेट का निर्माण, यात्रियों के विश्राम हेतु यात्री शेड का निर्माण, टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण, पीने की पानी की व्यवस्था, सोलर लाइटों की व्यवस्था, लैन्डस्केपिंग तथा पार्किंग का निर्माण कराया जायेगा। श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बैंचे लगाई जायेंगी। पूजा प्रसाद आदि सामग्री के विक्रय हेतु कियोस्क तथा छोटी दुकानो का भी निर्माण कराया जायेगा।

विधानसभा गंगोह में स्थित प्राचीन शिव मंदिर एवं भैरव काली मंदिर का पर्यटन विकास हेतु कुल 01 करोड़ की लागत स्वीकृत है, जिसके अर्न्तगत यात्री शेड की निर्माण कराया जायेगा, पेवमेन्ट तथा लैन्डस्केपिंग की व्यवस्था होगी। सम्पूर्ण परिसर में पोल लाईटें लगाई जायेंगी तथा एक टॉयलेट ब्लॉक भी निर्मित कराया जायेगा।

इसके साथ मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पर्यटन सुविधाओं का सृजन मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में वृहत स्तर पर पर्यटक सुविधाओं का निर्माण कराया जा रहा है। उक्त कड़ी में ही मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ में पर्यटक सुविधाओं हेतु कुल 09.01 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गयी है। जिसके अर्न्तगत एक मिनी टी. एफ.सी का निर्माण कराया जायेगा। यहां आकर यात्री विश्राम कर सकेगें व अन्य पर्यटन सुविधाओं का लाभ उठा सकेगें।

# स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय अधिनियम उल्लंघन पर होगी कार्रवाई: जिलाधिकारी

**■ अभिभावक आज उपस्थित होकर करा सकते हैं अपनी शिकायत दर्ज, पहले एक लाख रुपये का लगेगा जुर्माना और दूसरी बार में पांच बार, तीसरी बार में मान्यता होगी रद्द**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जो भी स्कूल उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय अधिनियम 2018 का पालन नहीं करेगा उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पीडित अभिभाव कल (आज) शाम साढे छह बजे उपस्थित होकर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है।



जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूल उत्तर प्रदेश स्ववित्त पोषित स्वतंत्र विद्यालय अधिनियम 2018 के उल्लंघन के संबंध में शिकायतकर्ता शिकायत देकर या स्वयं उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा सकते है। यदि जिले में किसी भी स्कूल के द्वारा अभिभावकों को एक ही दुकान से किताब खरीदने ड्रेस बनवाने या किसी और प्रकार से उत्पीड़न करते हैं तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सबसे पहले 1लाख रुपए का जुर्माना और उसके बाद दूसरी बार में 5 लाख रुपए तक का जुर्माना अगर स्कूल प्रशासन अपनी हरकतों से बाज नहीं आता तो संबंधित स्कूल की मान्यता पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध शराब, ताश गडडी व पर्ची सटटा नष्ट कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** पिछले सालों से विभिन्न मामलों में थाने पर जमा हुई अवैध शराब तथा ताश की गड्डी गत्ता ,पर्चा, सट्टा आदि सामान को थाना परिसर में गढ्ढा खुदवा कर नष्ट किया गया।

मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 -24 के अंतर्गत विभिन्न मामलों में अवैध रूप से शराब कसी. दगी व बेचने वाले शराब कारोबारी से पकड़ी गई करीब 300 लीटर अवैध शराब, तथा सट्टा आदि करने वालों से बरामद पर्ची सट्टा आदि मालखाने मे जमा थी।

मामलों का न्यायालय द्वारा निस्तारण कर देने के बाद बुधवार को थाना परिसर में पुलिस क्षेत्राधिकारी देवबंद रविकांत पाराशर की निगरानी मे गढ्ढा खुदवा कर जमीदोंज कर दिया गया है। ताकि कोई भी व्यक्ति इन वस्तुओं का गलत प्रयोग ना कर सके

# बीडीओ के खिलाफ किसानों का प्रदर्शन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/छुटमलपुर।** भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी के नेतृत्व में संगठन के कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फराबाद विकासखंड के खंड विकास अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर अपना आक्रोश जताया और मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

ज्ञापन में संगठन ने आरोप लगाया कि मुजफ्फराबाद विकासखंड में नियुक्त बीडीओ सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में विफल रहे हैं और लोगों को गुमराह कर रहे हैं। संगठन की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी ने कहा कि बीडीओ सरकार की छवि को धूमिल कर रहे हैं, क्योंकि वे न तो जनता की समस्याएं सुनते हैं और न ही उनका समाधान करते हैं। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे।

प्रदर्शनकारियों में महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋतु सैनी के साथ प्रतिनिधि सागर सैनी, जिला प्रभारी चौधरी मांगेराम, जिला महामंत्री अंकित कुमार, तहसील बेहट अध्यक्ष रविंद्र सैनी, सुधीर सैनी, ब्रह्मपाल, अजय कुमार, तेलूराम आदि मुख्य रूप से शामिल रहे।

# निगम के अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अपर नगरायुक्त के निर्देश पर आज नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने आज घण्टाघर से चौधरी चरणसिंह चौक तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान करीब तीन दर्जन स्थानों से अस्थायी व दो स्थानों से जेसीबी की मदद से स्थायी अतिक्रमण ध्वस्त किया गया तथा दस दुकानों से दस हजार रुपये से अधिक जुर्माना वसूला गया। जनसुनवाई व आईजीआरएस पोर्टल पर आयी शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए भी अतिक्रमण हटवाया गया।

अपर नगरायुक्त राजेश यादव के निर्देश पर प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच बी गुरुंग के नेतृत्व में निगम के अतिक्रमण हटाओ दस्ते ने घण्टाघर से देहरादून चौक होते हुए चौधरी चरण सिंह चौक तक अभियान चलाया। इस दौरान करीब 35 स्थानों से अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया और सड़क पर फैला कर रखा गया सामान जब्त कर निगम लाया गया। सड़क पर रेत बजरी फैलाकर रखने वाले एक दुकानदार पर 1500 रुपये के चालान सहित दस दुकानों पर दस हजार दो सौ रुपये का चालान भी किया गया।

आईजीआरएस पोर्टल पर आयी शिकायत का संज्ञान लेते हुए पेपर मिल रोड स्थित काशीराम कॉलोनी में एक व्यक्ति द्वारा अपने मकान के बाहर अवैध रुप से बनाया गया एक मकान जेसीबी की मदद से ध्वस्त कर अतिक्रमण हटवाया गया। इसके अलावा पेपर मिल रोड पर भी एक दुकान के बाहर दस फुट तक किया गया अतिक्रमण भी जेसीबी से ध्वस्त किया गया। उक्त अतिक्रमणकारी को पहले भी कई बार अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी गयी थी। इसके अलावा जनसुनवाई में आयी शिकायत का संज्ञान लेते हुए शारदा नगर में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति के घर के बाहर अवैध रुप से कार पार्किंग करने पर यातायात पुलिस को बुलाकर चालान कराया गया और कार को हटवाया गया।

R.K.Girls Degree College
Garhi Abdulla Khan,
Dist-Shamli
Required
Code-523
For the post of
Lecturers of BA
Course-(Subjects)-:
Hindi, English, Sanskrit,
Home Science,
Economics.
(Eligibility & Salary)-:
UGC & Maa
Shakumbhari University,
Saharanpur norms.
Interested Candidates
may apply with resume
and documents.
E-mail-:rkgdegree
college2018@gmail.com
Mob-7983270771,
9758920004
Secretary

# गंभीर बीमारी से ग्राम प्रधान की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** विकास खण्ड सरसावा अन्तर्गत ग्राम पंचायत सीकरी कलां के वर्तमान युवा ग्राम प्रधान राजेश कुमार की गंभीर बीमारी के चलते मौत हो गई। परिजनों में मचा कोहराम मचा हुआ है वहीं ग्रामीणों में भी शोक की लहर है।

बुधवार की सुबह क्षेत्र के ग्राम सीकरी कलां में उस समय शोक की लहर दौड गयी जब ग्रामीणों को अपने प्रिय, कर्मठ व ईमानदार युवा ग्राम प्रधान की मौत की सूचना मिली। बताया जा रहा है कि ग्राम प्रधान राजेश कुमार बहुत ही नेक व मिलनसार व्यक्तित्व के इंसान थे। वह लगभग डेढ वर्ष से पेट की किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। सहारनपुर के एक अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। इसी गम्भीर बीमारी के चलते आज बुधवार को सुबह के समय घर पर ही उनकी मौत हो गयी।

# मंडी वर्क्स यूनियन ने मनाई डा. आम्बेडकर जयंती



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती कृषि मंडी उत्पादन समिति स्थित कर्मचारी कृषि मंडी वर्कर्स यूनियन के कार्यालय पर बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। भारतीय किसान यूनियन अ. के राष्ट्रीय सचिव राजेश गौतम एंव नवीन कृषि मंडी वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष विनोद कुमार, जिला मंत्री इकबाल मालिक, यूनियन के कोषाध्यक्ष सागर अली व राजबीर गौतम ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय, समानता एवं एकता के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए डॉ. अंबेडकर ने जो कार्य किए, वे आज भी प्रेरणादायक हैं। उनका जीवन हमें एक समतामूलक समाज की दिशा में आगे बढ़ने का मार्ग दिखाता है। सभा को संबोधित करते हुए अन्य वक्ताओं ने समाज में समानता और बंधुत्व के मूल्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आदि लोग मौजूद रहे।

# कबड्डी में ओपन व टेटे में सुरभि विजेता



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** फिट इंडिया मिशन के अंतर्गत मुन्ना लाल एंड जयनारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज की वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन जेवलिन थ्रो, कबडडी व टेबिल टेनिस के मुकाबले खेले गये।

आज की प्रतियोगिताओं के उद्घाटन सत्र में कार्यवाहक प्राचार्या प्रोफेसर जया ने छात्राओं परिचय प्राप्त किया। जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में बी. ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा कोमल ने प्रथम स्थान, एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा साक्षी ने द्वितीय स्थान एवं बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आयुषी सैनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी के पहले सेमी-फाइनल मुकाबले में ओपन टीम ने बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की टीम को पराजित कर फाइनल में अपना स्थान पक्का किया तथा दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की टीम ने बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की टीम को परास्त कर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मैच मे बी.ए. षष्ठम सेमेस्टर की टीम ने बी.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रों को हरा कर कांस्य पदक प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला ओपन टीम तथा बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर की टीम के मध्य हुआ, जिसमें ओपन टीम के खिलाड़ियों ने दमखम तथा फुर्ती दिखाते हुए अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को 30-10 के स्कोर से धूल चटा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

टेबल टेनिस के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में सुरभि ने निपुर पाल को तथा दूसरे सेमीफाइनल में वंशिका ने खुशनुमा को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। टेबल टेनिस के फाइनल रोमांचक मुकाबले में फुर्ती के साथ खेलते हुए सुरभि ने वंशिका को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नूपुर पाल ने खुशनुमा को हराकर तृतीय स्थान अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक शारी. रिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर दीक्षा सिंह, श्रीमती निधि सैनी तथा कुमारी शिखा रानी रहें और मुख्य निर्णायक क्रीड़ा परिषद की सचिव डॉक्टर रीता बोरा रहीं।

प्रतियोगिताओं के दौरान छात्रों के उत्साहवर्धन हेतु क्रीड़ा समिति के सदस्य एसोसिएट प्रोफेसर अनुपम गुप्ता तथा असिस्टेंट प्रोफेसर दीपाली सिंह उपस्थिति रहीं।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 17 अप्रैल 2025

## संयम जरूरी

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की तीन सदस्यीय पीठ ने बुधवार को उन याचिकाओं पर सुनवाई की जो वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संविधानिक वैधता को चुनौती देने वाली है। इस पर गुरुवार को भी सुनवाई होगी। दोनों पक्षों ने बुधवार को जमकर अपनी दलीलें पेश की। पूरे देश की नजर इस समय सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लगी कि वह गुरुवार को क्या फैसला लेता है। इस समय सबसे बड़ी बात है वह यह है कि सभी पक्ष इस पूरे मामले में संयम का परिचय दे। यही सबके हित में होगा। न्यायमूर्ति खन्ना ने भी याचिकाओं की सुनवाई के अंत में इस पर टिप्पणी भी की और उन्होंने विशेषकर पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा का हवाला भी दिया और उस पर चिंता भी जताई। उनका कहना था कि जब मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, तो फिर हिंसा का क्या मतलब है। उन्होंने एक तरह से लोगों से अपील भी की वह संयम से काम ले। इसमें कोई दौराए नहीं कि मुर्शिदाबाद में जो हिंसा हुई उसकी हमारे लोकतंत्र में कोई जगह नहीं। जिस तरह के समाचार वहां से मिल रहे है वह बेहद चौकाने वाले है। कहां जा रहा है कि बांग्लादेश से आए उपद्रवियों ने वहां माहौल खराब किया। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खुलकर कह रही है केंद्रीय ऐजंसियों व बीएसएफ ने मिलकर इस तरह का वातावरण तैयार किया जिससे मुर्शिदाबाद की हिंसा भड़क उठी। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की सरकार मुर्शिदाबाद की हिंसा के लिए ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहरा रही है। देश का गृहमंत्रालय तो यहां तक कह रहा है कि उसके पास इस तरह के इनपुट है कि तुर्कीए से फंडिंग हुई है। अगर इसमें जरा भी सच्चाई है, तो यह बेहद गंभीर मामला हो जाता है। इस समय भारत के पड़ोसी बांग्लादेश के जिस तरह के हालात है और वहां का नेतृत्व भारत के प्रति आए दिन जहर उगल रहा है उसको देखते हुई बेहद सतर्क होने की आवश्यकता है, लेकिन यहां सतर्कता की बात तो छोड़िए एक-दूसरे के आरोप-प्रत्यारोप में इस तरह उलझे हुए दिखाई दे रहे है, जिससे कि किसी भी तरह का राजनीतिक फायदा उठाया जा सके। इस तरह के मामलों में राजनीतिक हित साधने की तनिक भी इच्छा नहीं होनी चाहिए। आखिर देश से सर्वोपरी कुछ भी नहीं हो सकता। सरकारें तो आती-जाती रहती है। हमारे मान्यों को पता नहीं यह समझ कब आएंगी। हम अवसरवाद के जाल में इस तरह फंसते दिखाई दे रह है कि इससे आगे हमे कुछ भी नहीं सुझता है। हर चीज का राजनीतिककरण करने की एक परिपार्टी सी बनती जा रही है। यह देखना भी किसी विडंबना से कम नहीं है कि देश के शीर्ष संवेधानिक पदों पर बैठे लोगों से जहां यह उम्मीद की जाती है कि वह अपनी भाषा व आचरण से लोगों में संयम पैदा करेंगे। उसके उलट वह ऐसे बोलते है जिससे और बात बिगड़े। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका बेहद अहम हो जाती है।

### मुर्शिदाबाद दंगा: भाजपा-बीएसएफ की मिलीभगत



यूपी के सीएम योगी बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं, वह सबसे बड़े भोगी हैं, महाकुंभ में कई लोगों की जान चली गई, उप्र में मुठभेड़ों में कई लोग मारे गए, योगी लोगों को रैलियां नहीं निकालने देते, मुर्शिदाबाद में हुआ दंगा प्री प्लांड था। इसमें भाजपा, बीएसएफ और सेंट्रल एजेंसीज की मिलीभगत थी, बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश में बुलाकर ये दंगे करवाए गए, मुझे मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा में बांग्लादेश के शामिल होने की खबर मिली है, क्या बार्डर की सुरक्षा बीएसएफ की भूमिका नहीं है, राज्य सरकार अंतर्राष्ट्रीय सीमा की रक्षा नहीं करती है, केंद्र सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए, मैं प्रधानमंत्री से अमित शाह पर नियंत्रण रखने का अनुरोध करूंगी, वह अपने राजनीतिक एजेंडे को पूरा करने के लिए देश को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

**ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए रामदेव ने खेला साम्प्रदायिक कार्ड

**1906 में दिल्ली में रूह अफजा की शुरुआत हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज की बुनियाद रखने के साथ की गई थी, उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बुटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके, इसी शीतल पेय का नाम रूह अफजा रखा गया**



निर्मल रानी

ग त वर्ष मेरा एक लेख पूर्व 'चतुर ही नहीं बल्कि शातिर भी हैं बाबा रामदेव' शीर्षक के साथ उस समय प्रकाशित हुआ था जब रामदेव व उनके व्यवसायिक सहयोगी बालकृष्ण ने सुप्रीम कोर्ट में चल रहे पतंजलि आयुर्वेद के गुमराह करने वाले एक दवा विज्ञापन मामले में सर्वोच्च न्यायालय में बिना शर्त अपनी ग़लती की माफी मांगी थी। उस समय 'पतंजलि वेलनेस' ने एक विज्ञापन प्रकाशित किया था जिसके माध्यम से एलोपैथी चिकित्सा पद्धति पर ग़लतफ़हमियां फैलाने का आरोप लगाया गया था। इसी विज्ञापन को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 17 अगस्त 2022 को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। इस याचिका में 22 नवम्बर 2023 को पतंजलि के बालकृष्ण व बाबा रामदेव की उस पत्रकार वार्ता के विषय में भी बताया गया था जिसमें पतंजलि ने मधुमेह और अस्थमा को 'पूरी तरह से ठीक' करने का दावा किया था। इसी मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने पतंजलि को सभी भ्रामक दावों वाले विज्ञापनों को तुरंत बंद करने का आदेश देते हुए यह भी कहा था कि अदालत ऐसे किसी भी उल्लंघन को बहुत गंभीरता से लेगा और हर एक प्रोडक्ट के झूठे दावे पर 1 करोड़ रुपये तक जुर्माना लगा सकता है।

इसी मामले में अवमानना नोटिस का जवाब न देने जैसी चतुराई करने पर बाबा रामदेव व आचार्य बालकृष्ण दोनों को 2 अप्रैल को अदालत में व्यक्तिगत रूप में पेश होने का निर्देश दिया था। तब इसी मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई से एक दिन पहले बाबा रामदेव और पतंजलि के एमडी आचार्य बालकृष्ण ने कोर्ट में हलफ़नामा दायर कर बिना शर्त माफ़ी मांगी थी और माफ़ीनामे में रामदेव और बालकृष्ण दोनों ने कहा था कि वे आदेश का पूरी तरह से






पालन करेंगे और न्याय की गरिमा को बरक़रार रखेंगे। परन्तु अपना उत्पाद बेचने लिए दूसरी कम्पनी के उत्पाद को बदनाम करने जैसा उनका शातिरपन इस बार उन्हें इतना मंहगा पड़ जाएगा यह शायद रामदेव ने सोचा भी न होगा। इसी लिए वे देश और पूरी दुनिया में गर्मियों में घर घर पाए जाने वाले लोकप्रिय शीतल पेय ब्रांड 'रूह अफ़ज़ा' की ओर इशारा करते हुए कुछ ऐसा बोल गए जिससे उनकी साम्प्रदायिक मानसिकता तो उजागर हो ही गई साथ ही रूह अफ़ज़ा की बैठे बिठाए ज़बरदस्त मार्केटिंग भी हो गई। गत दिनों रामदेव ने फ़ेसबुक पर एक वीडियो जारी करते हुए कहा था कि शरबत के नाम पर एक कंपनी है जो शरबत तो देती है लेकिन शरबत से जो पैसा मिलता है उससे मदरसे और मस्जिदें बनवाती है। अगर आप वह शरबत पिएंगे तो मस्जिद और मदरसे बनेंगे और पतंजलि का शरबत पिएंगे तो गुरुकुल बनेंगे, आचार्य कुलम बनेगा, पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय शिक्षा बोर्ड आगे बढ़ेगा। उन्होंने साथ ही आगे यह भी कहा कि इसलिए मैं कहता हूं ये 'शरबत जिहाद' है। जैसे लव जिहाद, वोट जिहाद चल रहा है वैसे ही 'शरबत जिहाद' भी चल रहा है। रामदेव के इस विवादित व ज़हरीले बयान के बाद काफ़ी हंगामा खड़ा हो गया। देश भर में बिक रहे अन्य शीतल पेय को लेकर भी रामदेव कहते रहे हैं कि गर्मियों में प्यास बुझाने के लिए सॉफ्ट ड्रिंक के नाम पर लोग ठंडा मतलब 'टॉयलेट क्लीनर' पीते रहते हैं।

दरअसल 1906 में दिल्ली में रूह अफ़ज़ा की शुरुआत हकीम हाफिज अब्दुल मजीद द्वारा हमदर्द लेबोरेटरीज़ की बुनियाद रखने के साथ की गई थी। उन्होंने पारंपरिक यूनानी चिकित्सा की जड़ी-बूटियों और सीरप का उपयोग कर एक ऐसा पेय बनाया, जो गर्मी और हीट स्ट्रोक से राहत दे सके। इसी शीतल पेय का नाम रूह अफ़ज़ा रखा गया। अफ़ज़ा का शाब्दिक अर्थ है वह चीज़ जो आत्मा 'रूह' को तरोताज़ा कर दे। रूह अफ़ज़ा आज पूरे विश्व में लोगों का इतना पसंदीदा व स्वीकार्य पेय बन चुका है कि यह बिना विज्ञापन के ही पूरी दुनिया में छाया हुआ है। और प्रत्येक वर्ष करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा कमाकर भारत की अर्थ व्यवस्था में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। शातिर रामदेव को शरबत जिहाद जैसे शब्दों से इसलिए भी परहेज़ करना चाहिए था कि उनके अपने उत्पाद दुनिया के कई मुस्लिम देशों में भी बिक रहे हैं। जिस मदरसे व मस्जिद से उन्हें चिढ़ है उसी मस्जिद व मदरसे से शिक्षित मौलवी मौलानाओं को अपने मार्केटिंग सहयोगी के तौर पर साथ लेकर वे अपने उत्पाद की मार्केटिंग ईरान सहित अन्य मुस्लिम देशों में करवाते देखे जा चुके हैं। परन्तु दरअसल रामदेव के बार बार अनेक प्रोडक्ट फ़ेल होने के कारण और कई बार उनके उत्पाद की विश्वसनीयता संदिग्ध होने के चलते यहां तक कि भारतीय सेना द्वारा उनके कई उत्पादों का सेम्पल फ़ेल किए जाने के बाद उनके पतंजलि ब्रांड की बिक्री बंद होने लगी है। उनके उत्पाद के शोरूम तो हर जगह मिल जाएंगे परन्तु ग्राहक कहीं नज़र नहीं आता। इसीलिए वे निराशा व कुंठा का शिकार होकर पहले तो विदेशी बनाम स्वदेशी का हौव्वा खड़ा कर लोगों में देशभक्ति की भावना जगा कर अपना व्यवसाय खड़ा करने की कोशिश में थे। फिर एलोपैथी बनाम आयुर्वेद का विवाद खड़ा कर उसका लाभ उठाना चाहा जिसपर अदालत में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। आख़िरकार इसी कुंठा व निराशा के शिकार रामदेव ने सुप्रसिद्ध स्वदेशी कम्पनी हमदर्द के विरुद्ध साम्प्रदायिकता का कार्ड खेलते हुए इसे 'शरबत जिहाद' तक बता डाला और यहीं से इनकी हक़ीक़त उजागर हो गई कि इन्हें अंग्रेज़ी या विदेशी से ही नहीं बल्कि स्वदेशी आयुर्वेदिक कम्पनी से भी आपत्ति है और उसमें भी इन्हें बुराई ही नज़र आती है।वास्तविकता यह है कि झूठ कुंठा व अत्यधिक महत्वाकांक्षा पर खड़ा रामदेव का साम्राज्य अब लड़खड़ाने लगा है। स्वयं रामदेव का व्यक्तित्व अब योगगुरु के बजाय शुद्ध व्यवसाई बाबा का बन चुका है। इसी लड़खड़ाते व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए ही रामदेव ने यह साम्प्रदायिक कार्ड खेला है। उन्हें उम्मीद तो थी कि 'शरबत जिहाद' कहने से उन्हें देश के बहुसंख्यक समाज का समर्थन मिल जाएगा परन्तु उसी बहुसंख्यक समाज ने रामदेव की इस बदकलामी का ऐसा मुंहतोड़ जवाब दिया कि ख़बरों के अनुसार रूह अफ्जा की बिक्री कई गुना बढ़ गई। और अपने डूबते हुए व्यवसायिक साम्राज्य को बचाने के लिए ही रामदेव को साम्प्रदायिक कार्ड का सहारा लेना पड़ा और शीतल पेय में भी 'शरबत जिहाद' जैसी बेहूदा शब्दावली गढ़नी पड़ी।

**( ये लेखक के निजि विचार है )**

# क्या डे-लाइट सेविंग टाइम जरूरी है?

**सेविले विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञानी जोस मारिया मार्टिन-ओलाला का मानना है कि DST सिर्फ ऊर्जा की बचत से कहीं अधिक है, उनके अनुसार घड़ी में मौसमी बदलाव से आधुनिक समाजों को काम के निर्धारित समय और प्राकृतिक दिन के बदलाव के बीच सामंजस्य बैठाने में मदद मिलती है लेकिन आजकल की भागमभाग वाली दिनचर्या मौसमी बदलावों की अनदेखी करती है, ऐसे में DST हमें सर्दियों में काम और स्कूल बहुत जल्दी शुरू करने और गर्मियों में बहुत देर से शुरू करने से रोकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो भूमध्य रेखा से दूर हैं, जहां दिन की अवधि में बड़े बदलाव होते हैं**

ह र साल डे-लाइट सेविंग टाइम प्रथा के चलते मार्च में अमेरिका में घड़ियां एक घंटा आगे बढ़ाई जाती हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका में डे-लाइट सेविंग टाइम सबसे पहले 1918 में प्रथम विश्व युद्ध के दौरान अपनाया गया था। उद्देश्य था ऊर्जा की बचत और दिन की रोशनी का अधिकाधिक उपयोग करना। गर्मी और वसंत ऋतु में घड़ियां आगे बढ़ाकर लोग प्राकृतिक रोशनी का अधिक उपयोग कर सकते थे और बिजली की खपत कम की जा सकती थी।

लेकिन देखा गया है कि घड़ियां आगे बढ़ने पर लाखों लोग थकान और नींद की कमी से जूझते हैं। नींद में एक घंटे की कमी कोई छोटी समस्या नहीं है-यह स्वास्थ्य पर गंभीर असर डाल सकती है। 54 प्रतिशत अमरीकियों का मत है कि डे-लाइट सेविंग टाइम (**DST**) को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए।

इसके दो विकल्प हैं: **DST** को पूरे साल लागू रखा जाए। या स्थायी मानक समय पूरे साल वही समय रखना जो प्राकृतिक दिन की रोशनी के अनुसार हो। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञ स्थायी **DST** का विरोध करते हैं। उनका कहना है कि देर रात तक रोशनी और अंधेरी सुबह जैविक लय (**circadian rhythm**) को प्रभावित कर सकती है। इसकी बजाय आधे से अधिक अमरीकियों और कई वैज्ञानिक संगठनों का मानना है कि स्थायी मानक समय अधिक स्वस्थ विकल्प होगा। रॉयल सोसाइटी ओपन साइंस में प्रकाशित एक अध्ययन **DST** समाप्त करने के विचार को चुनौती देता है। सेविले विश्वविद्यालय की भौतिक विज्ञानी जोस मारिया मार्टिन-ओलाला का मानना है कि **DST** सिर्फ ऊर्जा की बचत से कहीं अधिक है। उनके अनुसार घड़ी में मौसमी बदलाव से आधुनिक समाजों को काम के निर्धारित समय और प्राकृतिक दिन के बदलाव के बीच सामंजस्य बैठाने में मदद मिलती है। लेकिन आजकल की भागमभाग वाली दिनचर्या मौसमी बदलावों की अनदेखी करती है। ऐसे में **DST** हमें सर्दियों में काम और स्कूल बहुत जल्दी शुरू करने और गर्मियों में बहुत देर से शुरू करने से रोकता है, खासकर उन क्षेत्रों में जो भूमध्य रेखा से दूर हैं, जहां दिन की अवधि में बड़े बदलाव होते हैं।

इन तर्कों के बावजूद, चिकित्सा विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि **DST** हमारी जैविक घड़ी को प्रभावित करता है। पिट्सबर्ग विश्वविद्यालय की न्यूरोलॉजिस्ट जोआना फोंग-इसरियावोंगसे का कहना है कि सुबह की धूप मेलाटोनिन स्तर को नियंत्रित करने और लोगों को सतर्क रखने के लिए महत्वपूर्ण है। अध्ययनों में **DST** से जुड़े कुछ गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों की पहचान की गई है जैसे, दिल का दौरा और स्ट्रोक के मामलों में वृद्धि उनींदेपन के कारण कार दुर्घटनाओं में वृद्धि, कार्यस्थल दुर्घटनाओं में वृद्धि सालाना स्वास्थ्य सेवा खर्च में वृद्धि और उत्पादकता में क्षति। अमेरिकन एकेडमी ऑफ स्लीप मेडिसिन और अन्य चिकित्सा संगठनों ने स्थायी मानक समय का समर्थन किया है, जो मानव जैविकी के अनुसार बेहतर है। सभी वैज्ञानिक इस पर सहमत नहीं हैं। कुछ शोधकर्ता मानते हैं कि **DST** के नकारात्मक प्रभावों को बढ़ा-चढ़ा कर बताया गया है। नींद में विघ्न डालने के लिए अकेला **DST** ज़िम्मेदार नहीं है आधुनिक इनडोर जीवनशैली, कृत्रिम रोशनी, और देर रात तक स्क्रीन का उपयोग नींद को कहीं अधिक प्रभावित करते हैं। बहरहाल, अधिकांश स्वास्थ्य विशेषज्ञ मानते हैं कि स्थायी मानक समय सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए सबसे अच्छा विकल्प है।

**54% अमेरीकियों का मत है कि डे-लाइट सेविंग टाइम DST को पूरी तरह से समाप्त कर दिया जाए, इसके दो विकल्प हैं: DST को पूरे साल लागू रखा जाए**

बहरहाल, फैसला चाहे जो हो, यह बहस इस दृष्टि से वैश्विक महत्व की है कि हम समय का प्रबंधन कैसे करते हैं, यह हमारे दैनिक क्रियाकलापों के साथ-साथ हमारे स्वास्थ्य को भी प्रभावित करता है।



# पायलट थकान और तनाव को गंभीरता से लें...



**पायलट की थकान एक ऐसी स्थिति है जिसमें लंबे समय तक काम करने, अनियमित कार्यसूची, नींद की कमी और मानसिक दबाव के कारण पायलट शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाते है**



रजनीश कपूर

कु छ दिन पहले एयर इंडिया के एक 28 वर्षीय पायलट की दिल्ली हवाई अड्डे पर लैंड करते ही तबीयत ख़राब हुई और कुछ ही पलों में उसकी मृत्यु हो गई। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया जा रहा है। पायलट के रिश्तेदार इसे मेडिकल चिकित्सा में देरी को कारण बता रहे हैं। वहीं एयरपोर्ट अथॉरिटी और एयरलाइन इस बात से इनकार कर रहे हैं। मृत्यु का असली कारण तो जांच के बाद ही आएगा। एयरलाइन पायलटों के सामने कई चुनौतियां होती हैं। परंतु इनमें से सबसे बड़ी चुनौती है पायलट की थकान और तनाव, जो न केवल उनकी सेहत को प्रभावित करता है, बल्कि विमान की सुरक्षा को भी खतरे में डाल सकता है। हाल के वर्षों में, तनाव और थकान के कारण पायलटों की मृत्यु व विमान हादसों के कई मामले सामने आए हैं, जिसने इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा को जन्म दिया है।

पायलट थकान एक ऐसी स्थिति है जिसमें लंबे समय तक काम करने, अनियमित कार्यसूची, नींद की कमी और मानसिक दबाव के कारण पायलट शारीरिक और मानसिक रूप से थक जाते हैं। एविएशन में पायलटों को अक्सर लंबी उड़ानों, रात की डयूटी, और विभिन्न समय क्षेत्रों में काम करना पड़ता है। इससे उनकी जैविक घड़ी (सर्कैडियन रिदम) बाधित होती है, जिसके परिणामस्वरूप नींद की कमी, एकाग्रता में कमी, और निर्णय लेने की क्षमता में कमी आती है। थकान केवल शारीरिक थकावट तक सीमित नहीं है। यह मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती है। थकान के कारण पायलटों में चिड़चिड़ापन, तनाव, और अवसाद जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। गंभीर मामलों में, यह हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है, जो अंततः मृत्यु का कारण बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में, कई पायलटों की मृत्यु तनाव और थकान से संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के कारण हुई है।

कई बार, पायलटों को अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को छिपाने के लिए दबाव महसूस होता है, क्योंकि स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उनकी नौकरी को खतरे में डाल सकती हैं। इस डर से वे समय पर इलाज नहीं करवाते, जिसके परिणामस्वरूप स्थिति और गंभीर हो जाती है। इसके अलावा, एविएशन सेक्टर में कड़ी प्रतिस्पर्धा और आर्थिक दबाव के कारण पायलटों पर अधिक उड़ानें भरने का दबाव भी होता है, जो उनकी थकान और तनाव को और बढ़ाता है। पायलटों को अक्सर 12-14 घंटे या उससे अधिक समय तक डयूटी करनी पड़ती है। रात की उड़ानें और लगातार समय क्षेत्र बदलने से उनकी नींद का पैटर्न बिगड़ता है। जेट लैग और अनियमित नींद के कारण पायलटों को पर्याप्त आराम नहीं मिल पाता। इससे उनकी एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होती है। पायलटों पर यात्रियों की सुरक्षा की बड़ी जिम्मेदारी होती है। मौसम की खराबी, तकनीकी समस्याएं और समय की कमी जैसे कारक उनके तनाव को बढ़ाते हैं। कई पायलटों को कम वेतन और नौकरी की अनिश्चितता का सामना भी करना पड़ता है, खासकर कम लागत वाली एयरलाइनों में। यह उनके मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है। लंबी उड़ानों और अनियमित शेडयूल के कारण पायलट अपने परिवार के साथ समय नहीं बिता पाते जिससे भावनात्मक तनाव भी बढ़ता है।

पायलट थकान न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करती है, बल्कि विमानन सुरक्षा पर भी गंभीर प्रभाव डालती है। थकान के कारण पायलटों की प्रतिक्रिया समय धीमा हो सकता है, जिससे आपातकालीन स्थिति में गलत निर्णय लेने की संभावना बढ़ती है। विश्व स्तर पर कई विमान दुर्घटनाओं का कारण पायलट थकान को माना गया है। उदाहरण के लिए 2009 में कोलगन एयर फ्लाइट 3407 दुर्घटना में पायलट थकान को एक प्रमुख कारक माना गया था। पायलट थकान और तनाव को कम करने के लिए निम्नलिखित उपाय किए जा सकते हैं। विमानन नियामक संस्थाओं को पायलटों की डयूटी अवधि को सीमित करना चाहिए और पर्याप्त आराम का समय सुनिश्चित करना चाहिए। उदाहरण के लिए, भारत में डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) ने पायलटों के लिए अधिकतम उड़ान समय और न्यूनतम आराम समय के नियम बनाए हैं, लेकिन इनका कड़ाई से पालन होना चाहिए। पायलटों की नियमित स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए, जिसमें मानसिक स्वास्थ्य की जांच भी शामिल हो। इसके साथ ही, तनाव प्रबंधन के लिए परामर्श और सहायता कार्यक्रम शुरू किए जाने चाहिए। पायलटों को नींद प्रबंधन और जेट लैग से निपटने के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। इससे वे अपनी नींद के पैटर्न को बेहतर ढंग से नियंत्रित कर सकते हैं। एयरलाइनों को ऐसी कार्य संस्कृति को बढ़ावा देना चाहिए जिसमें पायलट बिना अपनी नौकरी खोने के डर के, अपनी स्वास्थ्य समस्याओं को खुलकर बता सकें। उन्नत तकनीकों जैसे ऑटोमेटेड सिस्टम और को-पायलट सपोर्ट सिस्टम का उपयोग करके पायलटों पर काम का बोझ कम किया जा सकता है। पायलटों के लिए हेल्पलाइन शुरू की जानी चाहिए, जहाँ वे अपने तनाव और समस्याओं को साझा कर सकें। पायलट थकान और तनाव एक गंभीर मुद्दा है, इस समस्या से निपटने के लिए विमानन उद्योग, नियामक संस्थाओं, और सरकारों को मिलकर काम करना होगा। पायलटों की कार्य स्थितियों में सुधार, नियमित स्वास्थ्य जांच, और तनाव प्रबंधन कार्यक्रमों के माध्यम से इस समस्या को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही, समाज को भी पायलटों के योगदान को समझना चाहिए और उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देनी चाहिए। केवल सामूहिक प्रयासों से ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे आसमान सुरक्षित रहें और पायलट स्वस्थ व तनावमुक्त जीवन जी सकें।

# गर्मियों में परिवार और दोस्तों के साथ Watermelon Ice Cream का लें आनंद

ग र्मी का मौसम आ गया है, और आइसक्रीम खाने का समय भी। अब आप अपने शरीर को ठंडी आइसक्रीम से ठंडा कर सकते हैं। बाजार से आइसक्रीम मंगवाना एक अच्छा विकल्प है, लेकिन घर पर आइसक्रीम बनाना और भी बेहतर है। आप अपनी पसंद के अनुसार सामग्री चुन सकते हैं और स्वस्थ आइसक्रीम बना सकते हैं। बस कच्चा माल मंगवाएं और आइसक्रीम बनाने की तैयारी करें। तरबूज की आइसक्रीम एक अनोखा और ताजा स्वाद है जो आपको बाहर शायद ही मिले। घर पर आइसक्रीम बनाने से आप अपनी पसंद के अनुसार फ्लेवर और सामग्री चुन सकते हैं और इसे और भी स्वादिष्ट बना सकते हैं। तो देर किस बात की? घर पर आइसक्रीम बनाना शुरू करें और गर्मियों का आनंद लें।

## तरबूज की आइसक्रीम बनाने के लिए क्या चाहिए?

- 3 कप कटे हुए तरबूज (बिना बीज वाले)
- 1 कप दानेदार चीनी
- 1 कप क्रीम
- 1 बडा चम्मच नींबू का रस
- एक चुटकी नमक

## तरबूज की आइसक्रीम बनाने का तरीका



1. कटे हुए तरबूज को ब्लेंडर में डालकर चिकना होने तक ब्लेंड करें। प्यूरी को बारीक छलनी से छान लें ताकि अतिरिक्त गूदा और रेशे निकल जाएं।
2. एक बडे कटोरे में, तरबूज की प्यूरी को दानेदार चीनी और नींबू के रस के साथ तब तक मिलाएं जब तक कि चीनी घुल न जाए।
3. फ्लेवर को घुलने देने के लिए मिश्रण को कम से कम 2 घंटे या रात भर के लिए फ्रिज में रख दें।
4. एक अलग कटोरे में, भारी क्रीम को तब तक फेंटें जब तक कि यह सख्त न हो जाए। व्हीप्ड क्रीम को ठंडे तरबूज के मिश्रण में मिलाएं।
5. मिश्रण को उथले धातु के पैन या बेकिंग डिश में डालें। प्लास्टिक रैप या एल्युमिनियम फॉयल से ढकें और फ्रीजर में रखें।
6. हर 30 मिनट में, मिश्रण को फ्रीजर से निकालें और किसी भी बर्फ के क्रिस्टल को तोडने के लिए इसे कांटे से खुरचें। इस प्रक्रिया को 2-3 घंटे तक दोहराएं।
7. जब आइसक्रीम वांछित स्थिरता तक पहुंच जाए, तो इसे एक एयरटाइट कंटेनर में डालें और कम से कम 1 घंटे के लिए जमने दें।

# टैरिफ के सिरफिरे युद्ध में चीन व अमेरिका परेशान: दुनिया हैरान

**ताजा हालात**

| अमेरिका | V/S | चीन |
|---|---|---|
| 245 % | | 125 % |

**वाशिंगटन।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ वॉर और आगे बढ़ गई है। अमेरिका ने अब चीन पर 100 प्रतिशत और टैरिफ लगा दिया है। इसके साथ अमेरिका इम्पोर्ट होने वाले चीनी सामान पर कुल टैरिफ 245 प्रतिशत हो गया है। चीन ने 11 अप्रैल को अमेरिकी सामान पर 125 प्रतिशत टैरिफ लगाया था, जिसके जवाब में ट्रम्प ने नया टैरिफ लगाया है। इससे पहले चीन ने कहा था कि अब वह अमेरिका की तरफ से लगाए जाने वाले किसी भी अतिरिक्त टैरिफ का जवाब नहीं देगा। अमेरिका की तरफ से नए टैरिफ के ऐलान के बाद चीन ने कहा कि हम अमेरिका के साथ ट्रेड वार करने से नहीं डरते। चीन ने दोबारा कहा कि अमेरिका को बातचीत करनी चाहिए। इससे पहले डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि चीन को बातचीत की शुरुआत करनी होगी। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका सच में डायलाग और समझौते के जरिए मुद्दे को सुलझाना चाहता है, तो उसे बेमतलब का दबाव बनाना, डराना और ब्लैकमेल करना बंद करना चाहिए और चीन के साथ बराबरी, सम्मान और आपसी हित के आधार पर बात करनी चाहिए। लिन जियान ने पत्रकारों से कहा कि 245 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के तहत अलग-अलग टैक्स रेट क्या होगा, यह आप अमेरिका से ही पूछिए। यह टैरिफ वार अमेरिका ने शुरू की है, हमने नहीं। हम सिर्फ अमेरिका के एक्शन का जवाब दे रहे हैं। हमारे कदम पूरी तरह तार्किक और कानूनी हैं। हम अपने देश के अधिकारों और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में ईमानदारी बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। एक दिन पहले जानकारी सामने आई थी कि चीन ने अपनी एयरलाइन कंपनियों को अमेरिकी विमान निर्माता कंपनी बोइंग से नए विमानों की डिलीवरी नहीं लेने के आदेश दिए हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक बीजिंग ने अमेरिका में बनने वाले विमान के पार्ट्स और डिवाइसेस की खरीद रोकने का आद. `श भी दिया है। चीन ने यह आदेश अमेरिका के 145 प्रतिशत टैरिफ के जवाब में जारी किया है। बोइंग एयरप्लेन एक अमेरिकी कंपनी है, जो एयरप्लेन, राकेट, सैटेलाइट, टेलीकम्युनिकेशन इक्विपमेंट और मिसाइल बनाती है। कंपनी की



स्थापना 15 जुलाई 1916 को विलियम बोइंग ने की थी। कई देशों की एयरलाइंस कंपनियां बोइंग के बनाए गए प्लेन का इस्तेमाल करती हैं। बोइंग अमेरिका की सबसे बड़ी एक्सपोर्टर कंपनी है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी डिफेंस डील करने वाली कंपनी भी है। चीन ने इस ट्रेड वार के बीच 7 कीमती धातुओं (रेयर अर्थ मटेरियल) के निर्यात पर भी रोक लगा दी है। चीन ने कार, ड्रोन से लेकर रोबोट और मिसाइलों तक असेंबल करने के लिए जरूरी मैग्नेट यानी चुंबकों के शिपमेंट भी चीनी बंद. रगाहों पर रोक दिए हैं। यह मटेरियल आटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर और एयरोस्पेस बिजनेस के लिए बेहद अहम हैं। मोटरव्हीकल, एयरक्राफ्ट, सेमीकंडक्टर और हथियार बनाने वाली कंपनियों पर असर पड़ेगा।

## ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में शुरू हुआ था टैरिफ वॉर

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प 2017 में पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने। ट्रम्प ने चुनाव में वादा किया था कि वो चीन के साथ व्यापार घाटा कम करेंगे। ट्रम्प जब राष्ट्रपति बने तब अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा 355 अरब डालर था। उसी साल अगस्त में ट्रम्प ने चीन पर बौद्धिक संपदा की चोरी यानी अमेरिकी कंपनियों के उत्पादों की नकल करने का आरोप लगाया और इसकी जांच शुरू करवाई। ट्रम्प ने ट्रेड वार की शुरुआत जनवरी 2018 में सौलर पैनल पर 30प्रतिशत और वाशिंग मशीन पर 20 से 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर की। इसके बाद ट्रम्प ने स्टील पर 25 प्रतिशत और एल्यूमीनियम पर 10 प्रतिशत टैरिफ लगाया। ये सभी देशों पर लागू किए गए, लेकिन इनका सबसे ज्यादा असर चीन पर पड़ा। चीन इनका बड़ा आपूर्तिकर्ता था। 2018 में अमेरिका का चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 419 अरब डालर हो गया। 22 मार्च 2018 को अमेरिकी कंपनियों की नकल से जुड़ी जांच की रिपोर्ट भी आ गई। इसमें पाया गया कि चीन की नीतियां अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंचा रही है। ट्रम्प के ट्रेड वार का चीन के टेक सेक्टर पर सीधा असर पड़ा। अमेरिका ने हुआवे और जेडटीई जैसी टेक कंपनियों को ब्लैकलिस्ट कर दिया।

# इज़रायल विरोधी प्रदर्शन में KFC कर्मी की हत्या

### कट्टरपंथियों के ग्रुप टीएलपी ने दुकान में घुसकर गोली मारी

**इस्लामाबाद।** पाक के पंजाब में इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी फास्ट फूड रेस्टोरेंट केएफसी के आउटलेट पर लूटपाट और तोड़फोड़ की। कट्टरपंथी इस्लामी ग्रुप तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान टीएलपी के हमले में केएफसी के एक कर्मचारी की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घटना लाहौर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शेखपुरा में घटी। पुलिस के मुताबिक टीएलपी कार्यकर्ताओं के एक बड़े ग्रुप ने सुबह-सुबह केएफसी आउटलेट पर धावा बोल दिया था। हमलावरों ने रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करते हुए स्टाफ पर गोलियां चलाईं। इस दौरान 40 साल के एक कर्मचारी आसिफ नवाज की मौत हो गई, जबकि बाकी स्टाफ दुकान छोड़कर भाग गया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस जबतक मौके पर पहुंची तो उपद्रवी भाग चुके थे। 3 दर्जन से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है।

एक दिन पहले ही टीएलपी कार्यकर्ताओं ने रावलपिंडी में केएफसी आउटलेट को भी निशाना बनाया था और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया था। पिछले हफ्ते कराची और लाहौर में भी इसी तरह के हमले हुए थे, जहां केएफसी आउटलेट में आग लगा दी गई थी। पंजाब पुलिस इस मामले में 17 टीएलपी मेंबर को गिरफ्तार किया था। बांग्लादेश में भी कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों पर हमला कुछ दिनों पहले बांग्लादेश में भी इजरायल विरोधी प्रदर्शनकारियों ने कई इंटरनेशनल ब्रांड्स की दुकानों में लूटपाट और तोड़फोड़ की थी। प्रदर्शनकारी बाटा, केएफसी, पिज्जा हट व प्यूमा जैसे ब्रांड के शोरूम में घुस गए थे और वहां रखे सामानों को नुकसान पहुंचाया था। यह घटना उस वक्त हुई थी जब हजारों लोग फलस्तीन के समर्थन में सिलहट, चटगांव, खुलना, बरिशाल, कमिला और ढाका में सड़कों पर उतरे थे।

## गाजा के 30% क्षेत्र पर इज़रायल काबिज़

**यरूशलम।** इजरायली रक्षा बलों ने मार्च में लड़ाई फिर से शुरू होने के बाद से गाजा पट्टी के 30 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। यह जानकारी द वॉल स्ट्रीट जर्नल अखबार ने इजरायली और मिस्र के अधिकारियों के हवाले से दी। मंगलवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि कब्जा किए गए अधिकांश क्षेत्र गाजा पट्टी के दक्षिण में हैं, जहां इजरायली सेना ने एक सुरक्षा गलियारा बनाया है, जिसमें मिस्र की सीमा पर स्थित राफा शहर भी शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया कि आईडीएफ ने एन्क्लेव के उत्तरी भाग में सुरक्षा क्षेत्रों का विस्तार करने की भी योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि 18 मार्च को इजरायल ने गाजा पट्टी पर फिर से हमला करना शुरू किया, क्योंकि हमास ने युद्ध विराम को बढ़ाने की अमेरिकी योजना को स्वीकार करने से मना कर दिया था, जो एक मार्च को समाप्त हो गया था। इजरायल ने गाजा पट्टी में एक अलवणीकरण संयंत्र की बिजली आपूर्ति भी काट दी।

## ट्रम्प को सीधे कवर नहीं कर पाएंगी बड़ी न्यूज एजेंसियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका में ट्रम्प प्रशासन ने व्हाइट हाउस प्रेस पूल से रायटर्स, ब्लूमबर्ग और एसोसिएटेड प्रेस न्यूज एजेंसी को बाहर करने का फैसला किया है। व्हाइट हाउस ने 15 अप्रैल को कहा कि इन न्यूज एजेंसी को प्रेस पूल में अब स्थाई जगह नहीं मिलेगी। प्रेस पूल एक छोटा सा ग्रुप होता है, जिसमें करीब 10 मीडिया संस्थान होते हैं। इसमें कुछ पत्रकार और फोटोग्राफर शामिल होते हैं। ये लोग राष्ट्रपति की हर छोटी-बड़ी गतिविधि को कवर करते हैं और बाकी पत्रकारों को जानकारी देते हैं।

## अमेरिका से वार्ता को खास महत्व नहीं देता ईरान

**तेहरान।** ईरान के उप राष्ट्रपति मोहम्मद रजा अरेफ ने कहा कि अमे. रिका के साथ वार्ता के संबंध में ईरान का कोई विशेष रूख नही है और वह इजरायल को छोड़कर अमेरिका सहित सभी देशों के साथ बातचीत करने की योजना बना रहा है। ओमान की राजधानी मस्कट में शनिवार को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची और मध्य पूर्व के लिए अमेरिकी विशेष राष्ट्रपति दूत स्टीव विटकॉफ के बीच मध्यस्थ के जरिए पहले दौर की वार्ता हुई थी। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के हवाले से अरेफ ने मंगलवार को कहा कि ईरान बातचीत और संवाद के लिए तैयार है, लेकिन उचित और समान शर्तों पर और ईरान के साथ संबंधों में रुचि रखने वाले सभी देशों के साथ बातचीत करने की उम्मीद करता है। अरेफ ने कहा कि ईरान की रणनीति आंतरिक मामलों पर केंद्रित है, लेकिन वह इजरायल को छोड़कर अमेरिका सहित दुनिया के सभी देशों के साथ बातचीत करेगा।

## दुबई बेकरी में पाकिस्तानी ने दो भारतीयों को तलवार से मार डाला

**दुबई।** दुबई की एक बेकरी में पाकिस्तानी शख्स ने तलवार से हमला कर दो भारतीयों की हत्या कर दी। हमला करते हुए पाकिस्तानी शख्स से धार्मिक नारे भी लगाए। दोनों मृतक तेलंगाना के रहने वाले थे और दुबई की बेकरी में काम करते थे। एक मृतक का नाम अष्टापू प्रेमसागर (35) था, जो निर्मल जिले के सोअन गांव का रहने वाला था। दूसरे मृतक की पहचान निजामाबाद जिले के निवास के तौर पर हुई है। वहीं, हमले में एक तीसरा शख्स घायल हुआ था। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अष्टापू प्रेमसागर के अंकल ने बताया कि 11 अप्रैल को तलवार से उसे मार दिया गया। वह इस बेकरी में पिछले 5-6 साल से काम कर रहा था और आखिरी बार दो साल पहले अपने परिवार से मिलने गया था। प्रेमसागर के घर में उसकी पत्नी और दो बच्चे हैं। अब तक परिवार को उसकी मौत की जानकारी नहीं दी गई है। उसके चाचा ने उसकी बाडी को भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। उन्होंने सरकार से कहा कि परिवार की गरीब स्थिति को देखते हुए आर्थिक मदद मुहैया कराए। केंद्रीय मंत्री जी। किशन रेड्ड्डी ने कहा कि उन्होंने विदेश मंत्री एस। जयशंकर से इस मामले में मदद करने को कहा है।

## परमाणु ऊर्जा महानिदेशक पहुंचे ईरान

**तेहरान।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी बुधवार को अपनी ईरान यात्रा पर आयेंगे और ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराकची तथा परमाणु ऊर्जा संगठन प्रमुख मोहम्मद इस्लामी से मुलाकात करेंगे। ग्रोसी इस दौरान ईरान के साथ परमाणु सहयोग और निगरानी गतिविधियों पर चर्चा करेंगे। आईएईए के महानिदेशक की यह यात्रा ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु वार्ता के दूसरे दौर की योजनाबद्ध बैठक से पहले होगी।

## हांगकांग ने की अमेरिका की शिपमेंट स्थगित

**बीजिग।** हांगकांग पोस्ट ने अमेरिका को हांगकांग से भेजे जाने वाले सामानों के लिए शुल्क-मुक्त डी मिनिमिस व्यवहार को समाप्त करने के अमेरिकी निर्णय के जवाब में अमेरिका को माल की शिपमेंट स्थगित कर दी है। डाक सेवा ने बुधवार को स्पष्ट किया कि अमेरिका आगामी 02 मई से अपने यहां भेजे जाने वाले डाक सामानों के लिए टैरिफ बढ़ाने जा रहा है। हांगकांग पोस्ट ने एक वक्तव्य में कहा, अमे. रिका का रुख अनुचित और धमकाने वाला है। वह अपमानजनक तरीके से टैरिफ लगा रहा है। हांगकांग पोस्ट निश्चित रूप से अमेरिका की ओर से कोई तथाकथित टैरिफ नही वसूलेगा और अमेरिका को भेजे जाने वाले सामान वाले डाक सामानों की स्वीकृति को निलंबित कर देगा। वक्तव्य में कहा गया है कि अमेरिका भेजी जाने वाली वस्तुओं की सतही डाक (भूमि या समुद्र) 16 अप्रैल से निलंबित कर दी जाएगी।

# भारतीय पर्यटकों को लुभाने में लगा जर्मनी

**नई दिल्ली।** जर्मनी ने अपने पर्यटन उद्योग में भारतीय पर्यटकों की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें आकर्षित करने की योजना बनाई है। जर्मन नेशनल टूरिस्ट बोर्ड (जीएनटीबी) और भारत में जर्मन दूतावास ने आज संयुक्त रूप से इस योजना का खुला. सा किया, जिसमें जर्मनी को भारतीय पर्यटकों के लिए प्रमुख गंतव्य के रूप में पेश किया गया। इस कार्यक्रम में रोमांटिक गेटअवे, प्रकृति से भरपूर और पर्यावरण के अनुकूल यात्रा का अनुभव चाहने वालों के लिए तैयार किए गए विशेष ऑफर भी पेश किए गए। चालू वर्ष में जीएनंटीबी तीन प्रमुख पर्यटन पहल शुरू करने के लिए तैयार है। इनमें, हनीमून मनाने के लिए आ रहे लोगों के लिए रोमांटिक जर्मनीद्ध देश की समृद्ध कलात्मक एवं ऐतिहासिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए कल्चरलैंड जर्मनी और सस्टेनेबल एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता को ध्यान में रखने वाले पर्यटकों के लिए एम्ब्रेस जर्मन नेचर इनीशिएटिव शामिल हैं। जीएनटीओ में भारत के मार्केटिंग एवं सेल्स ऑफिस के निदेशक रोमित थियोफिलस ने कहा, जर्मनी रोमांटिक पर्यटन और सांस्कृतिक गहराई की पेशकश करते हुए भारतीयों की घूमने की तमन्ना को जगाता है। बाते चाहे प्रकृति के बीच सुकून की तलाश कर रहे जोड़ों की हो या यहां की ऐतिहासिक धरोहरों की खोज करने की इच्छा रखने वाले पर्यटकों की, जर्मनी के पास बहुत कुछ असाधारण है। हमारा मानना है कि सस्टेनेबिलिटी और सांस्कृतिक समृद्धि पर हमारा फोकस भारतीय पर्यटकों, खासकर रोमांटिक ब्रेकअवे की तलाश करने वालों को गहराई से प्रभावित करेगा। उन्होंने कहा कि जर्मनी में आने वालों की संख्या बढ़ी है और पिछले साल की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भारत और जर्मनी के बीच मजबूत एयर कनेक्ट से पर्यटन में काफी विस्तार हुआ है। जनवरी, 2019 में मासिक उड़ानों की संख्या 241 थी, जो जनवरी, 2025 में 309 हो गई है। डायरेक्ट फ्लाइट की बढ़ती मांग भारतीय पर्यटकों के बीच जर्मनी की बढ़ती लोकप्रियता दिखाती है। उन्होंने कहा कि जर्मनी में भारतीय पर्यटकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए जीएनटीबी ने उनकी प्राथमिकताओं के अनुरूप विशेष रूप से तैयार किए गए पैकेज पेश किए हैं। 2024 में जर्मनी में रातभर ठहरने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में 8.6 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई।



## शिवराज ने ब्राजीली किसानों को दिया भारत का न्यौता

**साओ पाउलो/नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिह चौहान ने ब्राजील के प्रतिष्ठित कृषि व्यापार समुदाय से विस्तृत बातचीत की और उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया। ब्राजील की यात्रा पर गए चौहान ने बुधवार को साओ पाउलो में ब्राजील के किसान समुदाय के 27 प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इसमें किसानों के अलावा कृषि कारोबार, नीति निर्धारक और विशेषज्ञ भी शामिल रहे। चौहान ने संवाद में भारत और ब्राजील के बीच कृषि व्यापार को बढ़ावा देने, बेहतर उत्पादन तकनीकों का आदान-प्रदान, खाद्य प्रसंस्करण की उन्नत तकनीकों को अपनाने, जैव ईंधन और जैव ऊर्जा के उत्पादन में सहयोग, तकनीकी नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला के एकीकरण जैसी संभावनाओं पर गहन चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत और ब्राजील के संयुक्त प्रयास वैश्विक खाद्य सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने ब्राजील की कृषि में मशीनों के व्यापक उपयोग, विशेषकर कपास और सोयाबीन की कटाई की सराहना की और इन क्षेत्रों में सहयोग की आशा व्यक्त की। ब्राजील के चैंबर ऑफ कॉमर्स के अनुसार वर्तमान में भारत-ब्राजील कृषि व्यापार लगभग तीन अरब डॉलर का है।

## जज ने ट्रम्प प्रशासन को भारतीय छात्र को निर्वासित करने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक अदालत ने ट्रम्प प्रशासन को एक भारतीय स्नातक छात्र को निर्वासित करने से रोक दिया है, जिसका स्टूडेंट वीजा उसके स्नातक होने से कुछ ही हफ्ते पहले चार अप्रैल को रद्द कर दिया गया था। मैडिसन अदालत के डिस्ट्रिक्ट जज विलियम कॉनले ने कहा कि यूडब्ल्यू-मैडिसन के अंतर्राष्ट्रीय छात्र 21 वर्षीय कृष्ण लाल इस्सरदासानी का छात्र वीजा रद्द नही किया जा सकता और ट्रम्प प्रशासन उसके खिलाफ निर्वासन सहित कोई कानूनी कार्रवाई नही कर सकता। ट्रम्प प्रशासन द्वारा निर्वासन पर अस्थाई रोक लगाने का अनुरोध मैडिसन के वकील शबनम लोतफी द्वारा किया गया था।

साल बचाएं, डायरेक्ट करे, सीधे प्रवेश
CMS & ED
करें स्थानीय CMO के यहाँ रजिस्ट्रेशन करायें।
(एलोपैथिक मे सम्मानित चिकित्सक बने)
जो चिकित्सक सेवाएं दे रहे है वो भी मेडिकल कोर्स करें।
DPT, BPT, MPT, DMLT, BMLT
X-RAY Tech, Ultra Sound Technician
OT, Lab Tech, DNYS, BNYS YOGA
Dental Machenic, Dental Hygiene
BA, MA, BSc, MSc, B.Com, M.Com, BBA, MBA
BCA, MCA, B.Ed, BPEd, MPEd, LLB, BSW, MSWE
ANM, GNM, BSc Nursing & Many More Courses..
सम्पर्क करें।
डा0 सम्राट क्लीनिक
नावल्टी सिनेमा चौक, मुजफ्फरनगर
M.: 9412211108, 9359406499

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

झाईयाँ व दाग-धब्बों के लिए अचूक उपाय
असर केवल 7 दिनों में
गोरेपन की क्रीम
Fair Snow™
Cream & Soap For Men & Women
फेयर स्नो क्रीम व साबुन की विशेषताएँ
• चेहरे का सांवलापन • आँखों के काले घेरे
• काले रंग के निशान • झाँईयां या झुर्रियाँ
• चोट/जले का निशान • मुहाँसों के निशान
अधिक गोरापन पाने के लिए दिन में दो बार फेयर स्नो स्कब सोप व माश्चराईजर सोप से चेहरा वॉश करें व रात में क्रीम का प्रयोग करें।
Customer Care No. +91-9756686426

Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➢Russia
➢Georgia
➢Kazakistan
➢Kyragyzstan
➢Uzbekistan
➢Iran
➢Bangladesh
➢Nepal
➢China
➢Europe
➢Egypt
➢Armenia
➢U.K.
➢Canada
➢U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./MD
Since 2010
ABROAD ADMISSION, Guidance For India & Counselling
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTACNCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprice, Chahshreen B-21, Bijnor